आर.एन.आई. नं. HARBIL/2017/71370

वर्ष : 08, अंक : 82
कैथल (हरियाणा),
शुक्रवार, 19 अप्रैल 2024
मूल्य : 2 रूपया, पृष्ठ : 8

Postal No. KKR/183/2022-24

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# अटल हिन्द

हरियाणा,पंजाब, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

Publisher & Director: Raj K. Aggarwal | Email:- atalhindnews@gmail.com | ePaper- Website:www.atalhind.com | 9891096150/9802153000

## लोकसभा चुनाव 2024 प्रथम फेज का मतदान आज

### बिहार, एमपी, यूपी, छत्तीसगढ़, राजस्थान, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश में मतदान

नयी दिल्ली (एजेंसी) आम चुनाव के पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) में 102 संसदीय सीटों के लिए शुक्रवार सुबह सात बजे मतदान शुरू होगा। जिसके लिए चुनाव अधिकारी मतदान केन्द्रों पर पहुंचा दिये गये हैं।

पहले चरण में लोक सभा के साथ साथ अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम विधानसभा कुल 92 सीटों के लिए भी मतदान कराये जाएंगे। चुनाव आयोग ने निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए हैं और उम्रदराज और दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं।

लोक सभा के पहले चरण के चुनाव में 16.63 करोड़ मतदाता




केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी, किरेन रिजिजू, अर्जुन राम मेघवाल सहित कुल आठ केन्द्रीय मंत्रियों, दो पूर्व मुख्यमंत्रियों और एक पूर्व राज्यपाल 1605 प्रत्याशी के चुनावी भविष्य का फैसला करेंगे। आयोग की ओर से गुरुवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार मतदान कल सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान कराया जाएगा। आयोग के अनुसार संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों पर मतदान के समय अलग-अलग भी हो सकते हैं। इसके लिए सभी मतदान केन्द्रों पर चुनाव कराने वाली अधिकारियों की टीमें ईवीएम मशीनों के साथ पहुंचा दी गयी हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने आम चुनाव-2024 के पहले चरण के मतदान दिवस की पूर्व संध्या पर देश के 97 करोड़ मतदाताओं के नाम संदेश में कहा, आप अपना वोट डालें और 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' के उत्सव में भाग लें।

निर्वाचन आयोग ने चुनाव को सहभागिता के साथ स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तथा प्रलोभन मुक्त रखने और इसके लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। आयोग इन चुनावों के लिए पिछले दो वर्षों से तैयारी कर रहा है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त कुमार और निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और श्री सुखबीर सिंह संधू ने चुनाव की तैयारी को अंतिम रूप दिया। पहले चरण में मताधिकार प्राप्त 16.63 करोड़ मतदाताओं में 8.4 करोड़ पुरुष और 8.23 करोड़ महिला तथा 11,371 उभयलिंगी मतदाता हैं। पहली बार मतदान करने वाले 35.67 लाख मतदाताओं ने वोट डालने के लिए पंजीकृत किया है।

इसके अतिरिक्त 20-29 वर्ष आयु वर्ग के 3.51 करोड़ युवा मतदाता हैं। पहले चरण में भाग्य अजमाने के लिए 625 उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरे है, जिनमें से 1491 पुरुष और 134 महिला उम्मीदवार हैं। पहले चरण के संसदीय चुनाव में आठ केन्द्रीय मंत्रियों, दो पूर्व मुख्यमंत्रियों और एक पूर्व राज्यपाल का चुनावी भविष्य इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में दर्ज होना है। इनमें सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, नागपुर लोकसभा क्षेत्र से तीसरी बार जीतने का प्रयास कर रहे हैं। केन्द्रीय पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री किरेन रिजिजू अरुणाचल पश्चिम सीट पर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस उम्मीदवार नबाम तुकी के सामने हैं।

## लोगों पर एक इतिहास-एक भाषा थोपना चाहती है बीजेपी : राहुल गांधी

केरल/एजेंसी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी भारत के लोगों पर एक इतिहास, एक राष्ट्र और एक भाषा थोपना चाहती है और कांग्रेस इसी की रक्षा कर रही है। आज एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए राहुल ने पूछा कि कोई केरल या तमिलनाडु में कैसे आ सकता है और कह सकता है कि वहां एक भाषा होगी। उन्होंने कहा कि ईडी और सीबीआई को राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल करके भाजपा हमारे देश की प्रकृति को बदलने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस और यूडीएफ भारत की विविधता को स्वीकार करते हैं।

राहुल ने कहा कि हम अपने सभी लोगों की अनेक भाषाओं, परंपराओं और विभिन्न इतिहासों



को स्वीकार करते हैं। भाजपा लोगों पर एक इतिहास, एक राष्ट्र और एक भाषा थोपना चाहती है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले, यह एक बुनियादी ग़लतफ़हमी है कि भारत क्या है। आप केरल, तमिलनाडु या पश्चिम बंगाल के लोगों के पास कैसे आ सकते हैं और कह सकते हैं कि उनकी एक भाषा होने जा रही है। आप केरल के प्रत्येक नागरिक का अपमान कर रहे हैं। मलयालम सिर्फ एक सरल भाषा नहीं है; इसके अंदर केरल के लोगों का इतिहास, त्रासदी और खुशी छिपी हुई है। केरल की एक माँ अपने बच्चों को इस महान भूमि का इतिहास कैसे समझायेगी? वह इसे अंग्रेजी या हिंदी में कैसे कर सकती है?

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कांग्रेस इसी की रक्षा कर रही है। आगे राहुल गांधी ने फूलों का गुलदस्ता रखा और कहा कि भारत ऐसा दिखता है। उन्होंने कहा कि हर रंग अनोखा है, और हर फूल की एक अलग अभिव्यक्ति है। सोचिए अगर मैं कहूं कि यहां केवल सफेद फूल ही रहेंगे। पत्ते नहीं होंगे। भाजपा और आरएसएस यही करने की कोशिश कर रहे हैं। केरल, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और भारत में।

## चुनाव आयोग ईवीएम-वीवीपैट संबंधी आशंकाएं दूर करे:उच्चतम न्यायालय

नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने चुनाव में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से पड़े मतों के साथ वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) की पर्चियों के 100 फीसदी मिलान (गिनती) या फिर मतपत्रों से चुनाव कराने की पुरानी व्यवस्था लागू करने की मांग वाली याचिका पर गुरुवार को चुनाव आयोग से वर्तमान व्यवस्था में उम्मीदवारों के प्रतिनिधि के शामिल होने, छेड़छाड़ रोकने सहित तमाम चुनावी प्रक्रियाओं और कार्यप्रणालियों से संबंधित तमाम आशंकाओं को दूर करने को कहा।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की याचिका पर सुनवाई के दौरान उप चुनाव




आयुक्त नितेश व्यास से पूछा, आप हमें पूरी प्रक्रिया बताएं कि उम्मीदवारों के प्रतिनिधि कैसे शामिल होते हैं और छेड़छाड़ कैसे रोकी जाती है। शीर्ष अदालत ने कहा कि ईवीएम और वीवीपैट की चुनावी प्रक्रिया और कार्यप्रणाली से संबंधित कोई भी आशंका नहीं रहनी चाहिए।पीठ ने कहा, ÷हम चाहते हैं कि या तो आपको या किसी अन्य अधिकारी को अदालत कक्ष के अंदर या बाहर के लोगों की सभी आशंकाओं को दूर करना चाहिए... यह एक चुनावी प्रक्रिया है। इसमें पवित्रता होनी चाहिए। किसी को भी यह आशंका नहीं होनी चाहिए कि कुछ ऐसा किया जा रहा है, जिसकी अपेक्षा नहीं की जाती है। शीर्ष अदालत के समक्ष चुनाव अधिकारी ने ईवीएम, इसकी नियंत्रण इकाई, मतपत्र इकाई और वीवीपैट की प्रक्रिया को समझाया।शीर्ष अदालत ने यह भी जानना चाहा कि वीवीपैट और ईवीएम के बीच कोई विसंगति तो नहीं है? पीठ ने पूछा, %अगर किसी मतदाता को यह (वीवीपैट) पर्ची थमा दी जाए कि उसने अपना वोट डाल दिया है तो इसमें क्या नुकसान है?%इस पर चुनाव अधिकारी ने कहा कि इससे वोटों की गोपनीयता प्रभावित होने के साथ ही जानबूझकर शरारत की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। पीठ ने एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण के एक सवाल पर चुनाव आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह से इस आरोप की जांच करने को कहा कि केरल के कासरगोड जिले में मॉक पोल के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार को अतिरिक्त वोट

### चुनाव आयोग ने लोस चुनाव के चौथे चरण के लिए जारी की अधिसूचना

नई दिल्ली/हैदराबाद/एजेंसी। चुनाव आयोग (ईसीआई) ने गुरुवार को आम चुनाव के चौथे चरण के लिए अधिसूचना जारी कर दी और इसके साथ ही आज से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। ईसीआई ने सिकंदराबाद में छावनी विधानसभा क्षेत्र के लिए उप-चुनाव के साथ ही तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, जम्मू-कश्मीर सहित दस राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों में 96 लोकसभा सीटों के चुनाव के लिए अधिसूचना जारी की। तेलंगाना में, नामांकन गुरुवार को 11:00 बजे शुरू होंगे और 25 अप्रैल तक नामांकन पत्र स्वीकार किए जाएंगे। नामांकन की जांच 26 अप्रैल को होगी, शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों की सूची 29 अप्रैल को घोषित की जाएगी। मतदान 13 मई को होना है और परिणाम चार जून को घोषित किए जाएंगे। राज्य के 17 लोकसभा क्षेत्रों में से दो अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए और तीन अनुसूचित जाति (एससी) के लिए आरक्षित हैं। लोकसभा उम्मीदवारों के लिए नामांकन शुल्क 25 हजार रुपये है, जबकि विधान सभा उम्मीदवारों को 10 हजार रुपये का भुगतान करना होगा।

## संविधान बदलने और वोट का अधिकार छीनने के लिए बीजेपी मांग रहे 400 सीटें : आप

नयी दिल्ली(एजेंसी) आम आदमी पार्टी ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर के लिखे संविधान और जनता को मिले वोट के अधिकार को छीनने के लिए भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 400 सीटें मांग रहे हैं।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने आज कहा कि राजनीतिक दलों के नेताओं और देश की जनता के मन में लगातार यह बात मजबूत हो रही है कि 2024 का चुनाव अंतिम चुनाव है। अगर गलती से भी भाजपा की सरकार आ गई तो फिर ये लोग संविधान बदल देंगे, चुनाव और आरक्षण खत्म कर देंगे। किसानों, युवाओं और महिलाओं के अधिकार के छीन लेंगे। अब यह आशंका हर दिन और मजबूत होती जा रही है। इसके एक नहीं कई उदाहरण है जिससे लोगों में संविधान बदलने की धारणा और मजबूत कर रही है।

सिंह ने कहा कि देश के लोगों के लिए बाबा साहब अंबेडकर ने भारत का संविधान लिखा है लेकिन भाजपा के लिए आरएसएस के प्रमुख संविधान लिखते हैं। आरएसएस को देश के संविधान में आस्था नहीं है इसीलिए वह इसको बदलना चाहते हैं।

## मनीष सिसोदिया को नहीं मिली राहत, कोर्ट ने 26 अप्रैल तक बढ़ाई न्यायिक हिरासत

नई दिल्ली/एजेंसी। दिल्ली की एक अदालत ने कथित उत्पाद शुल्क नीति घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गुरुवार को आप नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 26 अप्रैल तक बढ़ा दी। सिसौदिया को उनकी पहले बढ़ाई गई न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष पेश किया गया था। सोमवार को कोर्ट ने कहा कि वह आप नेता की जमानत अर्जी पर 20 अप्रैल को सुनवाई जारी रखेगी। न्यायाधीश बवेजा ने सिसौदिया के वकील और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश वकील की दलीलें सुनी थीं। इससे पहले, ईडी ने सिसौदिया और अन्य आरोपी व्यक्तियों पर मामले की सुनवाई में देरी करने का आरोप लगाया था। सिसोदिया की जमानत याचिका उनके वकील मोहित माथुर



ने दायर की थी, जिसमें मामले की जांच पूरी करने में देरी का आरोप लगाया गया था, जिसमें दावा किया गया था कि उनके मुवक्किल को कथित रिश्वत के पैसे से जोड़ने का कोई सबूत नहीं मिला है। उन्होंने तर्क दिया था कि अपराध की कथित आय से सरकारी खजाने या निजी उपभोक्ताओं को कोई नुकसान होने की बात साबित नहीं हुई है। माथुर ने मुकदमे में देरी पर भी जोर दिया, उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का सिसौदिया को अदालत जाने की इजाजत देने वाला आदेश छह महीने पुराना है और जांच अब तक पूरी हो जानी चाहिए थी।

### भारत ने कर दिया एक और कमाल

## राडार को धोखा देने में माहिर स्वदेशी 'निर्भय' का सफल परीक्षण

नई दिल्ली/एजेंसी। लंबी दूरी की निर्भय क्रूज मिसाइल का गुरुवार को ओडिशा तट पर सफल परीक्षण किया गया। मिसाइल को स्वदेशी प्रौद्योगिकी क्रूज़ मिसाइल (आईटीसीएम) के रूप में भी जाना जाता है। ये एक स्वदेशी प्रणोदन प्रणाली और माणिक टर्बोफैन इंजन से लैस है। मिसाइल को बेंगलुरु स्थित डीआरडीओ प्रयोगशाला एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट (एडीई) द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है। परीक्षण रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा ओडिशा के तट पर चांदीपुर में एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) से आयोजित किया गया था। इस सफल उड़ान परीक्षण ने गैस टर्बाइन



अनुसंधान प्रतिष्ठान (जीटीआरई), बेंगलुरु द्वारा विकसित स्वदेशी प्रणोदन प्रणाली के विश्वसनीय प्रदर्शन को भी स्थापित किया।

परीक्षण के दौरान हथियार की सभी उप प्रणालियों ने उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन किया। मिसाइल के प्रदर्शन की निगरानी उड़ान पथ की पूरी कवरेज सुनिश्चित करने के लिए आईटीआर द्वारा विभिन्न स्थानों पर तैनात रडार, इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम (ईओटीएस) और टेलीमेट्री जैसे कई रेंज सेंसर द्वारा की गई थी। मिसाइल ने वेपॉइंट नेविगेशन का उपयोग करके वांछित पथ का अनुसरण किया और बहुत कम ऊंचाई वाली समुद्री-स्किमिंग उड़ान का प्रदर्शन किया।

## बिना हेराफेरी के चुनाव हों तो मोदी को झोला उठाकर जाना पड़ेगा : कांग्रेस

बिलासपुर (एजेंसी) कांग्रेस की तेजतर्रार नेता एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता ने सुप्रिया श्रीनेत ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा और कहा कि ईवीएम के जरिए बिना हेराफेरी के चुनाव हों तो उन्हें (मोदी) को झोला उठाकर जाना पड़ेगा। बिलासपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार देवेंद्र यादव की नामांकन रैली में शामिल होने पहुंची सुत्रीनेत ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वर्तमान में देश में सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी , महंगाई आर्थिक असमानता भ्रष्टाचार महिला सुरक्षा तथा किसानों और श्रमिकों के शोषण का है। इस मुद्दों पर प्रधानमंत्री अपना रिपोर्ट कार्ड नहीं दिखा रहे है। उन्होंने दावा किया कि अब की बार 400 पार का दंभ भर रही भाजपा का 180 पार होना मुश्किल है तथा आज की स्थिति में भाजपा 150-160 सीट में अटक गयी है। उन्होंने दोहराया कि ईवीएम के जरिए चुनाव में कोई हेराफेरी न हो तों मोदी को झोला उठाकर जाना ही होगा।

उन्होंने कहा कि मोदी ने नेहरू और विपक्ष को जितना कोसना था , कोस चुके लेकिन अब उन्हें देश के ज्वलंत मुद्दों पर जनता को जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा, हमारा देश युवाओं का देश है लेकिन न युवाओं की बात हो रही है और न ही उनके लिए रोजगार को लेकर सोचा जा रहा है। केंद्र विभागों में 30 लाख पद खाली है जिसे कांग्रेस की सरकार आने पर भरा जायेगा।÷ सेना को ठेके पर चलाने का काम होने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा, ÷हम अग्निवीर भर्ती खत्म करेंगे। पेपर लीक पर माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने नारी न्याय की अवधारण पर जोर देते हुए कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार आने पर 50 फीसदी सरकारी नौकरियां महिलाओं को दी जाये तथा गरीब महिलाओं को एक लाख रूपये सालाना दिया जायेगा।

## ग्रेटर नोएडा में 100 करोड़ रुपये का मादक पदार्थ जब्त, चार नाइजीरियाई नागरिक गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा/एजेंसी। ग्रेटर नोएडा में किराये के एक मकान से 25 किलोग्राम मादक पदार्थ 'मेथिलीन डाइऑक्सीफेनथाइलामाइन' (एमडीएमए) बरामद किये जाने के बाद चार नाइजीरियाई नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है।

अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जब्त किए गए एमडीएमए की कीमत काला बाजार में 100 करोड़ रुपये से ज्यादा है। इसे एक्टेसी या मॉली के नाम से भी जाना जाता है।

उन्होंने बताया, ग्रेटर नोएडा में किराये के एक मकाने में



अत्याधुनिक उपकरणों की मदद से एमडीएमए का उत्पादन करते हुए पकड़े जाने के बाद बुधवार रात को चार नाइजीरियाई नागरिकों को हिरासत में ले लिया गया। ग्रेटर नोएडा में 2023 से इस तरह का यह तीसरा मामला है, जब विदेशी नागरिकों को उनके किराये के मकानों में मादक पदार्थों का उत्पादन करते हुए पकड़ा गया है।

### मध्य अफीका गणराज्य में हमला, 14 लोगों की मौत, कई घायल: संरा

संयुक्त राष्ट्र, 18 अप्रैल (वार्ता) सशस्त्र विद्रोहियों ने मध्य अफ्रीका गणराज्य (सीएआर) में दक्षिणी मबोमौ प्रान्त के एक गांव में हमला कर 14 नागरिकों की हत्या कर दी। हमले में कई लोग घायल हुए हैं और विद्रोहियों ने घरों में आग लगा दी गयी। संयुक्त राष्ट्र के मानवतावादियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संरा कार्यालय (ओसीएचए) ने स्थानीय अधिकारियों का हवाला देते हुए कहा कि यूपीसी विद्रोही समूह के सदस्यों ने रविवार को बाकौमा शहर से लगभग 30 किलोमीटर दूर कोलोगोटा गांव पर हमला किया।

## मुख्यमंत्री ने यूपीएससी की परीक्षा में सफल हुए हरियाणा के अभ्यर्थियों से की टेलीफोन पर बात

अटल हिंद/योगेश गर्ग

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमत्री नायब सिंह ने हरियाणा राज्य से संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में सफल रहे अभ्यर्थियों से टेलीफोन पर बात की और उन्हें व उनके परिवारजनों को बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस परीक्षा में सफल रहे अभ्यार्थियों से कहा, आप पर हमें गर्व है और अपने करियर में गरीबों का जीवन स्तर उंचा उठाने पर फोकस रखे।÷ उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों से बातचीत करते हुए कहा कि आपने अपने प्रदेश व अपने परिवार का नाम रोशन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे आज हरियाणा राज्य के इन युवाओं



की सफलता पर बहुत ही गर्व महसूस कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने यूपीएससी की परीक्षा उतीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों से जनसेवा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का मंत्र देते हुए कहा कि आप अपनी प्रतिभा का इस्तेमाल ऐसी योजनाएं व कार्यक्रम बनाने के लिए करें जिससे देश व प्रदेश उन्नति की राह पर तेजी से आगे बढ़े। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि आप लोगों को जनसेवा में बिना किसी भेदभाव के पूरे प्रदेश व देश को एक परिवार के रूप में देखते व समझते हुए कार्य करना है ताकि समाज में खुशहाली आए। मुख्यमंत्री ने इन अभ्यर्थियों से कहा कि सिविल सर्वेंट को देश के 'स्टील फ्रेम' की संज्ञा दी गई है। 'स्टील फ्रेम' का काम सिर्फ आधार देना या सिर्फ चली आ रही व्यवस्थाओं को संभालना ही नहीं होता बल्कि स्टील फ्रेम का काम देश-प्रदेश को यह विश्वास भी दिलाना होता है कि बड़े से बड़ा संकट हो या फिर बड़े से बड़ा बदलाव, आप एक ताकत बनकर देश-प्रदेश को आगे बढाने में सहयोग करेंगें।

# लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर जिले में धारा 144 छह जून तक लागू रहेगी : जिलाधीश विक्रम सिंह

अटल हिंद/योगेश गर्ग



**फरीदाबाद, 18 अप्रैल।** जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि सीआरपीसी की धारा 144 के तहत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा 18 अप्रैल से 06.06.2024 तक की अवधि के लिए जिला की सीमा के भीतर किया जारी किया गया है। यह आदेश 06 जून 2024 तक प्रभावी रहेगा। जिलाधीश ने बताया कि आगामी लोकसभा आम चुनाव-2024 के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई है। इसी के मद्देनजर कई विध्वंसक ताकतें/कार्यकर्ता अपने भयावह मंसूबों के साथ सक्रिय होंगे। जो जिला के भीतर शांति को अस्थिर करने का प्रयास करेंगे और अनधिकृत रैलियों, धरनों के आयोजन की योजना बनाकर और अन्य आंदोलन के तरीकों का सहारा लेकर आदर्श आचार संहिता के दिशा निर्देशों/निर्देशों का उल्लंघन करने का प्रयास करेंगे। जबकि, पूरी आशंका है कि ऐसे समूह बाधा उत्पन्न करके परेशान करेंगे। जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा की कानूनी रूप से सार्वजनिक शांति और अमन-चैन को न भंग करना व दंगों और झगड़े के कारणों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। जिससे आगामी लोकसभा चुनावों में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। इसके लिए भारत के चुनाव आयोग द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता के निर्देशों/दिशानिर्देशों के उल्लंघन के लिए राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों और सभी व्यक्तियों द्वारा इन नियमों और शर्तों का पालन किया जाएगा। कोई भी पार्टी या उम्मीदवार या व्यक्ति ऐसी किसी भी गतिविधि में शामिल नहीं होगा जो मौजूदा मतभेदों को बढ़ा सकता है या आपसी नफरत पैदा कर सकता है या विभिन्न जातियों और समुदायों, धार्मिक या भाषाई लोगों के बीच तनाव पैदा कर सकता है। अन्य राजनीतिक दलों की आलोचना, जब की जाएगी, उनकी नीतियों और कार्यक्रम, पिछले रिकॉर्ड और काम तक ही सीमित रहेगी। पार्टियों और उम्मीदवारों को निजी जीवन के उन सभी पहलुओं की आलोचना से बचना चाहिए जो अन्य पार्टियों के नेताओं व कार्यकर्ताओं की गतिविधियों से जुड़े नहीं हैं। असत्यापित आरोपों या विरूपण के आधार पर अन्य दलों या उनके कार्यकर्ताओं की आलोचना से बचना चाहिए। वोट हासिल करने के लिए जाति या सांप्रदायिक भावनाओं की अपील नहीं की जाएगी। मस्जिद, चर्च, मंदिर या अन्य पूजा स्थलों का उपयोग चुनाव प्रचार के लिए मंच के रूप में नहीं किया जाएगा। सभी दलों और उम्मीदवारों को ईमानदारी से उन सभी गतिविधियों से बचना चाहिए जो भ्रष्ट आचरण और चुनाव कानून के तहत अपराध हैं, जैसे मतदाताओं को रिश्वत देना, मतदाताओं को डराना, मतदाताओं का प्रतिरूपण करना, मतदान केंद्रों के 100 मीटर के भीतर प्रचार करना, सार्वजनिक बैठकें आयोजित करना शामिल हैं।

# कांग्रेस ने गरीब का इस्तेमाल किया, कांग्रेस राज में गरीब और गरीब होता गया : नायब सिंह सैनी

अटल हिंद/योगेश गर्ग



फरीदाबाद, 18 अप्रैल। हरियाणा के मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने पृथला में कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस ने सत्ता के लिए हमेशा गरीबों का इस्तेमाल किया है। कांग्रेस को गरीब की परवाह ना पहले थी और ना ही अब है। कांग्रेस ने तो गरीब को और गरीब करने का ही काम किया है। उन्होंने कहा कि इंदिरा गाँधी ने 1970 में गरीबी हटाने का वादा किया, राहुल ने पिछली बार राजस्थान में गरीबी हटाने का झूठ बोला और और आज फिर गरीबी हटाने का झूठ बोल रहे हैं। 55-60 सालों के राज में कांग्रेस को कभी भी गरीब की परवाह नहीं थी, कांग्रेस ने सत्ता के लिए हमेशा गरीब का इस्तेमाल किया। श्री सैनी ने कहा कि मोदी को गरीब के हित की चिंता है, इसलिए मोदी जी गरीब के चेहरों पर मुस्कान लाने का कार्य कर रहे हैं। पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ लोगों को मजबूत कर गरीबी रेखा से बाहर किया है।

फरीदाबाद की पृथला विधानसभा में भाजपा उम्मीदवार केन्द्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर के समर्थन में विजय संकल्प रैली की संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पिछले 10 सालों में हरियाणा का ऐसा कोई कोना नहीं है, जहां विकास नहीं हुआ हो। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई जिला भी नहीं बचा जिसमें 4 लेन रोड लोगों के रास्तों को सुगम ना बनाती हो। उन्होंने कहा कि पहले दिल्ली से पृथला आने में चार-चार घंटे लग जाते थे, आज मात्र 20 मिनट में मैं खुद पृथला पहुंच गया, यह कमाल अगर हुआ है तो नरेंद्र मोदी और डबल इंजन की सरकार में हुआ है।

नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी पिछले दिनों 2 बार हरियाणा आये और उन्होंने ऐम्स और द्वारका एक्सप्रेस की 2 बड़ी सौगातें हरियाणा को दी। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने पिछले साल ही फरीदाबाद में माता आनंदमयी हॉस्पिटल का उद्घाटन भी किया था ताकि लोगों को उचित स्वास्थ्य सुविधा मिल सके और समय पर इलाज हो सके। श्री सैनी ने कहा कि 10 वर्षों में इतने काम हुए हैं कि गिनवाने लगे तो समय कम पड़ जाएगा। पीएम मोदी ने देश की समस्याओं का समाधान करते हुए धारा-370 हटाई। मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में राम लला भव्य और दिव्य मंदिर में विराजमान हुए।

कांग्रेस को निशाना पर लेते हुए सीएम सैनी ने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र झूठ का पुलिंदा है। कांग्रेस इस समय मोदी सरकार द्वारा किए गए विकास को देखकर बौखलाई हुई है।

# भाजपा के शासन में महिलाओं को किया गया सशक्त : नायब सैनी

अटल हिंद/योगेश गर्ग



**फरीदाबाद, 18 अप्रैल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा है कि एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा का विधायक नहीं होने के बावजूद पिछले 10 सालों में जबरदस्त विकास हुए हैं, डबल इंजन की सरकार ने सबका साथ सबका विकास के नारे को सार्थक करते हुए यहां विकास करवाने का काम किया है,जबकि यहां के विधायक को विकास की पड़ी ही नहीं थी। कांग्रेस की नीति अवैध कालोनियां पर अपना घर भरने की रही है,लेकिन मनोहर लाल की सरकार ने सभी कॉलोनियों को अधिकृत कर वहां पर बिजली, पानी, सीवर, सड़क बनाने का फैसला किया और इस फैसले का एनआईटी को काफी लाभ हुआ। फिर भी अगर कुछ समस्या रह गई है तो उसे 4 जून के बाद पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री आज यहां भाजपा उम्मीदवार कृष्ण पाल गुर्जर के समर्थन में विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस के लिए महिलाएं वोट बैंक से ज्यादा कुछ नहीं रही। उन्होंने महिलाओं का वोट लेकर महिलाओं का शोषण करने का काम किया। आज जो लोग राहुल गांधी के पास बैठते हैं,वह महिलाओं के प्रति गलत भाषा का प्रयोग करते हैं जबकि नरेंद्र मोदी की सरकार ने महिलाओं को सशक्त करने की दिशा में कदम उठाए। आज हमारी बेटियां सीमा पर देश की रक्षा करने का काम कर रही है और नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति वंदन बिल के माध्यम से महिलाओं को 33त्न आरक्षण विधानसभा और लोकसभा में देने का फैसला किया है। बिल पास हो चुका है और अगली योजना से यह लागू हो जाएगा।

नायब सैनी ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने गरीबों के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम किया है। अब गरीबों को अपने इलाज की चिंता नहीं सताती आयुष्मान कार्ड के माध्यम से 5 लाख रुपए का इलाज वह किसी भी बड़े अस्पताल में हर साल करवा सकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों का ही परिणाम है कि देश में 25 करोड लोग गरीबों की रेखा से बाहर निकालने में सफल हुए हैं। कोरोना कल को याद करते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने 8 महीने से भी कम समय में दो वैक्सीन तैयार करवाई और देश के लोगों को उसे फ्री में लगाने का काम किया। विपक्ष उसे समय भी लोगों को बरगलाने का काम करता था और इसे मोदी वैक्सीन बताकर इस बात का प्रचार करता था कि वैक्सीन लगवाने से उनकी मौत हो जाएगी। जबकि यह लोग खुद कमरे में जाकर वैक्सीन लगवाने का काम करते थे। इन लोगों ने अफवाहें फैला कर गरीब मजदूरों को सड़क पर आने पर मजबूर किया लेकिन नरेंद्र मोदी ने उन लोगों के लिए ट्रेन चलाकर उन्हें घर भेजने का काम किया। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि वह कांग्रेस को गालियां देने का काम करते थे लेकिन आज कांग्रेस के भ्रष्टाचार की प्लानिंग का हिस्सा बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने हर जिले में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की नीति बनाई और प्रदेश के 17 जिलों में मेडिकल कॉलेज या तो बन चुके हैं या बन रहे हैं और बाकी जिलों में भी जल्द ही मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जाएगी।

# मोदी जी एक्सपर्ट ड्राईवर, जनता उनके नेतृत्व में सुरक्षित : कृष्णपाल गुर्जर

अटल हिंद/योगेश गर्ग



**फरीदाबाद, 18 अप्रैल।** फरीदाबाद लोक सभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार तथा केंद्र सरकार में राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि जब से देश की बागडोर मोदी जी के हाथ में सौंपी है और मुझे संसद में भेजा है इन 10 सालों में देश में इनता विकास किया है कि देश और फरीदाबाद का नक्शा बदल गया है। 10 साल पहले फरीदाबाद में सड़कों की हालत खराब थी। 2014 के बाद मोदी जी, मनोहरलाल जी और नायब सिंह जी के आशीर्वाद से हमने नए-नए हाईवे बनाने का काम किया। मथुरा रोड को दिल्ली बॉर्डर से पलवल होडल तक जाम मुक्त करने का काम डबल इंजन की सरकार ने किया, पलवल में पुल बनवाया। भाजपा सरकार की उपलब्धियों को गिनवाते हुए श्री गुर्जर ने कहा कि दिल्ली फरीदाबाद वडोदरा मुंबई एक्सप्रेस वे का निर्माण करवाया। जेवर एयरपोर्ट तक जाने के लिए 1600 करोड़ की लागत से जेवर एक्सप्रेसवे बनाया जायेगा, उसकी पूरी प्लानिंग हो चुकी है। फरीदाबाद, नोएड़ा, गाजियाबाद हाईवे का काम चल रहा है। इसके बनने के बाद नोएड़ा 8 मिनट और गाजियाबाद 25 मिनट में पंहुच सकेंगे। उन्होंने कहा कि 262 करोड़ की लागत से फरीदाबाद रेलवे स्टेशन को एयरपोर्ट की तर्ज पर बनाया जा रहा है। 350 करोड़ की लागत से फाटक फ्री करेंगे। दुधौला में 1000 करोड़ की लागत से स्किल यूनिवर्सिटी बनाई, हर साल हमारे 15000 बच्चों को स्किल्ड किया जाता है।


गुर्जर ने कहा कि 24 घंटे लाइट देने का काम भाजपा की डबल इंजन सरकार ने किया। गरीब की चिंता करने की बात हो, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सदैव अग्रणी रहते हैं।

गरीब के लिए 4 करोड़ पक्के आवास, 11 करोड़ शौचालय, 11 करोड़ से ज्यादा उज्ज्वला योजना के माध्यम से बहनों को गैस सिलिंडर, आयुष्मान योजना से 5 लाख का निशुल्क मेडिकल बीमा, 80 करोड़ से ज्यादा कोगों को अनाज जैसे अनेक कल्याणकारी प्रयास, मोदी जी हर क्षेत्र में देश के गरीब नागरिकों को मजबूत करने का कार्य कर रहे हैं।

गुर्जर ने कहा कि 2014 से पहले देश की इकोनोमी 11 वें नंबर थी। मोदी को कांग्रेसी कहते थे चाय बेचने वाला, गरीब का बेटा। जनता ने उसी गरीब के बेटे को देश का प्रधानमंत्री बनाया। उसी गरीब के बेटे ने देश अर्थव्यवस्था को 5 वें स्थान पर पहुँचाया। तीसरे टर्म में मोदी जी अर्थव्यवस्था को तीसरे पायदान पर पहुंचाएंगे यह मोदी की गारंटी है। श्री गुर्जर ने कहा कि वह छह विधानसभाओं में रैली कर चुके हैं। हर जगह से एक ही आवाज आ रही है कि इस बार कृष्णपाल गुर्जर 10 लाख से ज्यादा वोटों से जीतेंगे। उन्होंने फरीदाबाद की जनता से अपील करते हुए कहा कि 25 मई को हर एक वोट कमल पर डालकर मोदी को मजबूत करने का कार्य करना है।

## दैनिक पंचांग

**19 अप्रैल 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | मेष | 05.19 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | वृष | 07.03 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | मिथुन | 09.01 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 11.15 बजे से |
| गुरु | मेष में | सिंह | 13.31 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कन्या | 15.43 बजे से |
| शनि | कुंभ में | तुला | 17.53 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 20.08 ब.से |
| केतु | कन्या में | धनु | 22.24 बजे से |
| राहुकाल | 10.30 से 12.00 बजे तक | मकर | 00.29 बजे से |
| | | कुंभ | 02.16 बजे से |
| | | मीन | 03.49 बजे से |

**शुक्रवार** 2024 वर्ष का 110 वां दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** एकादशी 20.05 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** मघा 10.57 बजे को समाप्त।
**योग** वृद्धि 01.45 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** वणिज 06.48 बजे तदनन्तर विष्टि 20.05 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 10.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 11° 16'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871954
**जूलियन दिन** 2460419.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** सव्वाल
**तारीख** 09
**विशेष** कामदा एकादशी।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## आज का राशिफल

| | | |
|---|---|---|
| मेष राशि :- कुछ विद्युत कार्य करेगा, कुटुम्ब में घोर अशांति बनेगी, कार्य बना लें। | वृष राशि :- स्त्री वर्ग से चिन्ता, तनाव, क्लेश तथा मानसिक उद्विघ्नता अवश्य ही बनेगी, ध्यान दें। | मिथुन राशि :- तनाव, क्लेश व अशांति, मानसिक विभ्रम तथा अनावश्यक उद्विघ्नता बनेगी। |
| कर्क राशि :- भाग्य का सितारा साथ देगा, बिगड़े कार्य अवश्य ही बन जायेंगे, योजना बनेगी। | सिंह राशि :- आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा तथा कार्य में सुधार अवश्य ही होगा। | कन्या राशि :- क्लेश व अशांति, कार्य-व्यवसाय में बाधा अवश्य होगी, भ्रमण होगा। |
| तुला राशि :- मानसिक उद्विघ्नता, स्वास्थ्य नरम रहेगा, धन का व्यर्थ व्यय होगा। | वृश्चिक राशि :- तनाव, क्लशे व अशांति, मानसिक बेचैनी, धन का व्यर्थ व्यय होगा। | धनु राशि :- चिन्तायें कम हों, इष्ट मित्र सुख वर्धक होंगे, तनाव, क्लेश व अशांति अवश्य बनेगी। |
| मकर राशि :- धन कष्ट, व्यय, चोटादि की संभावना, सतर्कता बरतें, समय का ध्यान रखें। | कुंभ राशि :- कार्य-कुशलता से संतोष एवं समृद्धि के योग अवश्य ही बनेंगे, ध्यान दें। | मीन राशि :- भाग्य का सितारा मंद रहे, तनाव, क्लेश व अशांति होगी, ध्यान दें। |

# महिला थाना बल्लबगढ़ की टीम ने साइबर क्राइम, महिला सुरक्षा और डायल 112 के संबंध में गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल बल्लभगढ़ कि छात्राओं व अध्यापकगणों को किया जागरूक

अटल हिंद संवाददाता



**फरीदाबाद, 18 अप्रैल।** पुलिस कमिश्नर फरीदाबाद राकेश कुमार आर्य के आदेश और मार्गदर्शन में फरीदाबाद पुलिस के द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में डीसीपी बल्लबगढ़ अनिल कुमार के निर्देश अनुसार बल्लभगढ़ महिला थाना प्रबंधक इंस्पेक्टर पूनम और उनकी पुलिस टीम ने गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल बल्लभगढ़ में अध्यापक गण और छात्राओं को महिला सुरक्षा, साइबर क्राइम, नशे से बचने और डायल 112 एप के बारे में बतलाया। वर्तमान समय में बढ़ रहे साइबर अपराधों के बारे में जानकारी दी गई तथा बचाव के संबंध में किसी को भी अपनी बैंक डिटेल,ओटीपी शेयर न करने, अज्ञात फर्जी नंबरों से आने वाले फोन कॉल से सावधान रहने की अपील की गई।यह भी बताया कि एक महिला कैसे फोन पर आने वाली कॉल्स और मैसेज के झांसे में आने से बचें. अगर हर व्यक्ति अनजान कॉल और मैसेज से बचने लगे तो साइबर अपराध पर अंकुश लग जाएगा। साइबर ठगी के मामले में 1930 पर संपर्क करें महिला बल्लभगढ़ थाना प्रबंधक निरीक्षक पूनम ने बताया कि प्रशासन के साथ हम महिलाओं को भी आगे आना चाहिए व अपराध व अपराधियों से सजग रहना, अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए।महिला सुरक्षा व उनके अधिकारों के लिए पुलिस प्रशासन ने कड़े सुरक्षा प्रबंध किए हैं। साथ ही आत्म रक्षा के लिए उठाए जाने वाले तरीकों के बारे में भी बताया। उन्होंने किसी भी परिस्थिति में महिलाओं को अपने हौसले को डिगने न देने की सलाह दी। उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक भी किया। उन्होंने महिला हेल्पलाइन नंबर को कंठस्थ करने तथा अपने पास सुरक्षित रखने का आह्वान किया।

# जल्द से जल्द करे शेष बचे विभागो में नोडल अधिकारियों को नियुक्ति: नगराधीश अंकित कुमार

अटल हिंद/योगेश गर्ग



**फरीदाबाद, 18 अप्रैल।** लोक सभा निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह के दिशा-निर्देश पर भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार नगराधीश अंकित कुमार की अध्यक्षता में आज वीरवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में विभिन्न विभागों के जिला नोडल अधिकारियों की चुनाव में अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा मतदान पर्व के भागीदार बनाने के लिए बैठक आयोजित की गई। नगराधीश अंकित कुमार ने कहा कि बैठक में उपस्थित सभी जिला नोडल अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाना है। 2024 लोक सभा चुनावों को सबके आपसी सहयोग से सफल बना कर जिला की अच्छी और बेहतर छवि बनानी है।

# वायरल हेपेटाइटिस भारत में एक सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है जिस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है : विषेशज्ञों

अटल हिंद संवाददाता



**फरीदाबाद, 18 अप्रैल।** वायरल हेपेटाइटिस के मामलों में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर है। हेपेटाइटिस ए और ई बीमारी के एक्यूट रूप का कारण बनते हैं, जबकि हेपेटाइटिस बी और सी सिरोसिस और यहां तक ??कि लिवर कैंसर सहित लंबे समय में लिवर रोग का कारण बनते हैं। विश्व लिवर दिवस (19 अप्रैल) से पहले, अमृता अस्पताल फरीदाबाद के गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट ने कहा, हेपेटाइटिस बी संक्रमण अकेले भारत में सभी पुरानी लिवर बीमारियों में से एक तिहाई और 50त्न से अधिक सभी लिवर कैंसर रोगियों के लिए जिम्मेदार है। भारत में अधिकांश एक्यूट लिवर फेलियर का कारण हेपेटाइटिस ए है। हेपेटाइटिस ए, बी और ई हेपेटाइटिस के कई रूपों में से हैं, जो सूजन संबंधी लिवर की बीमारियों का एक समूह है। हेपेटाइटिस ए और ई आम तौर पर खराब भोजन और पानी के माध्यम से बच्चों और वयस्कों को प्रभावित करते हैं, जिसके कारण तेजी से लिवर पर सूजन आती है, जबकि हेपेटाइटिस बी ज्यादातर वयस्कों को प्रभावित करता है और इसकी दीर्घकालिकता और लिवर कैंसर से जुड़े होने के कारण यह सार्वजनिक स्वास्थ्य पर एक महत्वपूर्ण बोझ डालता है। हेपेटाइटिस ए (एचएवी) मुख्य रूप से 19 वर्ष से कम उम्र के लोगों को प्रभावित करता है, जबकि हेपेटाइटिस ई (एचईवी) 20 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में अधिक आम है।

एचएवी से संबंधित क्लिनिकल रोग बच्चों में कम है, जबकि अतिसंवेदनशील किशोरों और वयस्कों में संक्रमण और बीमारी का खतरा अधिक होता है। एचईवी के विपरीत, एचएवी पुनरावर्तन का कारण भी बन सकता है।

## एक नजर

### स्नेचिंग के मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार

**अटल हिंद संवाददाता/फरीदाबाद, 18 अप्रैल।** पुलिस उपायुक्त अपराध हेमेन्द्र कुमार मीणा के द्वारा अपराधिक गतिविधियो में शामिल आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देशानुसार कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा सेक्टर-48 प्रभारी हिमांशु की टीम ने स्नेचिंग के मुकदमे में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में रामू तथा मुकेश का नाम शामिल है। दोनों आरोपी दिल्ली के फतेहपुर बेरी में रह रहे थे। आरोपी मुकेश गुड़गांव में सैलून तथा आरोपी रामू द्वारका में फर्नीचर की दुकान पर कार्य करता है। 3 महीने पहले आरोपियों ने मोटरसाइकिल पर सवार होकर मोबाइल फोन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम दिया था जिसका मुकदमा एसजीएम नगर थाने में दर्ज है। क्राइम ब्रांच की टीम ने मामले में गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को वारदात में प्रयोग मोटरसाइकिल सहित तीन नंबर पुलिया एनआईटी से गिरफ्तार किया था। आरोपियों के कब्जे से मौके से स्नेचिंग किया हुआ मोबाइल फोन भी बरामद किया गया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी नशा करने के आदी हैं और गांजे का नशा करते हैं। पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपियों को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

### सेक्टर 58 थाने की टीम ने 8 साल से चोरी के मुकदमे में फरार चल रहे आरोपी पीओ को किया गिरफ्तार

**अटल हिंद संवाददाता/फरीदाबाद, 18 अप्रैल।** फरीदाबाद डीसीपी एनआईटी कुलदीप सिंह के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए सेक्टर 58 थाना प्रभारी अनूप सिंह की टीम ने 8 साल से चोरी के मुकदमे में फरार चल रहे हैं आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम विकास है जो उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर का रहने वाला है। वर्ष 2016 में सेक्टर 58 थाने में चोरी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए फरार चल रहा था। पुलिस द्वारा आरोपी की तलाश की जा रही थी लेकिन आरोपी पुलिस से बचने के लिए ठिकाने और पहचान बदल बदल कर रह रहा था। इस मामले में आरोपी को अदालत द्वारा पियो घोषित किया गया था।पुलिस टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को बुलंदशहर से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस पूछताछ के पश्चात आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

### क्राइम ब्रांच बॉर्डर की टीम ने 6 पेटी अवैध देशी शराब सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**अटल हिंद संवाददाता/फरीदाबाद, 18 अप्रैल।** पुलिस उपायुक्त अपराध हेमेन्द्र कुमार मीणा के द्वारा अपराधिक गतिविधियो में शामिल आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देशानुसार कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा सेक्टर-बॉर्डर प्रभारी जितेंद्र की टीम ने अवैध शराब की तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम इलियास है जो बिहार के छपरा का रहने वाला है और फिलहाल फरीदाबाद के नगला गुजरान में रह रहा था। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर आरोपी को अवैध शराब बेचते हुए मुजेसर एरिया से काबू किया था। आरोपी के कब्जे से 300 पव्वे देसी शराब के बरामद किए गए।

# फसल उठान के कार्य को गति दे ट्रांसपोर्टर : अनुराग रस्तोगी

## ट्रांसपोर्टर को अतिरिक्त वाहनों की व्यवस्था करने के दिए निर्देश

अटल हिंद/फतह सिंह उजाला



जाटोली मंडी 18 अप्रैल। हरियाणा के वित्त एवं योजना विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं जिला के प्रशासकीय अधिकारी अनुराग रस्तोगी ने कहा कि गेहूं के सीजन में सभी मंडियों में फसल खरीद का कार्य सुचारु रुप से चल रहा है। मंडियों में व्यापारियों और किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जा रहा है। इतना ही नहीं फसल की राशि का भुगतान भी नियमानुसार कर दिया जाएगा। अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी वीरवार को पटौदी-जाटौली व फर्रुखनगर अनाज मंडी का औचक निरीक्षण करने के उपरांत अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। इस दौरान एसीएस अनुराग रस्तोगी के आगमन पर डीसी निशांत कुमार यादव ने उनका स्वागत किया व निरीक्षण दौरे में मंडियों में गेहूं व सरसों की फसल की आवक व उठान संबंधी विस्तृत जानकारी से उन्हें अवगत कराया।

### 10 अतिरिक्त वाहनों की व्यवस्था के निर्देश

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने निरीक्षण दौरे में मंडी में मौजूद किसानों से वहां दी जा रही सेवाओं व सुविधाओं का फीडबैक लेकर व्यापारियों से भी खरीद कार्य, उठान कार्य के बारे में बातचीत कर, खरीद कार्यों में ओर सुधार लाने के लिए किसानों, व्यापारियों और अधिकारियों से सुझाव भी लिए। इस दौरान मार्किट कमेटी के अधिकारियों व आढतियों ने एसीएस के समक्ष फसल उठान में ट्रांसपोर्टर की ओर से की जा रही देरी का विषय भी रखा। जिस पर अतिरिक्त मुख्य सचिव ने संबंधित ट्रांसपोर्टर को फसल उठान के लिए 10 अतिरिक्त वाहनों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। निरीक्षण दौरे में यह विषय भी आया कि सिवाड़ी स्थित हरियाणा वेयर हाउस के गोदाम में पांच अनलोडिंग पॉइंट है जोकि पर्याप्त नही है। इस पर अतिरिक्त मुख्य सचिव ने हरियाणा वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन के अधिकारियों को सिवाड़ी में दो अन्य पॉइंट्स की व्यवस्था गुरूग्राम जिला के लिए करने के निर्देश दिए।

### फसल को फाजिलपुर में स्थित गोदाम में भेजें

इसी प्रकार फर्रुखनगर से उठान किए जाने वाली फसल को फाजिलपुर में स्थित गोदाम में भेजने के निर्देश दिए।

# एंटी नारकोटिक सेल द्वारा गुहला से नशा तस्कर काबू, 204 ग्राम अफीम बरामद

अटल हिंद संवाददाता

कैथल, 18 अप्रैल। एक तरफ जहां पर एसपी उपासना के आदेशानुसार जिला पुलिस द्वारा नशा ना करने बारे आमजन को जागरूक किया जा रहा है, वहीं पर पुलिस द्वारा नशा तस्करों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। इसी मुहिम तहत एंटी नारकोटिक सेल द्वारा गुहला क्षेत्र से एक नशा तस्कर को 204 ग्राम अफीम सहित काबू कर लिया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी एसआई बलराज सिंह की अगुवाई में एसआई जोगिंद्र सिंह की टीम शाम के समय गुहला क्षेत्र में मौजूद थी। सहयोगी सुत्रो से पुलिस को



एक गुप्त जानकारी मिली कि खत्री मोहल्ला गुहला निवासी बलबीर सिंह काफी समय से अपनी स्कुटी में अफीम रखकर आस पास के क्षेत्र में बेचने का काम करता हैं। अगर तुरंत उसके घर पर रेड की जाए तो आरोपी को अफीम सहित काबु किया जा सकता है। सूचना विश्वसनीय होने कारण पुलिस टीम द्वारा मुस्तैदी का परिचय देते हुए खत्री मोहल्ला गुहला निवासी बलबीर सिंह के मकान पर दबिश देकर संदिग्ध बलबीर सिंह को काबू कर लिया गया। पुलिस सुचना उपरांत मौके पर पहुंचे ईटीओ कैथल दीपक के समक्ष नियमानुसार ली गई तलाशी दौरान आरोपी के कब्जे में पॉलीथिन से 204 ग्राम अफीम बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ थाना गुहला में मामला दर्ज करके मौके पर पहुंचे एएसआई अमित कुमार द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी वीरवार को अदालत में पेश किया जाएगा, जिससे पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है।

# एक नजर

## ओबीसी वर्ग हरियाणा में 10 की 10 सीटो पर भाजपा को विजय दिलवायेगा



**अटल हिंद संवाददाता/कुरुक्षेत्र 18 अप्रैल।** कुरुक्षेत्र में आयोजित भाजपा ओबीसी मोर्चा की एक विशेष बैठक ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष फूल सिंह पाल के नेतृत्व में आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न संगठनात्मक विषयों को लेकर चर्चा हुई। इस बैठक में भाजपा ओबीसी मोर्चा हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष कर्ण देव कंबोज मुख्य रुप से उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष कर्ण देव कंबोज ने कहा भाजपा ओबीसी मोर्चा आगामी लोकसभा चुनावों में बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभायेगा उन्होंने कहा ओबीसी वर्ग हमेशा भाजपा से जुड़ा रहा है और आगामी लोकसभा चुनाव में ओबीसी वर्ग हरियाणा में 10 की 10 सीटों पर भाजपा को रिकॉर्ड तोड़ मतों से विजय दिलवायेगा क्योकि ओबीसी वर्ग भाजपा राज में अपने आपको सुरक्षित महसूस करता है । इस मौके पर मेयर यमुनानगर मदन चौहान, मेयर पानीपत अवनीत कौर, प्रदेश महामंत्री ओबीसी मोर्चा देवेंद्र पांचाल, प्रदेश उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा नरेश सैन, रमेश पाल नोनी, प्रदेश सचिव ओबीसी मोर्चा कर्म सिंह, जिलाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा पंचकूला सुनील धीमान, जिला अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा अम्बाला सतीश धीमान, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओबीसी मोर्चा अमरजीत डांगी, प्रदेश सोशल मीडिया सह -प्रमुख कुलदीप बडोला, प्रदेश सह -मीडिया प्रभारी ओबीसी मोर्चा हरियाणा राकेश गौतम आदि कार्यकर्ता पर उपस्थित रहे।

## नशीला पदार्थ रखने का आरोपी गिरफ्तार, 15 ग्राम स्मैकबरामद।

**अटल हिंद संवाददाता/कुरुक्षेत्र 18 अप्रैल।** जिला पुलिस कुरुक्षेत्र ने नशीला पदार्थ रखने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने नशीला पदार्थ रखने के आरोप में संजय कुमार उर्फ़ काला पुत्र ओम प्रकाश वासी गांधी नगर कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करके उसके कब्जा से 15 ग्राम स्मैक बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कल बुधवार पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि सजंय कुमार उर्फ काला पुत्र ओम प्रकाश वासी गांधी नगर कुरूक्षेत्र स्मैक बेचने का काम करता है। जो आज भी अपने घर से स्मैक लेकर बेचने के लिए जायेगा। पुलिस टीम ने जनता स्कूल गांधी नगर के पास नाकाबन्दी करके नगरानी शुरू कर दी। थोडी देर बाद गांधी नगर के तरफसे एक लड़का पैदल आता हुआ दिखाई दिया जो पुलिस टीमको देखकर एकदम वापिस मुडकर भागने की कोशिश करने लगा। जिसको पुलिस टीम ने काबू करके उसका नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम संजय कुमार उर्फ़ काला पुत्र ओम प्रकाश वासी गांधी नगर कुरुक्षेत्र बताया। पुलिस टीम द्वारा राजपत्रित अधिकारी अशोक कुमार उपपुलिस अधीक्षक मुख्यालय कुरुक्षेत्र के सामने उक्त व्यक्ति की तलाशी लेने पर उसके कब्जा से 15 ग्राम स्मैक बरामद हुई । आरोपी के खिलाफ थाना कृष्णा गेट में नशीला पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके अपराध अन्वेषण शाखा-1 के सहायक उप निरीक्षक सतविन्द्र सिंह ने आरोपी संजय कुमा रउर्फ़ काला को गिरफ्तार कर लिया।

## जयराम संस्थाओं में श्री हनुमान जयंती का होगा आयोजन

**अटल हिंद संवाददाता/कुरुक्षेत्र 18 अप्रैल।** देश के विभिन्न राज्यों में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से भगवान श्री राम के परम भक्त वीर हनुमान के जन्मोत्सव पर 23 अप्रैल को कुरुक्षेत्र स्थित श्री जयराम विद्यापीठ सहित सभी जयराम संस्थाओं में श्री हनुमान जयंती के अवसर पर विशेष पूजन होगा। कुरुक्षेत्र में जयराम संस्थाओं के मीडिया प्रभारी राजेश सिंगला ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री हनुमान जयंती के अवसर पर विश्व शांति एवं सर्व कल्याण की कामना से जयराम संस्थाओं में पूजन के कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

## सबका साथ सबका विकास के दावे पर खरी उतरी भाजपा सरकार : आजाद सिंह

**अटल हिंद संवाददाता/तरावड़ी, 18 अप्रैल।** हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के वाइस चेयरमैन आजाद सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने बुलंदिया छूई हैं। भारत देश लगातार आयाम छू रहा है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों में भाजपा के प्रत्याशियों की रिकार्डतोड़ जीत होगी और 400 पार का नारा भी बुंलद होगा। हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के वाइस चेयरमैन आजाद सिंह तरावड़ी के वार्ड नंबर 5 और 6 में आयोजित एक बैठक में संबोधित कर रहे थे। इस दौरान शहर के गणमान्य लोगों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं वार्डवासियों ने उनका फूल-मालाओं से स्वागत किया।

# दीप्ति रोहिल्ला ने यूपीएससी में 39वां रैंक हासिल किया

## रोहिल्ला टांक समाज की ओर से फूलचंद वर्मा, महताब सिंह ने दी बधाई

**व्यापार प्रकोष्ठ भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने भी दी शुभकामनाएं**

अटल हिंद संवाददाता



गुरुग्राम। यूपीएससी की परीक्षा में 39वां रैंक हासिल करने वाली दीप्ति रोहिल्ला पुत्री अंजू रोहिल्ला एवं कमल सिंह रोहिल्ला को रोहिल्ला टांक क्षत्रिय सभा गुरुग्राम के फूलचंद वर्मा व उपप्रधान महताब सिंह रोहिल्ला ने घर पहुंचकर शुभकामनाएं दीं।

वर्तमान में मारुति कुंज गुरुग्राम में रह रहे कमल सिंह रोहिल्ला मूलरूप से दिल्ली के टीकरी कलां गांव के रहने वाले हैं। मारुति उद्योग में सीनियर इंजीनियर कमल सिंह ने बेटी दीप्ति रोहिल्ला को अच्छी शिक्षा दिलाकर यूपीएससी की तैयारी कराई और दीप्ति ने अपना टैलेंट दिखाते हुए ऑल इंडिया 39वां रैंक हासिल किया है। फूलचंद वर्मा व महताब सिंह रोहिल्ला ने दीप्ति रोहिल्ला को घर पहुंचकर बुके देकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि बेटियों को समाज में आगे बढ़ाने के लिए अच्छी शिक्षा बहुत जरूरी है। हर समाज में बेटियों को शिक्षित किया जाना बहुत जरूरी है। क्योंकि हमारी बेटियों ने हमारा नाम रोशन किया है। उन्होंने पूरे रोहिल्ला टांक समाज की ओर से दीप्ति एवं उसके माता-पिता को हार्दिक बधाई दी। दीपित के उज्जवल भविष्य की कामना की। व्यापार प्रकोष्ठ हरियाणा के प्रदेश संयोजक नवीन गोयल ने भी दीप्ति रोहिल्ला को यूपीएसपी में 39वां स्थान मिलने पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हमारी बेटियां प्रतिभावान हैं, यह यूपीएससी के परिणाम में फिर से साबित हो गया। उन्होंने समाज के हर वर्ग से आह्वान किया कि बेटियों को अच्छी शिक्षा देकर आगे बढ़ाने में अपना योगदान दें।

# 4500 रुपए रिश्वत लेता सहायक सब इंस्पेक्टर विजीलैंस ब्यूरो द्वारा काबू

अटल हिंद संवाददाता



चंडीगढ़, 18 अप्रैल। पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने राज्य में भ्रष्टाचार विरुद्ध चलाई जा रही मुहिम के अंतर्गत बुधवार को पुलिस थाना बस्ती जोधेवाल, कमिशनरेट लुधियाना में तैनात सहायक सब इंस्पेक्टर ( ए. एस. आई.) गुरप्रीत सिंह को 4500 रुपए रिश्वत लेने के दोष अधीन रंगे हाथों काबू किया।

इस संबंधी जानकारी देते हुए स्टेट विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि उक्त मुलाज़ीम को विजय कुमार निवासी काकोवाल रोड, लुधियाना की तरफ से दर्ज करवाई गई शिकायत के आधार पर गिरफ़्तार किया गया है।

प्रवक्ता ने आगे बताया कि शिकायतकर्ता ने विजीलैंस ब्यूरो के पास पहुँच करके दोष लगाया है कि उसकी तरफ से थानो में दर्ज करवाए पुलिस केस संबंधी अदालत में चालान पेश करने के बदले उक्त ए. एस. आई. ने और 4500 रुपए रिश्वत की माँग की है। प्रवक्ता ने आगे बताया कि उक्त मुलजिम पहले भी किश्तों के रूप में उससे 20, 500 रुपए की रिश्वत ले चुका है और बाकी 4500 रुपए की और माँग कर रहा है। प्रवक्ता ने बताया कि प्राथमिक जांच के बाद विजीलैंस ब्यूरो की टीम ने उक्त पुलिस मुलाज़ीम को दो सरकारी गवाहों की हाज़िरी में शिकायतकर्ता से 4500 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों काबू कर लिया।

प्रवक्ता ने बताया कि इस सम्बन्ध में विजीलैंस ब्यूरो के थाना लुधियाना रेंज में पुलिस अधिकारी के विरुद्ध भ्रष्टाचार रोकथाम कानून के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि मुलजिमों को कल अदालत में पेश किया जायेगा और इस मामलो की आगे की जांच जारी है।

# कुरुक्षेत्र के चुनावी रण में लोकल उम्मीदवार को उतारेगी जननायक जनता पार्टी : दिग्विजय चौटाला

अटल हिंद संवाददाता

कुरुक्षेत्र 18 अप्रैल। जननायक जनता पार्टी के शहरी जिला अध्यक्ष एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी योगेश शर्मा के कार्यालय पहुंचे जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि कुरुक्षेत्र के चुनावी रण में जजपा लोकल उम्मीदवार को उतारेगी। उन्होंने कहा कि यह कुरुक्षेत्र का दुर्भाग्य रहा है कि अब तक यहां से ज्यादातर बाहरी प्रत्याशी ही सांसद बनते आए हैं। जो चुनाव जीतकर 5 साल तक जनता के बीच से गायब रहते हैं। उन्होंने कहा कि इसलिए जननायक जनता पार्टी स्थानीय जिताऊ उम्मीदवार को ही चुनाव मैदान में उतारेगी ताकि वह चुनाव जीतकर जनता के बीच में रहकर जनता की सेवा कर सके। योगेश शर्मा के कार्यालय पहुंचने पर दिग्विजय सिंह चौटाला का पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने अभय सिंह चौटाला की भाषा शैली पर तंज कसते हुए कहा कि जननायक देवीलाल जी की सोच के विपरीत राजनीति करनी शुरू करती है। देवीलाल जी कहा करते थे कि मेरी कोई जाति नहीं है, मैं कमेरा हूं मेरी लड़ाई लुटेरों से हैं। वहीं अभय सिंह चौटाला ने कुरुक्षेत्र के चुनावी मैदान में जाट और बनिए की लड़ाई बताकर जाति पाती की राजनीति करने की कोशिश की है इसलिए वह राजनीति में शून्य हो गए हैं। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र सीट पर अभय सिंह चौटाला की जमानत जब्त होगी। इस मौके पर जजपा जिलाध्यक्ष कुलदीप जखवाला, जसविंदर खैहरा, जसबीर पंजेटा, देवेंद्र राणा, सूर्यांश शर्मा, वीरेंद्र, रिकी नंदा, हेमंत परुथी, अनिल ढुल, संजीव गांधी ज्योतिसर, महिंदर मलिक आदि भी मौजूद थे।

# मां दुर्गा की प्रतिमा की विधि विधान से हुई प्राण प्रतिष्ठा

**साथ में भैरू बाबा और ब्रह्मलीन स्वामी प्रेमानंद के चरण भी प्रतिष्ठित**

**प्रतिष्ठा से पहले देव प्रतिमाओं की कराई गई नगर परिक्रमा**

**नगर परिक्रमा के दौरान माता के भजनों पर जी भर नाची महिलाएं**

अटल हिंद/फतह सिंह उजाला



हेलीमंडी 18 अप्रैल । पटौदी विधानसभा क्षेत्र की सबसे पुरानी शिक्षण संस्था मुंशीलाल आनंद विद्यालय जाटोली परिसर में गुरुवार को मां दुर्गा की प्रतिमा की विधि विधान के साथ में प्राण प्रतिष्ठा की गई । इसी मौके पर भैरू बाबा और शिक्षण संस्थान के आदि संस्थापक ब्रह्मलीन स्वामी प्रेमानंद महाराज के चरण भी मंत्र उच्चारण के बीच विधि विधान से प्रतिष्ठित किए गए। गुरुवार को देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा से पहले देव प्रतिमा की नगर परिक्रमा कराई गई । नगर परिक्रमा के दौरान कलशधारी महिलाएं अपने-अपने हाथों में मां दुर्गा की छवि वाले ध्वज लेकर चलती रही । मां दुर्गा की और भैरू बाबा सहित ब्रह्मलीन स्वामी प्रेमानंद महाराज के चरण की नगर परिक्रमा हेली मंडी और टोडापुर के विभिन्न बाजार और मोहल्ले से होते हुए शिक्षण संस्थान में ही संपन्न हुई। इस दौरान मां दुर्गा और माता रानी के करण प्रिय भजनों की धुन पर कलश यात्रा और नगर परिक्रमा के दौरान उपस्थित श्रद्धालु महिलाएं भक्ति भाव के साथ नाचते हुए चलती रही । देव प्रतिमाओं की नगर परिक्रमा का मुख्य आकर्षण भव्य तरीके से माता दुर्गा रानी की प्रतिमा को वाहन पर स्थान उपलब्ध करवाते हुए श्रद्धालुओं के द्वारा माता रानी के जयकारे लगाना रहा।इस दौरान रास्ते में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं के द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष श्रद्धा भाव से नमन करते हुए आशीर्वाद लिया गया । इस मौके पर मोहन, सुनील, मास्टर, नंदकिशोर, राजेश कुमार, संदीप रामपुर, सुभाष प्रधान, कालू सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे । मुंशीलाल आनंद विद्यालय परिसर में पहुंचने पर यहां मंदिर में मंत्र उच्चारण और विधि विधान के बीच देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा किया जाने के साथ ही ब्रह्मलीन स्वामी प्रेमानंद महाराज के चरण भी प्रतिष्ठित किए गए। इसी मौके पर श्रद्धालुओं के लिए भंडारा का प्रसाद भी वितरित किया गया।

# तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना मेरा लक्ष्य : बुलेट रानी

अटल हिंद संवाददाता



गुरुग्राम, 18 अप्रैल। तमिलनाडू की रहने वाली बुलेट रानी के नाम से मशहूर राज लक्ष्मी मंदा गुरुवार को गुरुग्राम पहुंची। वोट फॉर मोदी, वोट फॉर नेशन के मिशन के साथ 21 हजार किलोमीटर की यात्रा पर निकली बुलेट रानी का गुरुग्राम पार्टी कार्यालय गुरुकमल में जिला अध्यक्ष कमल यादव ने कार्यकर्ताओं के साथ भव्य स्वागत किया। प्रेसवार्ता के दौरान राज लक्ष्मी मंदा ने बताया कि मदुरई से 12 फरवरी को बुलेट बाइक यात्रा शुरू की थी।

पत्रकारों से बात करते हुए बुलेट रानी मंदा ने बताया कि मदुरई से दिल्ली तक 65 दिनों में 21 हजार किलोमीटर का सफर तय किया है। उन्होंने कहा कि मेरा एकमात्र एजेंडा तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। उन्होंने कहा कि मदुरई से शुरू हुई यात्रा पांडीचेरी, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, गोवा, महाराष्ट्र, छत्तसीगढ़ उड़ीसा, झारखंड, बिहार होते हुए यूपी और यूपी से हरियाणा के गुरुग्राम पहुंची है और यात्रा का अंतिम पड़ाव आज दिल्ली में होगा।

### 65 दिनों में 15 राज्यों से होते पहुंची गुरुग्राम

पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए बुलेट रानी ने बताया कि वह मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने का संकल्प लेकर निकली हैं। 65 दिनों में 15 राज्यों से होते हुए यहां आई हैं। सभी राज्यों में उन्हें पूरा मान-सम्मान और समर्थन मिला है। उन्होंने बताया कि स्वयं बुलेट पर चलती है और उनके साथ कुछ साथी भी हैं जो ट्रक में साथ चल रहे हैं। श्रीमती मंदा ने बताया कि इस बार प्रधानमंत्री मोदी 400 पार का लक्ष्य जनसमर्थन से अवश्य पूरा करेंगे।

# अनूठी पहल- पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी 19 अप्रैल को फेसबुक पर होंगे लाइव

**लोक सभा मतदान 2024 से जुड़े सवालों के देंगे जवाब**

**सुबह 11 बजे से 'टॉक टू योर सीईओ पंजाब' प्रोग्राम के साथ जुड़ने की अपील**

**लाइव सैशन के दौरान मतदान सम्बन्धी सुझाव और शिकायतें भी दीं जा सकती हैं – सिबिन सी**

अटल हिंद संवाददाता

चंडीगढ़, 18 अप्रैल। लोक सभा मतदान- 2024 के सम्बन्ध में पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी द्वारा अनूठी पहल करते हुये 19 अप्रैल दिन शुक्रवार को सुबह 11.00 से 11.30 बजे तक सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर लाइव होकर लोगों/ वोटरों की तरफ से पूछे सवालों के जवाब दिए जाएंगे। इस लाइव प्रोग्राम का नाम 'टॉक टू योर सीईओ पंजाब' रखा गया है। इस संबंधी जानकारी देते हुये सिबिन सी ने बताया कि ' इस बार 70 पार' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए और लोगों को वोट डालने सम्बन्धी जागरूक करने के लिए अलग- अलग तरह के प्रोग्राम चलाए जा रहे हैं। फेसबुक लाइव से पहले मुख्य निर्वाचन अधिकारी के दफ़्तर की तरफ से एक नियमित पोडकास्ट की शुरुआत भी की गई है जिसमें चुनाव प्रक्रियाओं के मुख्य पहलूओं, जैसे कि वोटर रजिस्ट्रेशन, वोटिंग प्रक्रियाएं और नागरिकों की वोटिंग में भागीदारी की महत्ता पर रौशनी डाली जाती है जिससे वोटर जागरूकता और लोगों की भागीदारी को बढ़ाया जा सके। सिबिन सी ने बताया कि उनकी तरफ से फेसबुक पर @TheCeoPunjab के अधिकारित पेज पर लाइव होकर 19 अप्रैल दिन शुक्रवार को सुबह 11.00 बजे से 11.30 बजे तक लोक सभा मतदान से जुड़े लोगों के सवालों के जवाब दिए जाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि कोई भी व्यक्ति इस आधे घंटे के लाइव सैशन के दौरान उनको कूमैंट करके सवाल पूछने के इलावा अपनी शिकायतें और सुझाव भी दे सकता है। सवाल या सुझाव लाइव के दौरान भी पूछे जा सकते हैं या सुबह 11 बजे से पहले फेसबुक, इंस्टाग्राम या एक्स पर भी भेजे जा सकते हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने आगे बताया कि इस लाइव का मकसद मतदान के बारे लोगों की शंकाओं को दूर करना और उनको वोटिंग में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करना है। सिबिन सी ने कहा उनके दफ़्तर द्वारा पहले ही सोशल मीडिया हैंडलों (फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स और यूट्यूब) पर लोक सभा मतदान 2024 से सम्बन्धित हिदायतें और विवरणों को लगातार अप्पडेट किया जाता है और हाल में ही उनके दफ़्तर ने सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर सक्रिय भूमिका निभाने के लिए देश भर में दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

# संपादकीय

## ईड़ी ने 10 साल में डाले 7264 छापे, 755 गिरफ्तारियां, अधिकांश विपक्षी दलों के नेता

मनी लॉन्ड्रिंग कानून देश में आतंकवादी गतिविधियों,ड्रग्स और मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहम?ति से बनाया हुआ कानून है। भारत में केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय को मनी लांड्रिग कानून के तहत कार्रवाई करने के अधिकार प्रवर्तन निदेशालय ईड़ी को दिए गए। 2005 से 2014 के 10 वर्षों में केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय ने 1797 मामलों की जांच शुरू की थी। इसमें 84 छापे डाले गए 29 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। 102 मामलों की जांच की गई थी। 2005 से 2014 के बीच में 5086 करोड रुपए की संपत्ति अटैच की गई थी। 43 लाख रुपए की जपती बनाई गई थी। पीएमएलए कानून 2002 में बनाया गया था। जब अटल जी की सरकार केन्द्र में थी। अंतर्राष्ट्रीय अपराधों को रोकने के लिए यह कानून बनाया गया था, जो भारत में 2005 से लागू किया गया। 2014 के बाद से इस कानून का उपयोग लगभग बदल गया है, जो कानून अंतरराष्ट्रीय सहमति से आतंकवादी गतिविधियों और ड्रग्स के कारोबार तथा मनी लांड्रिंग के गंभीर अपराधों को रोकने के लिए बनाया गया था। उस कानून का उपयोग पिछले 10 वर्षों से भ्रष्टाचार के आरोप मैं शिकायतों की जांच के लिए किया जाने लगा। अप्रैल 2014 से लेकर मार्च 2024 के बीच में ईड़ी ने 5155 मामलों को जांच के दायरे में लिया। 7264 स्थानो पर छापेमारी की 755 लोगों को गिरफ्तार किया। इसमें अधिकांश राजनीतिक दलों के नेता, कारोबारी और कुछ सरकारी अधिकारी शा?मिल हैं। जिनके ऊपर भ्रष्टाचार के आरोप लगे, उनकी जांच ईड़ी के अधिकारी कर रहे हैं। पिछले 20 सालों में अभी तक 36 मामलों में ही न्यायालय से 63 लोगों को सजा मिली है। ईड़ी ने पिछले 10 वर्षों में 24 मामलों में रेड कॉर्नर नोटिस जारी किए हैं। छापे में 1,21,618 करोड रुपए की संपत्ति को अटैच किया है। 2310 करोड रुपए की नगदी को जप्त किया है। यूपीए सरकार के कार्यकाल में पीएमएलए कानून के तहत 1797 मामलों की जांच में 102 चार्ज सीट न्यायालय में दाखिल की गई वहीं एनडीए के 10 सालों के कार्यकाल में 5155 मामलों में मनी लेंडिंग की जांच शुरू हुई। एनडीए के कार्यकाल में 1281 मामलों में जांच शुरू की। अभी तक मात्र 6 फ़ीसदी मामलों की ही चार्ज शीट न्यायालय में पेश हो पाई है। 2014 के बाद से विपक्षी दलों के नेताओं और उनसे जुड़े मामलों को लेकर ईडी द्वारा जांच की जा रही है। नेताओं को जेल में इस कानून के तहत बंद किया जा रहा है। इस कानून में जमानत देने के अधिकार न्यायालयों के सीमित है। यूपीए के कार्यकाल में जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, उन में अधिकांश मामलों में चार्ज शीट न्यायालय में पेश नहीं हो पाई है। वर्षों से आरोपी न्या?यिक हिरासत में जेलों में बंद है। जिन मामलों में अभी तक सजा हुई है, वह सभी मामले यूपीए के कार्यकाल में शुरू की गई जांच के मामलों में हुई है। 2005 से 2014 की तुलना में 2014 से 2024 के बीच में 84 फ़ीसदी तलाशी और छापे की कार्रवाई बढ़ गई है। गिरफ्तार लोगों की संख्या भी 29 से बढ़कर 755 पर पहुंच गई है। पिछले 10 सालों में भ्रष्टाचार के आरोप में जो जांच शुरू की गई थी, उस पर ईड़ी ने पीएमएलए कानून के तहत मामला दर्ज करके गिरफ्तारियां की हैं। जबकि भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करने के लिए भारत में केंद्रीय स्तर पर और राज्य स्तर पर अलग एजेंसियां और अलग कानून हैं। आरो?पियों को पीएमएलए कानून के तहत गिरफ्तार करने से न्यायालयों से जमानत नहीं मिल रही है। ईड़ी के अधिकारी दिल्ली के शराब घोटाले के आरोप की जांच 2 साल में भी पूरी नहीं कर पाए। मनी लॉन्ड्रिंग का कोई सबूत अभी तक जांच एजेंसी नहीं जुटा पाई है। इसके बाद भी जांच और तारीख पर तारीख के नाम पर आरोपियों को लंबे समय तक जेलों में बंद रखा जा रहा है। पीएमएलए कानून का उपयोग भ्रष्टाचार के मामले में होगा, ऐसा ?किसी ने सोचा नहीं था। इसके बाद भी केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय द्वारा भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच में जिस तरह से छापामारी और गिरफ्तारियां की जा रही है। उसमें संजय सिंह पहले व्यक्ति हैं, जिन्हें 6 महीने के अंदर न्यायालय से जमानत हुई है। न्यायालय में जो मामले अभी तक गए हैं। उसमें ट्रायल कोर्ट, हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक पीएमएलए कानून में गिरफ्तार लोगों की जमानत के मामले में अब वस्तु स्थिति सामने आ चुकी है। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में ईड़ी को चेतावनी भी दी है। एनडीए सरकार के ऊपर अब यह आरोप भी लग रहे हैं राजनीतिक द्वेष के कारण पहले आरोप लगाए जाते हैं। फिर उन मामलों को ईड़ी को सौंप दिया जाता है। जो लोग भाजपा में प्रवेश ले लेते हैं, उन्हें गिरफ्तारी से बचाकर उनका मामला ठंडा बस्ते में डाल दिया जाता है। जो भाजपा में प्रवेश नहीं लेते हैं अथवा जो सरकार के सामने समर्पण नहीं करते हैं, उन्हें जेलों में बंद करके रखा जाता है। हाल ही में झारखंड और दिल्ली के मुख्यमंत्री भी पीएमएलए कानून के तहत गिरफ्तार कर उन्हें न्यायिक हिरासत में रखा गया है। इसके बाद से ईड़ी,सरकार और न्यायपालिका में दबाव बढ़ गया है। लोकसभा चुनाव के बाद ही राहत मिलने की उम्मीद की जा रही है। केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी लगातार इन मामलों में न्यायालय से तारीख पर तारीख ले रहे हैं। सुप्रीमकोर्ट और हाईकोर्ट का दबाव ईड़ी पर पड़ने लगा है। इसको देखते हुए जल्द ही राहत की उम्मीद की जा सकती है।

## वैधानिक सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि इस समाचार पत्र में मुद्रित होने वाले किसी भी विज्ञापन पर आपत्ति करने वह कानूनी कार्रवाई करने से पहले विज्ञापन में दी गई शर्तों व नियमों दावों और सेवा के बारे में पूरी तरह से जानकारी हासिल कर जांच पड़ताल कर लें यह दैनिक अटल हिंद समाचार पत्र किसी भी उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता आदि के विषय में विज्ञापनदाता द्वारा दिए गए दावों का उल्लेख करता है मैं ही पुष्टि करता है ना ही उसके पक्ष में है किसी भी विज्ञापन के संबंध में विज्ञापनदाता उत्तरदायी होगा ना कि दैनिक अटल हिंद समाचार पत्र पूर्व में विज्ञापन के संबंध में दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क कर अपना समाधान समय करें समाचार प्रबंधन की सीधी बात के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। **विज्ञापन प्रबंधक**


**अटल हिंद**

मुद्रक तथा प्रकाशक स्वामी राजकुमार अग्रवाल द्वारा वत्स ऑफसेट, मुद्दा हाउस, सी - ब्लाक बारात घर कोडा, रघुनाथपुर, -32, नोएडा (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर 28, ई ब्लाक, विष्णु मार्केट, अपोजिट ओल्ड बस स्टैंड, कैथल (हरियाणा) से प्रकाशित कराया। संपादक - राजकुमार अग्रवाल, पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। (समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कैथल, हरियाणा होगा।) मोबाइल नं0 - 09416111503, 09802153000

ई मेंल- atalhind@gmail.com/ atalhindnews@gmail.com


# भारतीय कार्यपालिका को संविधान को पांवों तले रौंदने से रोकें

**जर्मन संसद राइखस्टाग में आगजनी की घटना 1933 में जर्मनी के एक उदारपंथी जनतंत्र से एक फासीवादी तानाशाही में तब्दील किए जाने के सिलसिले में एक महत्वपूर्ण घटना थी।**

**प्रभात पटनायक**

राइखस्टाग अग्निकांड और जर्मन न्यायपालिका यह आग, जो संदेह था कि खुद नाजियों ने ही लगायी थी, झूठे ही कम्युनिस्टों के सिर मंढ दी गयी थी और इसे बहाना बनाकर कम्युनिस्टों के खिलाफ भीषण आतंक छेड़ दिया गया था। अनेक कम्युनिस्टों को गिरफ्तार कर लिया गया था, जिनमें राइखस्टाग में कम्युनिस्ट पार्टी के 81 प्रतिनिधियों (सांसदों) में से अनेक भी शामिल थे। नाजियों ने, जिन्हें इस समय तक संसद में बहुमत हासिल नहीं था, इस प्रकरण का इस्तेमाल ऐसे कदम थोपने के लिए किया था, जिन कदमों ने उन्हें पूर्ण सत्ता दिला दी और जर्मनी को एक फासीवादी राज्य में तब्दील कर दिया। राइखस्टाग अग्निकांड के लिए जिन कम्युनिस्टों पर अभियोग लगाए गए और मुकदमा चलाया गया, उनमें जॉर्जी दिमित्रोव भी शामिल थे, जो एक बल्गेरियाई क्रांतिकारी थे, जो उस समय जर्मनी में मौजूद थे।

मुकदमे के दौरान दिमित्रोव ने, जिन्होंने अपने बचाव में जिरह खुद ही की थी, तत्कालीन जर्मन निजाम के उड्डयन मंत्री और हिटलर के दाएं हाथ, हर्मन गोरिंग से सवाल-जवाब करने या क्रॉस एग्जामिनेशन के अधिकार की मांग की थी और हालांकि इस मामले का जज खुद हिटलर ने छाँटकर तय किया था, दिमित्रोव को यह अधिकार देना ही पड़ा। उसके बाद अदालत में दिमित्रोव और गोरिंग का जो आमना-सामना हुआ, वह तो एक लोक ख्याति ही बन गया। गोरिंग के भीषण तथा धमकी भरे वक्तव्यों और उनका सामना करने में दिमित्रोव की शांत स्वर के बीच का जमीन-आसमान का अंतर खासतौर पर दर्ज करने वाला था। यहां तक कि नाजी राज में चल रही उक्त अदालत ने भी दिमित्रोव को आगजनी के आरोप से बरी कर दिया। आगे जाकर वह कम्युनिस्ट इंटरनेशनल के अध्यक्ष बने और उन्होंने 1935 में कोमिन्टर्न की सातवीं कांग्रेस में, फासीवाद के खिलाफ ''संयुक्त मोर्चा'' की रणनीति को सूत्रबद्ध किया था।

### भारतीय अदालतों का आज का आचरण

अब जरा, नाजियों के पूर्ण सत्ता हासिल कर लेने के बाद के हालात में काम कर रही उस अदालत के आचरण की तुलना- जो बेशक वाइमर रिपब्लिक के दिनों के प्रभाव का प्रतिनिधित्व करता था, जब अदालतें स्वतंत्र हुआ करती थीं- भारतीय अदालतों के आज के आचरण से कर लीजिए, जिनका यह आचरण भी तब है जबकि फासीवादी तत्व अभी देश में पूर्ण सत्ता हासिल करने के तो आस-पास भी नहीं पहुंचे हैं। मैं व्यक्तिगत स्वतंत्रता से ही संबंधित मामलों की एकाध मिसालें देना चाहूंगा।

प्रोफेसर शोमा सेन को 5 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट द्वारा जमानत दे दी गयी। तब तक वह भीमा-कोरेगांव केस में एक अभियुक्त के रूप में छह साल जेल में काट चुकी थीं। उन्हें जमानत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने साफ-साफ शब्दों में कहा कि उनके आतंकवाद के किन्हीं कृत्यों से या किसी आतंकवादी संगठन से जुड़े होने का, प्रथम दृष्टया कोई मामला नहीं बनता है। इसके बावजूद, उन्हें अपने जीवन के छह वर्ष जेल में बिताने पड़े। इससे दो बुनियादी प्रश्न उठते हैं। पहला तो यह कि क्या उन्हें बिना मुकदमा चलाए इतने लंबे अरसे तक जेल में बंद रखने के लिए और वह भी खुद सुप्रीम कोर्ट के अनुसार बिना किसी आधार के ही जेल में बंद रखने के लिए, सरकार की जिम्मेदारी तय नहीं की जानी चाहिए और इसलिए, उसे किसी प्रकार से सजा नहीं दी जानी चाहिए? दूसरा प्रश्न यह कि इन छह वर्षों के दौरान, विभिन्न अदालतें क्या कर रही थीं, जिन्होंने उन्हें जेल में सड़ते रहने दिया, जबकि ये अदालतें देश के संविधान के अंतर्गत इसके लिए कर्तव्यबद्ध थी कि उनके मौलिक अधिकारों की हिफाजत करती?

### एक विकृत न्यायशास्त्र

उनकी जमानत की याचिका पर सुनवाई के दौरान, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) द्वारा अदालत में यह रुख अपनाया गया था कि, 'जमानत, अभियुक्त का अधिकार नहीं है'। इस प्रस्थापना को सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में यह कहते हुए खारिज कर दिया कि यह प्रस्थापना, भारतीय संविधान की धारा-21 का उल्लंघन करती है। लेकिन, अभियोजन पक्ष द्वारा ठीक यही जघन्य दलील दी गयी थी। जब हम इस दलील को, इस तथ्य के साथ जोड़कर देखते हैं कि शोमा सेन को छह साल तक गिरफ्तार कर के जेल में इसके बावजूद बंद कर के रखा गया था कि उनके किसी आतंकवादी कृत्य या आतंकवादी संगठन के साथ जुड़े होने का प्रथम दृष्टया कोई मामला ही नहीं है, तो हमें वर्तमान केंद्र सरकार एक उल्लेखनीय प्रस्थापना पेश करती नजर आती है। यह प्रस्थापना यह कहती है कि केंद्र सरकार, जिसके हाथ में एनआईए जैसी एजेंसियों का नियंत्रण है, अपनी मर्जी से किसी को भी गिरफ्तार कर सकती है और जब तक उसका मन करे उसे जेल में बंद कर के रख सकती है, क्योंकि, 'जमानत अभियुक्त का अधिकार तो है ही नहीं।' यह पूरी तरह से न्यायशास्त्र के उस आधार का ही ठुकराया जाना है, जो यह कहता है कि कोई भी व्यक्ति तब तक निर्दोष माना जाएगा, जब तक कि वह दोषी साबित नहीं हो जाता है। मोदी सरकार द्वारा जिस न्यायशास्त्र को थोपा जा रहा है, वह तो यही कहता नजर आता है कि चूंकि किसी दोषी बनाने वाले साक्ष्य के बिना ही किसी को भी गिरफ्तार किया जा सकता है और कितने भी समय के लिए जेल में ठूंसा जा सकता है, इसलिए किसी भी व्यक्ति को तब तक दोषी मानकर चला जा सकता है, जब तक कि मुकदमे के जरिए वह निर्दोष साबित नहीं हो जाता है और हो सकता है कि उसका मुकदमा तो कभी शुरू ही नहीं हो।

सुप्रीम कोर्ट का शोमा सेन को जमानत दे देना एक बहुत ही अच्छी खबर है और यह अपने आप में तो अच्छी खबर है ही, इसलिए भी अच्छी खबर है कि यह खबर सरकार के विकृत न्यायशास्त्र के ठुकराए जाने की खबर है। फिर भी, उसे ठुकराए जाने को दो कारणों से अब भी अंतिम नहीं माना जा सकता है। पहली बात तो यह है कि यह ठुकराया जाना, देश की सबसे ऊंची अदालत के स्तर से तो आया है, लेकिन इससे निचले स्तर की न्यायपालिका को अब भी इस संबंध में पूरी तरह से संवेदनशील बनाया जाना बाकी है कि कार्यपालिका की ज्यादतियों से, व्यक्ति के अधिकारों की हिफाजत करे। दूसरे, आखिर में जाकर खुद एनआईए ने प्रोफेसर सेन की जमानत की याचिका पर अपनी आपत्तियों को यह कहते हुए वापस ले लिया था कि उसे पूछताछ के लिए अब उनकी जरूरत नहीं रह गयी है। बेशक, एनआईए की यह दलील भी जितनी बेतुकी थी, उतनी ही संवेदनहीन भी थी। अब कोई ऐसा तो है नहीं है कि एनआईए उनसे कोई छह साल से पूछताछ ही कर रही थी या उसे अपनी जांच-पड़ताल की प्रक्रिया पूरी करने के लिए वाकई उनके जीवन के छह वर्ष चाहिए थे। ऐसा लगता है कि इस तरह की दलील का सहारा लिए जाने के पीछे मुख्य मकसद यही था कि अगर एनआईए के विरोध के बावजूद सुप्रीम कोर्ट उन्हें जमानत दे देता, तो भविष्य में ऐसी ही स्थिति में फंसे दूसरे लोगों द्वारा भी अपनी जमानत की याचिकाओं में इसे नजीर बनाकर पेश किया जा सकता था। इसलिए, एनआईए द्वारा आखिरी क्षणों में उनकी जमानत पर अपनी आपत्तियां वापस लिए जाने से यह सवाल तो अनिर्णीत ही रह जाता है कि क्या न्यायपालिका या कम से कम निम्नतर न्यायपालिका, भविष्य में ऐसे मामलों में जमानत दे देगी या वह उस विकृत न्यायशास्त्र का ही साथ देती रहेगी, जिसकी प्रस्थापना वर्तमान सरकार द्वारा की जा रही है।

### प्रबीर पुरकायस्थ का प्रकरण

प्रबीर पुरकायस्थ का प्रकरण, इस विकृत न्यायशास्त्र के व्यवहार का एक और उदाहरण है। केंद्र सरकार की एजेंसियों ने, दोषारोपण कारी साक्ष्यों की तलाश में प्रबीर के घर तथा दफ्तर पर लंबे समय तक छापामारी की थी, लेकिन कोई साक्ष्य खोजने में ये एजेंसियां विफल रही थीं। इसी बीच, न्यूयॉर्क टाइम्स ने 5 अगस्त 2023 को, एक अमेरिकी अरबपति पर, जो चीन में रहता है तथा विचारों से प्रगतिशील है और जो कथित रूप से दुनिया भर में अनेक वामपंथी संगठनों की आर्थिक मदद करता रहा है, जिनमें अमेरिका के युद्ध-विरोधी संगठन भी शामिल हैं, एक बहुत ही बेईमानी भरा और दोरंगी बातें करने वाला लेख छापा था। यह लेख इसलिए बेईमानी भरा तथा दोरंगी बातें करने वाला था कि इसमें न तो उक्त अरबपति के चीनी सरकार से जुड़े होने का कोई साक्ष्य दिया गया था और न ही सीधे-सीधे उसके किसी ऐसे संबंध का दावा ही किया गया था। इस लेख में किसी ठोस कानूनी गड़बड़ी तक का दावा नहीं किया गया था। इसके बजाए, इसमें तो सिर्फ इशारे किए गए थे। इसका मकसद तो अमेरिकी युद्ध-विरोधी ग्रुपों के खिलाफ एक मैकार्थीवादी विच-हांट शुरू कराना था और वह भी ऐसा कुछ भी छापे बिना ही, जिस पर कानूनी कार्रवाई हो सकती हो। उस लेख में न्यूज़क्लिक का महज चलताऊ तरीके से जिक्र किया गया है कि उसे भी, उक्त अरबपति से पैसा मिला था।

न्यूयार्क टाइम्स के शरारतपूर्ण मंसूबों को तब और बढ़ावा मिल गया, जब फ्लोरिडा से जुड़े दक्षिणपंथी सीनेटर, मार्को रूबियो ने अमेरिकी एटॉर्नी जनरल को चीनी लिखकर, अमेरिका के नौ युद्ध विरोधी ग्रुपों की जांच कराए जाने की मांग की।

लेकिन, इसका कोई नतीजा नहीं निकला क्योंकि इस तरह की कोई जांच शुरू करने के लिए कोई आधार ही नहीं था। और अमेरिकी प्रशासन भले ही दुनिया भर में मानवाधिकारों को पांवों तले रौंदता फिरता हो, खुद अमेरिका के नागरिकों के मानवाधिकारों के मामले में कहीं ज्यादा सावधान रहता है। इसके बावजूद, उसी लेख को बहाना बनाकर भारत में प्रबीर पुरकायस्थ और उनके एक और सहकर्मी को गिरफ्तार कर लिया गया। अपने नये-नये खोजे फासीवादी न्यायशास्त्र के साथ भारत सरकार ने ऐसे कदम उठाए, जो अमेरिका की साम्राज्यवादी सरकार तक से नहीं उठाए गए थे। हैरानी की बात नहीं है कि गिरफ्तारी के करीब छह महीने बाद जब प्रबीर के खिलाफ चार्जशीट तैयार की गयी, न्यूयॉर्क टाइम्स के उक्त लेख के परोक्ष इशारों को आरोप बनाकर दोहराने के अलावा उसमें सरकार की कोविड नीति की न्यूज़क्लिक की आलोचना और किसान आंदोलन के प्रति उसके समर्थन को चार्जशीट में इस तरह शामिल किया गया है, जैसे ये कोई कानूनन अपराध हों!

### कार्यपालिका को संविधान को पांवों तले रौंदने से रोकें

अब तक तो भारतीय न्यायपालिका, हिटलर के राज के शुरुआती वर्षों में अपने जर्मन समकक्षों द्वारा अपनाए गए रुख के मुकाबले, कार्यपालिका के प्रति कहीं ज्यादा फिक्रमंद बनी रही है और इसके बावजूद फिक्रमंद बनी रही है कि यह कार्यपालिका, एक फासीवादी रास्ते पर चल रही है तथा एक जघन्य न्यायशास्त्र की प्रस्थापना कर रही है, जो भारतीय संविधान के ही खिलाफ जाता है। जर्मन न्यायपालिका ने हर्मन गोरिंग को क्रॉस एग्जामिनेशन के लिए एक गवाह के रूप में अदालत में बुलाकर और राइखस्टाग में आगजनी के आरोपों से जॉर्जी दिमित्रोव को बरी तक करने के जरिए, नाजियों के मंसूबों के रास्ते में बाधा डाली थी। बेशक, न्यायपालिका हिटलर के उभार को नहीं रोक सकी क्योंकि वह उसके हाथों में था भी नहीं। फिर भी उसने अपनी संवैधानिक जिम्मेदारियां पूरी करने में कम से कम कुछ हिम्मत तो दिखाई थी। हम चाहते हैं कि भारतीय न्यायपालिका भी ऐसी ही हिम्मत दिखाए।

इस संदर्भ में विदेश में रहे अनेक जाने-माने विद्वानों तथा लेखकों द्वारा हाल ही में भारतीय शासन के अधिकारियों से तथा खासतौर पर न्यायपालिका से की गयी अपील खासतौर पर जरूरी हो जाती है। उन्होंने कार्यपालिका को भारतीय संविधान को पांवों तले रौंदने को रोकने की अपील की है।

# लोकतंत्र के यज्ञ की प्रथम आहुति से पहले......

**राकेश अचल**

अठारहवीं लोकसभा के लिए 19 अप्रैल 2024 को यानी आज मतदान का पहला चरण है। आप इसे डूबते,मरते,सिसकते लोकतंत्र के पुनर्जीवन के लिए होने जा रहे महामृत्युंजय यज्ञ की प्रथम आहुति भी कह सकते हैं। दरअसल ये शब्द इसलिए इस्तेमाल कर रहा हूँ ताकि घोर सनातनियों की समझ में भी ये बात आ जाये कि यज्ञ में आहुति आँखें बंद कर नहीं दी जाती,इसके लिए आँखें खोलकर रखना पड़तीं हैं। आँखें बंद कर किया जाने वाला कोई भी काम मनोरथ को पूरा नहीं करता।

पिछले 77 साल में ये दूसरा मौक़ा है जब लोकसभा के चुनाव बेहद विषम परिस्थितियों में हो रहे हैं। 1977 में भी कमोवेश ऐसी ही स्थितियां थीं ,लेकिन आज जैसी गंभीर स्थितयां नहीं थीं। तब सत्ताधीशों के मन में तानाशाही का बीज अंकुरित हुया था । 2024 में ये वटवृक्ष बन गया है। अंकुरित बीज को जनता ने एक झटके में उखाड़ फेंका था लेकिन तानाशाही के वटवृक्ष को उखाड़ने में उसकी दो कोशिशें नाकाम हो चुकी हैं। ये तीसरा और शायद आखरी अवसर है जब जनता तानाशाही को निर्मूल कर लोकतंत्र को निर्जीव होने से बचा सकती है।

देश में जिन जगहों पर 19 अप्रैल को पहले चरण का मतदान होना है, वहां चुनाव प्रचार बुधवार थम चुका है किन्तु भीतर ही भीतर मतदाता का अनमोल मत हड़पने की साजिशें जारी हैं। प्रथम चरण में देश के 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर जनता तय करेगी की उसे तानाशाही चाहिए या लोकतंत्र। आजकल चुनाव में प्रचार थमता नहीं ह। प्रचार थमने की औपचारिकता होती ह। नेता देश कि किसी भी कोने में खड़े होकर भाषण दे सकते हैं और उसका असर उन क्षेत्रों में भी होता है जहाँ औपचारिक रूप से चुनाव प्रचार रोक दिया जाता है। केंचुआ अभी इस बीमारी का तोड़ नहीं खोज पाया है।

आप मानें या न मानें किन्तु अठारहवीं लोकसभा का चुनाव किसी समुद्र मंथन से कम नहीं है । सत्ता सुंदरी को हासिल करने के लिए एक तरफ तानाशाही और प्रतिक्रियावादी शक्तियां हैं और दूसरी और लोकतान्त्रिक और समतावादी शक्तियां। सत्ता हासिल करने के लिए सत्तारूढ़ दल की नजर इस बार उत्तर के मुकाबले दक्षिण पर ज्यादा है। दक्षिण भारत के तमिलनाडु की सभी 39 सीटों पर 19 अप्रैल को मैदान है। भाजपा इस लोकसभा चुनाव में एनडीए के लिए 400 सीट और पार्टी के लिए 350 सीट जीतने के लिए संघर्षरत है । इसीलिए भाजपा ने दक्षिण के राज्यों में विशेषकर तमिलनाडु में एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया है।

तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई खुद कोयंबटूर सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।अन्नामलाई भाजपा के लिए कितनी मलाई ला पाएंगे ये 4 जून को पता चलेगा। पहले चरण के लिए होने वाले मतदान में केंद्रीय मंत्री एल मुरगन ,कांग्रेस के पूर्व वित्तमंत्री पी चिदंबरम के बेटे कीर्ति चिदंबरम,एआईएमआईएम के जेवियर दास ,तेलंगाना की पूर्व राज्यपाल टी सौंदर्यराजन और यूपीए सरकार में केंद्रीय मंत्री रहे ए राजा का भविष्य तय होना है।

देश को सबसे ज्यादा संसद देने वाले उत्तर प्रदेश में केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान जीत के लिए मैदान में हैं इस सीट पर समाजवादी पार्टी ने हरेंद्र मलिक तो बसपा ने दारा प्रजापति को चुनावी मैदान में उतारा है। नगीना सीट से भीम आर्मी चीफ और आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद भी चुनावी मैदान में है। पूर्व के सबसे महत्वपूर्ण राज्य असम के डिब्रूगढ़ सीट से केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल चुनावी मैदान में है। इससे पहले इस सीट से केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्यमंत्री रामेश्वर तेली सांसद थे। उनका टिकट काटकर सोनोवाल को दिया गया है.

पांच साल पहले खंड-खंड किये गए जम्मू और कश्मीर की उधमपुर सीट से दो बार चुनाव जीतकर मोदी मंत्रिमंडल में जगह बनाने वाले सांसद जितेंद्र सिंह तीसरी बार चुनावी मैदान में हैं। राजस्थान की अलवर सीट से केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव।, बीकानेर लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल के सामने कांग्रेस के पूर्व मंत्री गोविंद राम मेघवाल चुनावी मैदान में हैं। मन मारकर राजनीति कर रहे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी महाराष्ट्र की नागपुर सीट से हैट्रिक लगाने के चुनावी मैदान में है। 2014 और 2019 में उन्होंने दो लाख से अधिक वोटों से जीत दर्ज की थी साल 2019 में उन्होंने मौजूदा महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले को 2.16 लाख वोटों से हराया था। गडकरी भाजपा का उदार चेहरा हैं और प्रधानमंत्री मोदी जी के बाद सबसे जयादा लोग उन्हें पसंद करते हैं। वे पार्टी के राष्टि्य अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

देश के सुप्रीम कोर्ट को लगातार धमकाने वाले केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू अरुणाचल प्रदेश की अरुणाचल पश्चिमी सीट से मैदान में हैं। 2004 से सांसद बन रहे किरेन रिजिजू तीन बार इस सीट से चुनाव जीत चुके है। उनका मुकाबला पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नवाब तुकी से है। यानि आठ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व सीएम और एक पूर्व राज्यपाल सहित 1625 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला पहले चरण के मतदान से होना है । यूपी की 8 और उत्तराखंड की सभी 5 सीटों पर मतदान होगा। पहले चरण में तमिलनाडु की सभी 39, राजस्थान की 12, उत्तर प्रदेश की 8, उत्तराखंड की सभी पांच, अरुणाचल प्रदेश की दो, बिहार की चार, छत्तीसगढ़ की एक, असम की चार, मध्य प्रदेश की 6, महाराष्ट्र की पांच, मणिपुर की दो, मेघालय की दो, मिजोरम और त्रिपुरा की एक-एक और पश्चिम बंगाल की तीन सीटों पर मतदान होगा।

# पूरी दुनिया में तेजी से फैल रहा है सनातन हिंदू धर्म

**प्रहलाद सबनानी**

पूरे विश्व में आज विभिन्न देशों के नागरिकों में शांति का अभाव दिखाई दे रहा है एवं परिवार के सदस्यों के बीच भी भाईचारे की कमी दिखाई दे रही है। शादी के तुरंत बाद तलाक लेना तो जैसे आम बात हो गई है, आज कई विकसित देशों में तलाक की दर 60 प्रतिशत से भी अधिक है। बुजुर्ग माता पिता की देखभाल करने वाला उनका अपना कोई साथ नहीं है। अमेरिका में तो लगभग 10 लाख बुजुर्ग नागरिक खुले में रहते हुए अपना जीवन यापन करने को मजबूर हैं। इन देशों में तो जैसे सामाजिक तानाबाना ही छिन्न भिन्न हो गया है। इसी प्रकार के अन्य कई कारणों के चलते आज सनातन हिंदू धर्म के प्रति विदेशी लोग आकर्षित हो रहे हैं, क्योंकि सनातन हिंदू धर्म का अपना एक अलग ही महत्व है। सनातन हिंदू धर्म में कुटुंब के प्रति वफादारी बचपन से ही सिखाई जाती है। भारत में आज भी संयुक्त परिवार की प्रथा प्रचलन में हैं, जिससे बच्चे अपने बचपन में ही अपने माता पिता की सेवा करने के संस्कार सीखते हैं और उन्हें पूरे जीवन भर अपने साथ रखने का संकल्प लेते हैं।

विश्व में कुछ अन्य धर्मों में बच्चों को बचपन में ही कट्टरता सिखाई जाती है एवं केवल अपने धर्म को ही सर्वश्रेष्ठ धर्म के रूप में पेश किया जाता है। इससे इन बच्चों में अन्य धर्मों के प्रति सद्भावना विकसित नहीं हो पाती है। कई बार तो अन्य धर्म को मानने वाले नागरिकों का धर्म परिवर्तन कर उन्हें अपना धर्म मानने को मजबूर भी किया जाता है। इसके ठीक विपरीत सनातन हिंदू धर्म किसी अन्य मजहब को मानने वाले व्यक्ति पर कभी भी कोई दबाव नहीं डालता है। सनातन हिंदू संस्कृति अन्य धर्मों के नागरिकों को किसी प्रकार का धर्म मानने की खुली स्वतंत्रता प्रदान करती है। ऐसा कहा जाता है कि जब इस दुनिया में कोई भी धर्म नहीं था तब इस धरा पर निवास करने वाले लोग केवल सनातन हिंदू धर्म का ही पालन करते थे। सनातन हिंदू धर्म बहुत ही ज़्यादा संयमित धर्म है जो किसी अन्य धर्म की ना तो उपेक्षा करता है और न ही वह अपने धर्म के वर्चस्व को सबके सामने रखने का प्रयास करता है। इसी कारण से कट्टरता के इस माहौल में आज पूरे विश्व में सनातन हिंदू धर्म के प्रति लोगों की आस्था एवं रुचि बढ़ रही है। सनातन हिंदू धर्म आज विश्व में तीसरा सबसे बड़ा धर्म है और भारत में अधिकतर लोग इस धर्म को मानते हैं। एक अनुमान के अनुसार सनातन हिंदू धर्म इस पृथ्वी पर 10,000 वर्षों से हैं। लेकिन यदि वेदों और उपनिषदों में लिखी बातों को माने तो सनातन हिंदू धर्म की उत्पति लाखों वर्ष पहिले हुई थी उस समय ये सनातन धर्म के नाम से जाना जाता था। हिंदू धर्म को मानने वाले लोग भारत में रहते थे। इस धर्म को बहुत प्रभावशाली माना गया है। अन्य कुछ धर्मों के संस्थापक रहे हैं, जैसे ईसाई धर्म के संस्थापक के रूप में प्रभु यीशू को माना जाता है तथा इस्लाम धर्म के लिए मोहम्मद साहिब को संस्थापक माना जाता है और बौद्ध धर्म के लिए गौतम बुद्ध को संस्थापक जाना जाता है। परंतु, हिंदू धर्म के बारे में कहा जाता है कि कुछ संतों एवं महापुरूषों ने एक होकर जीवन को सही तरीके से व्यतीत करने का तरीका विकसित किया था। सनातन हिंदू संस्कृति को, धर्म नहीं बल्कि यह, जीवन जीने का एक तरीका भी माना जाता था। सनातन हिंदू धर्म का यह मानना है कि प्रभु परमात्मा ने इस धरा पर सबको खुलकर हंसने, उत्सव मनाने और मनोरंजन करने की योग्यता दी है। यही कारण है कि सनातन हिंदू धर्म में सबसे अधिक त्यौहार और संस्कार होते हैं।

## एक नजर

### ज्वालामुखी फटा, सुनामी का अलर्ट

जकार्ता (एजेंसी)। इंडोनेशिया के माउंट रुआंग पर बुधवार से लगातार ज्वालामुखी विस्फोट हो रहे हैं। यहां 24 घंटे में 5 बार वोल्कैनो फटा है। खतरे को देखते हुए रुआंग के आसपास के क्षेत्र में रह रहे 11 हजार लोगों को सुरक्षित स्थान पर भेजा जा चुका है। डिजास्टर मैनेजमेंट के अधिकारियों ने अगले 24 घंटे तक एयरपोर्ट बंद रखने का आदेश दिया है। ज्वालामुखी से बह रहे लावा और राख की वजह से सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। अलजजीरा के मुताबिक, माउंट रुआंग पर पहला विस्फोट 16 अप्रैल रात 9-45 मिनट पर हुआ। इसकी वजह से हजारों फीट ऊंचा लावा उठा और राख फैल गई है। इससे पहले 1871 में इंडोनेशिया में अब तक का सबसे बड़ा ज्वालामुखी विस्फोट हुआ था।

### दुबई में बारिश; 75 साल का रिकॉर्ड टूटा

दुबई(एजेंसी)। पाकिस्तान, अफगानिस्तान और कई खाड़ी देशों में पिछले 4 दिनों से हो रही बारिश के कारण हालात खराब हो गए हैं। रश्व में बारिश ने 75 सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। दुबई में बाढ़ जैसे हालात देखते हुए वहां मौजूद भारत के वाणिज्य दूतावास ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। वहीं पाकिस्तान और अफगानिस्तान में बारिश की वजह आई बाढ़ में अब तक 135 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से 70 लोग अफगानिस्तान में तो वहीं 65 ने पाकिस्तान में दम तोड़ दिया। ओमान में भी बाढ़ के चलते 20 लोगों की मौत हुई है।

### मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू की बढ़ सकती है मुश्किलें

माले(एजेंसी)। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। हाल ही में मुइज्जू के खिलाफ सोशल मीडिया पर एक खुफिया रिपोर्ट लीक हो गई है। इस रिपोर्ट में फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट की तरफ से तैयार मालदीव मोनेटरी अथॉरिटी और मालदीव पुलिस सर्विस से जुड़े कुछ डॉक्यूमेंट्स थे जिनसे मुइज्जू के किए भ्रष्टाचार का पता चलता है। लीक हुई इस रिपोर्ट में दिखाए डॉक्यूमेंट्स के अनुसार 2018 में मुइज्जू के पर्सनल बैंक अकाउंट में पैसे ट्रांसफर करने में अनियमितताओं का दावा किया गया है और लेनदेन को छिपाने के लिए राजनीतिक प्रभाव के इस्तेमाल की भी बात सामने आई है। साथ ही कॉर्पोरेट संस्थाओं के जरिए फंड की सचाई को छिपाने की जो कोशिश मुइज्जू की तरफ से की गई है, उसका भी इस रिपोर्ट में जिक्र है। इस खुफिया रिपोर्ट से मुइज्जू की मुश्किलें बढ़ सकती हैं, क्योंकि अब विपक्षी पार्टियां इस मामले की जांच की मांग कर रही है जिससे यह सच साबित हो सके कि मुइज्जू ने भ्रष्टाचार किया है। हालांकि मुइज्जू ने भ्रष्टाचार के आरोपों को खारिज कर दिया है, पर विपक्ष उन्हें घेरने में लगा हुआ है। अगर मुइज्जू पर भ्रष्टाचार के आरोप साबित हो जाते हैं तो उनसे सत्ता तक छिनने की नौबत आ सकती है।

### प्रिंस हैरी ने आधिकारिक तौर पर ब्रिटेन छोड़ा

लंदन (एजेंसी)। प्रिंस हैरी ने शाही परिवार से विवाद के बीच आधिकारिक तौर पर ब्रिटेन छोड़ दिया है। हैरी ने अपने ऑफिशियल एड्रेस में ब्रिटेन की जगह अमेरिका के कैलिफोर्निया का पता लिखवाया है। स्काई न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, टूरिज्म से जुड़ी चैरिटी ट्रैवलिस्ट के एक दस्तावेज में प्रिस हैरी के पूरे नाम के साथ उनका प्राइमरी पता कैलिफोर्मिया लिखा था। इससे पहले तक हैरी हमेशा अपने प्राइमरी पते में ब्रिटेन लिखवाते थे। यह बदलाव 29 जून 2023 को किया गया। हालांकि इसकी जानकारी अब सामने आई है। पिछले साल 29 जून को ही बकिंघम पैलेस ने इस बात की पुष्टि की थी कि हैरी और उनकी पत्नी मेगन अब ब्रिटेन का फ्रॉगमोर कॉटेज छोड़ चुके हैं। फ्रॉगमोर कॉटेज वही घर है, जिसे 2018 में उनकी शादी पर क्वीन एलिजाबेथ ने गिफ्ट किया था। दरअसल हैरी ने अपनी मेमोयर स्पेयर में शाही परिवार को लेकर कई विवादित टिप्पणियां की थी। इसके बाद हैरी और उनके पिता किंग चार्ल्स के बीच विवाद हो गया था, जिसके बाद चार्ल्स ने हैरी से घर छोडऩे को कहा था।

### स्वीडन में 16 साल के बाद करा सकेंगे लिंग परिवर्तन

स्टॉकहोम (एजेंसी)। स्वीडन की संसद ने बुधवार को नए कानून को मंजूरी दे दी है। इस कानून के तहत अब स्वीडन में कानूनी तौर पर लिंग परिवर्तन करने की उम्र 18 वर्ष से घटाकर 16 वर्ष कर दी गई है।18 वर्ष से कम उम्र के युवा और युवती को अपने परिजनों, बोर्ड तथा डॉक्टर की अनुमति लेनी होगी। स्वीडन की संसद में इस कानून पर मतदान हुआ। 234 सांसदों के मुकाबले 94 सांसदों के विरोध में इसे पास किया गया। 21 सांसद मतदान के समय अनुपस्थित हो गए। इसाई डेमोक्रेट्स इस कानून का कड़ा विरोध कर रहे थे। स्वीडन की दक्षिणपंथी पार्टी माने जाने वाली स्वीडन डेमोक्रेट्स ने भी कानून का विरोध किया है। लेकिन यह कानून बहुमत से संसद में पास हो गया।

### सशस्त्र विद्रोहियों ने गांव में हमला कर 14 नागरिकों की हत्या की

जेनेवा (एजेंसी)। संयुक्त राष्ट्र, सशस्त्र विद्रोहियों ने मध्य अफ्रीका गणराज्य (सीएआर) में दक्षिणी मबोमौ प्रांत के एक गांव में हमला कर 14 नागरिकों की हत्या कर दी। हमले में कई लोग घायल हुए हैं और विद्रोहियों ने घरों में आग लगा दी गयी। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संरा कार्यालय (ओसीएचए) ने स्थानीय अधिकारियों का हवाला देकर कहा कि यूपीसी विद्रोही समूह के सदस्यों ने बाकौमा शहर से लगभग 30 किलोमीटर दूर कोलोगोटा गांव पर हमला किया। ओसीएचए ने कहा, इस हमले में कई लोग घायल हुए हैं और कई घर जला दिए गए हैं। यह नरसंहार कथित तौर पर इसलिए किया गया, क्योंकि सशस्त्र समूह को ग्रामीणों पर मध्य अफ्रीकी सशस्त्र बलों के साथ सहयोग करने का संदेह था। उलेखनीय है कि सशस्त्र समूह के सदस्यों ने दो अप्रैल को पश्चिमोत्तर प्रांत ऊहाम-पेंडे में बोहोंग के पास कम से कम 20 नागरिकों की हत्या कर दी थी और कई घर जला दिए गए थे।

### सिडनी में फिर खुल गया शॉपिंग मॉल

सिडनी (एजेंसी)। सिडनी शहर का वह शॉपिंग मॉल को आम जनता के लिए फिर से खुल गया जहां चाकू से हमले की घटना में छह लोग मारे गए थे। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने पाकिस्तान के उस प्रवासी सुरक्षाकर्मी को नागरिकता देने पर विचार करने की बात कही है, जो हमलावर का मुकाबला करने के दौरान घायल हो गया था।

प्रधानमंत्री अल्बानीज ने हमले में बीच बचाव करने वाले लोगों की प्रशंसा की जिसमें सुरक्षाकर्मी मोहम्मद ताहा भी शामिल है। हमले में ताहा के पेट में चाकू मारा गया था। ताहा पाकिस्तान से है और

# यूक्रेन-रूस जंग तीसरे साल में, अब तक एक लाख से अधिक सैनिकों की मौत

**यूक्रेन बोला जंग हारे तो तीसरा विश्व युद्ध होगा**

**दुनिया का सिक्योरिटी सिस्टम तबाह हो जाएगा; रूस के मिसाइल हमले में 17 की मौत**



कीव(एजेंसी)। रूस और यूक्रेन का युद्ध अपने तीसरे साल में पहुंच गया है। यूक्रेन के हथियार और सैनिक दिन पर दिन कम होते जा रहे हैं। अब तक इस युद्ध में दोनों तरफ के एक लाख से अधिक सैनिक मारे गए हैं। यूक्रेन के प्रधानमंत्री डेनिस शमिहाल ने कहा है कि अगर यूक्रेन रूस से जंग हारता है, तो दुनिया में विश्व युद्ध हो जाएगा।

यह पहली बार नहीं है, जब यूक्रेन ने दुनिया को तीसरे वर्ल्ड वॉर की चेतावनी दी है। पिछले साल यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की भी तीसरे विश्व युद्ध को लेकर धमकी दे चुके हैं। जेलेंस्की ने कहा था कि अगर रूस जीतता है, तो वो पोलैंड पर हमला करेगा, जिससे तीसरे विश्व युद्ध होने के आशंका है। हालांकि रूस ने इस बयान को सिरे से खारिज कर दिया था। रूसी राष्ट्रपति पुतिन यूक्रेन के बाद ईस्टर्न यूरोप पर हमला करने के दावे को बकवास बता चुके हैं। यूक्रेन-रूस जंग में अब तक 50 हजार से ज्यादा रूसी सैनिकों की मौत हुई है। वहीं यूक्रेन ने जंग के दूसरे साल में 27 हजार 300 रूसी सैनिकों को गंवाया है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि मरने वालों का आंकड़ा बड़ा हो सकता है। इससे पहले फरवरी में राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की भी यूक्रेनी सैनिकों की मौत का आंकड़ा बता चुके हैं। जेलेंस्की के मुताबिक युद्ध में अब तक सिर्फ 31 हजार यूक्रेनी सैनिकों ने जान गंवाई है। हालांकि अमेरिकी खुफिया जानकारी के मुताबिक यूक्रेन के 70 हजार से ज्यादा सैनिकों की मौत हुई हैं।

यूक्रेन को आर्थिक मदद का फैसला कल

यूक्रेनी प्रधानमंत्री ने अमेरिकी कांग्रेस से आर्थिक मदद से जुड़ा बिल पास करने का आग्रह किया है। शमिहाल ने कहा कि हमें युद्ध लडऩे के लिए आज आर्थिक मदद की जरूरत है, कल या परसो नहीं। अगर हम मिलकर यूक्रेन की सुरक्षा नहीं करेंगे तो यूक्रेन हार जाएगा। इससे दुनिया की सुरक्षा से जुड़ा ढांचा तबाह हो जाएगा। कई जगहों पर युद्ध छिड़ जाएंगे और तीसरे विश्व युद्ध होने की नौबत आ जाएगी। दरअसल, अमेरिका में शनिवार को यूक्रेन के लिए आर्थिक मदद से जुड़े बिल पर वोटिंग होने वाली है। इसमें यूक्रेन को 5.09 लाख करोड़ रुपए की आर्थिक मदद देने की बात है। बिल के प्रपोजल में यूक्रेन के अलावा इजराइल और इंडो-पैसेफिक देशों का भी नाम है। हालांकि कुछ अमेरिकी सांसद यूक्रेन को भेजी जाने वाली आर्थिक मदद का विरोध कर रहे हैं।

उनका मानना है कि इस पैसे का इस्तेमाल अमेरिका-मेक्सिको बॉर्डर मजबूत करने के लिए किया जाना चाहिए। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि वे कांग्रेस से बिल पास होने के तुरंत बाद इसे साइन कर देंगे, जिससे दुनिया में यह मैसेज जाए कि अमेरिका अपने दोस्तों के साथ हमेशा खड़ा रहता है।

# भारतीय-अमेरिकी छात्रा ने नासा का पावर टू एक्सप्लोर चैलेंज जीता



वाशिंगटन (एजेंसी)। भारतीय-अमेरिकी छात्र आद्या कार्तिक को नासा के पावर टू एक्सप्लोर चैलेंज के तीन विजेताओं में से एक घोषित किया गया है। नासा ने तीसरे वार्षिक पावर टू एक्सप्लोर चैलेंज के विजेताओं की घोषणा की। यह एक राष्ट्रीय लेखन प्रतियोगिता है जिसे किंडरगार्टन से 12वीं के छात्रों को अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए रेडियोआइसोटोप की शक्ति के बारे में सिखाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। वॉशिंगटन प्रांत के रेडमंड की रहने वाली आद्या (12) को अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी ने पांचवीं से आठवीं कक्षा वर्ग में विजेता घोषित किया। रेनी लिन किंडरगार्टन से चौथी कक्षा की श्रेणी में और थॉमस लियू नौवीं से 12वीं कक्षा की श्रेणी में विजेता बने। प्रतियोगिता में छात्रों से नासा के रेडियोआइसोटोप पावर सिस्टम (आरपीएस), परमाणु बैटरी के बारे में जानने के लिए कहा गया, जिसका उपयोग एजेंसी सौर मंडल और उससे आगे के कुछ सबसे चरम स्थलों का पता लगाने के लिए करती है। 250 शब्दों या उससे कम में छात्रों को इन अंतरिक्ष शक्ति प्रणालियों द्वारा सक्षम अपने स्वयं के एक मिशन के बारे में लिखना था और अपने मिशन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अपनी स्वयं की शक्ति का वर्णन करना था। आद्या ने लिखा ?कि सितंबर 2017 में कई दिलचस्प खोजें करने के बाद कैसिनी अंतरिक्ष यान शनि के वायुमंडल में गिर गया, जिसके बारे में फिर कभी नहीं सुना गया। हालांकि, कैसिनी की विरासत जीवित है, क्योंकि इसकी खोजों का अभी भी वैज्ञानिक समुदाय द्वारा अध्ययन किया जाता है, विशेष रूप से शनि के कई चंद्रमा पर इसके द्वारा किए गए शोध। उसने आगे लिखा कि शनि का पांचवां सबसे बड़ा चंद्रमा, टेथिस, काफी हद तक पानी-बर्फ से बना है। कैसिनी फ्लाईबाई के दौरान 2015 में चंद्रमा की सतह पर रहस्यमय लाल चाप देखे गए थे, उनकी उत्पत्ति अज्ञात थी।

# केजरीवाल की जान लेने का रचा जा रहा षड्यंत्र : आप

नयी दिल्ली (एजेंसी) आम आदमी पार्टी ने कहा कि भाजपा दिल्ली चुनावों में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को हरा नहीं पाती है इसलिए उन्हें जेल में बंद करके उनकी जान लेने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। आप वरिष्ठ आप नेता और कैबिनेट मंत्री आतिशी ने आज कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्री केजरीवाल के ख़िलाफ़ एक बहुत बड़ा षड्यंत्र रच रहे हैं। अरविंद केजरीवाल को भाजपा दिल्ली में चुनावों में हरा नहीं पाती है इसलिए उन्हें जेल में बंद करके उनकी जान लेने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। सुश्री आतिशी ने कहा कि हर व्यक्ति जानता है कि अरविंद केजरीवाल गंभीर डायबटीज़ के मरीज़ है। उन्हें 30 सालों से यह बीमारी है। अपने



ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रण में रखने के लिए वो रोज़ाना इन्सुलिन के 54 यूनिट लेते है। इतना इन्सुलिन केवल वही व्यक्ति लेता है, जो डायबटीज़ से बेहद गंभीर रूप से प्रभावित है। उन्होंने कहा कि डायबटीज़ की बीमारी में क्या खाना खाया जाता है, क्या एक्सरसाइज की जाती है, किस समय की जाती है? ये सब ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने के लिए बहुत ज़रूरी होता है।

# ईरान को कब और कैसे जवाब देना है ये हम तय करेंगे : पीएम नेतन्याहू

यरुशलम (एजेंसी)। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपने करीबी सहयोगी देशों की ओर से संयम बरतने की अपील को खारिज करते हुए कहा कि उनका देश यह तय करेगा कि इस सप्ताह की शुरुआत में ईरान के बड़े हवाई हमले का जवाब कैसे दिया जाए। इजराइल ने ईरान के अभूतपूर्व हमले का जवाब देने का संकल्प लिया, लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया कि यह जवाब कब और कैसे दिया जाएगा। पिछले साल अक्टूबर में गाजा पट्टी पर शासन कर रहे हमास के लड़ाकों ने इजराइल पर हमला कर करीब 1200 लोगों की हत्या कर दी थी और कई लोगों को बंधक बना लिया था। इसके जवाब में इजराइल ने सैन्य अभियान शुरू किया जो अब भी जारी है और इसके और विकराल रूप लेने की आशंका पैदा हो गई है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपनी कैबिनेट की बैठक में कहा, 'मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि हम अपने निर्णय स्वयं लेंगे। इजराइल अपनी रक्षा के लिए जो भी आवश्यक होगा वह करेगा।' उल्लेखनीय है कि हमले के बाद से इजराइल के सहयोगी उससे आग्रह कर रहे हैं कि वह ऐसी किसी भी प्रतिक्रिया से दूर रहे जो संघर्ष को और बढ़ा सकती है। ब्रिटेन और जर्मनी के विदेश मंत्रियों ने भी यही अपील बुधवार को अपनी-अपनी इजराइल यात्रा के दौरान दोहराई। रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने इजरायल पर 185 ड्रोन से हमला किया। इसके अलावा 110 जमीन से जमीन पर मार करने वाली और 36 क्रूज मिसाइलें भी दागी गईं। इससे इजरायली क्षेत्र का आसमान पट गया। मीडिया में आए वीडियो को देखने पर ऐसा लग रहा है मानो आतिशबाजी चल रही हो।

# गूगल के कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर कार्यालय में दिया धरना

## 8 घंटे से अधिक समय तक हटने से इनकार करने के बाद किया गिरफ्तार




न्यूयॉर्क (एजेंसी)। गूगल के कई कर्मचारी कैलिफोर्निया और न्यूयॉर्क में कंपनी के इजरायली सरकार के साथ काम करने के विरोध में प्रदर्शन कर रहे हैं।कुछ कर्मचारियों ने कैलिफोर्निया में गूगल क्लाउड के सीईओ थॉमस कुरियन के ऑफिस में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया। उनके 8 घंटे से अधिक समय तक हटने से इनकार करने के बाद उनमें से कई को गिरफ्तार कर लिया गया। उनकी मांगों में यह शामिल था कि गूगल इजरायली सरकार को क्लाउड कंप्यूटिंग सेवाएं देना बंद कर दे। इस घटना का एक वीडियो भी ऑनलाइन शेयर किया गया है, जिसमें कर्मचारियों को गूगल ऑफिस के अंदर बैठे देखा जा सकता है। गूगल के कर्मचारियों ने न्यूयॉर्क और कैलिफोर्निया सहित विभिन्न गूगल कार्यालयों में विरोध प्रदर्शन किया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह विरोध 2021 में हस्ताक्षर किए गए एक अरब डॉलर के एआई अनुबंध, प्रोजेक्ट निंबस को लेकर था. विरोध प्रदर्शन तब बढ़ गया जब कर्मचारियों के एक समूह ने आठ घंटे से अधिक समय तक गूगल क्लाउड के सीईओ थॉमस कुरियन के ऑफिस पर कब्जा कर लिया। उन्होंने अपने धरने का सीधा प्रसारण किया। इस दौरान अपनी मांगों में गूगल द्वारा इजरायली सेना और सरकार के साथ सभी संबंधों को तोड़ना और कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा संकट को हल करना शामिल था। रात होते ही कंपनी का एक अधिकारी प्रदर्शनकारियों के पास आया और उन्हें बताया कि उन्हें प्रशासनिक छुट्टी पर रख दिया गया है और उन्होंने परिसर खाली करने का अनुरोध किया है। परिसर छोड़ने से इनकार करने के कारण कानून लागू करने में देरी हुई पुलिस को घटनास्थल पर बुलाया गया और कर्मचारियों को गिरफ्तार कर लिया गया, जिसने लाइवस्ट्रीम का नाटकीय अंत किया। प्रदर्शनकारी नो टेक फॉर रंगभेद आंदोलन का हिस्सा थे, जो गूगल के भीतर एक समूह है, जो कंपनी के व्यावसायिक फैसलों के बारे में तेजी से मुखर हो गया है। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि वह अपनी नौकरी नहीं खोना चाहती हैं, लेकिन प्रोजेक्ट निंबस और इजरायली सरकार के किसी भी समर्थन की जोरदार निंदा की।

# अमेरिका में अवैध तरीके से प्रवेश करने वाले भारतीय नागरिक की मौत

वाशिगटन,(एजेंसी)। अमेरिका में अवैध तरीके से प्रवेश करने वाले एक भारतीय नागिरक की अस्पताल में मौत हो गई। उसे भारत भारत भेजा जाना था। यह जानकारी अमेरिका के संघीय अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।



अमेरिकी प्रवासन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास को 57 वर्षीय जसपाल सिंह की मौत के बारे में जानकारी दे दी गई है। उसके घर वालों को भी की सूचना दे दी गई है।

आईसीई ने बताया कि 15 अप्रैल को अटलांटा के एक अस्पताल में जसपाल सिंह की मौत हो गई। भारतीय नागरिक जसपाल ने 25 अक्टूबर 1992 में कानूनी तरीके से अमेरिका में प्रवेश किया था। 21 जनवरी 1998 को एक आव्रजन न्यायाधीश ने सिंह को अमेरिका से जाने का आदेश दिया इसके बाद सिंह स्वेच्छा से भारत लौट आया था। जसपाल सिंह ने 29 जून 2023 को दोबारा अमेरिका में अवैध तरीके से प्रवेश करने की कोशिश की लेकिन अधिकारियों ने उसे अमेरिका-मेक्सिको सीमा पर गिरफ्तार कर लिया था। जसपाल को गिरफ्तार करने के बाद उसे अटलांटा के प्रवर्तन और निष्कासन संचालन (ईआरओ) को सौंप दिया गया था। जहां से उसे अटलांटा के एक हिरासत केंद्र में रखा गया था। अमेरिका में जब ऐसे किसी व्यक्ति की हिरासत केंद्र में मौत होती है जो वहां का नागरिक नहीं है तो ईआरओ को दो दिन के अंदर संसद, गैर-सरकारी संगठन, मीडिया को इसकी सूचना देनी होती है साथ ही अपनी वेबसाइट में उस व्यक्ति से जुड़े विवरण साझा करने होते हैं।

# कैमरून को दिखा मणिपुर में धार्मिक संघर्ष

लंदन,(एजेंसी)। मणिपुर हिंसा का मामला ब्रिटेन की संसद में उठाया गया है। मणिपुर हिंसा मामले पर चर्चा कर रहे ब्रिटेन के विदेश मंत्री और पूर्व प्रधानमंत्री डेविड कैमरून ने कहा है कि मणिपुर के संघर्ष में साफ तौर पर धार्मिक पक्ष है। संघर्ष में चर्च को क्यों नष्ट किया गया? इससे साफ है कि मणिपुर हिंसा में धार्मिक आयाम है। मणिपुर में जातीय हिंसा मामले पर हाउस ऑफ लॉर्ड्स को संबोधित कर रहे विदेश मंत्री एवं पूर्व प्रधानमंत्री डेविड कैमरून ने कहा कि मणिपुर में संघर्ष में साफ तौर पर धार्मिक पक्ष है। यह बात कैमरून ने विनचेस्टर के लॉर्ड बिशप के सवाल का जवाब देते हुए कही। उन्होंने ब्रिटिश संसद में कहा कि यह सही है कि हमें इस हिंसा के कुछ धार्मिक पहलुओं को कम करके आंकना नहीं चाहिए। हां, यह कभी-कभी सांप्रदायिक, आदिवासी या जातीय हो सकता है लेकिन कई मायनों में इसका धार्मिक हिस्सा तय होता है। कैमरून ने एक अन्य धार्मिक स्वतंत्रता वाले सवाल के जवाब में कहा कि यह ऐसा मामला है जिसे अनेक मौकों पर भारत सरकार के सामने हमने उठाया है। उन्होंने आगे कहा कि उन्होंने मणिपुर हिंसा पर डेविड कैंपानेल की रिपोर्ट का अध्ययन किया है।

यह रिपोर्ट बताती है कि इस बात पर ध्यान दिया जाना चाहिए कि यदि (मणिपुर) घाटी के लोगों और पहाड़ियों के आदिवासियों के बीच जातीय या आर्थिक विवादों का हवाला देकर संघर्ष की व्याख्या की जाती है, तो भी इन बातों का जवाब तो मिलना शेष ही है। रिपोर्ट में पूछा गया है कि मणिपुर संघर्ष में चर्च क्यों नष्ट किए गए? इसका एक सीधा और स्पष्ट धार्मिक आयाम है।

# यूएई में बारिश ने 75 सालों का रिकॉर्ड तोड़ा....भारत ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर

**अब तक 135 लोगों की मौत**

दुबई (एजेंसी)। पाकिस्तान, अफगानिस्तान और कई खाड़ी देशों में पिछले 4 दिनों से हो रही बारिश के कारण हालात खराब हो गए हैं। यूएई में बारिश ने 75 सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। ? दुबई में बाढ़ जैसे हालात देखकर वहां मौजूद भारतीय वाणिज्य दूतावास ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया है।

वहीं बाढ़ में अब तक 135 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से 70 लोग अफगानिस्तान में, वहीं 65 ने पाकिस्तान में दम तोड़ दिया। ओमान में भी बाढ़ के चलते 20 लोगों की मौत हुई है।

इसके पहले दुबई में खराब मौसम के कारण भारत आने वाली 28 उड़ाने को रद्द कर दिया गया था। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांत में इमरजेंसी लगानी पड़ी थी।



मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले 24 घंटों में दुबई में करीब 15.2 सेमी बारिश हुई है। वहीं मंगलवार को यहां 10 इंच से ज्यादा बारिश हुई थी। दूसरी तरफ, ओमान में बारिश की वजह से 1400 लोगों को शेल्टर में भेजा गया है। स्कूल और सरकारी ऑफिस को बंद कर दिया गया है।

पाकिस्तान डिजास्टर मैनेजमेंट अथोरिटी ने बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा के चित्राल, दार, स्वात, अबोटाबाद लोगों को घर से न निकलने की एडवाइजरी जारी की है। पाकिस्तान के मौसम विभाग ने 22 अप्रैल तक पूरे देश में भारी बारिश, ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने भारी बारिश का कारण क्लाइमेंट चेंज बताया है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में लोगों को राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है। आवाजाही के लिए सड़कों को सुधारा जा रहा है। इसके अलावा पाकिस्तान के कई और प्रांतों के लिए बाढ़ की चेतावनी भी जारी की गई है। ओमान में पिछले तीन दिन से तेज बारिश हो रही है। मस्कट समेत देश के कई इलाकों में हालात बदतर हैं। बारिश के कारण आई बाढ़ से अब तक 20 लोगों की मौत हो गई है। कजाकिस्तान में भारी बारिश के कारण बाढ़ आ गई है। 1.5 लाख लोगों को बाढ़ प्रभावित इलाकों से निकालकर सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है। 16 हजार लोग अपने घरों की और निकल चुके

## एक नजर

### रोहित बोले, धोनी नहीं कार्तिक को विश्वकप के लिए मनाना होगा आसान

मुम्बई (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने आईपीएल में शानदार बल्लेबाजी कर रहे विकेटकीपर बल्लेबाज महेन्द्र सिंह धोनी और दिनेश कार्तिक की जमकर प्रशंसा की है। रोहित ने कहा कि आगामी टी20 विश्वकप को देखते हुए धोनी को वापसी के लिए मनाना संभव नहीं रहेगा क्योंकि वह अब किसी भी हालत में वापस नहीं आयें पर कहा कि कार्तिक को वापसी के लिए मानना आसान होगा। रोहित वानखेड़े स्टेडियम में धोनी की जबरदस्त पारी से प्रभावित हैं जिसमें उन्होंने केवल चार गेंदों पर 20 रन बनाए थे जिसमें लगातार तीन छक्के शामिल थे। वहीं कार्तिक ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए 83 रन बनाये थे। रोहित ने कहा, मैं कार्तिक की बल्लेबाजी से खुश हूं । जिस तरह से उन्होंने बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए आक्रामक बल्लेबाजी की। ऐसे में कार्तिक को विश्वकप के लिए मनाया जा सकता है। कार्तिक ने आरसीबी की ओर से इस सत्र में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है, उन्होंने मुम्बई इंडियंस के खिलाफ मैच में 53 रन बनाए तब रोहित ने मजाकिया अंदाज में कहा था कि उनके दिमाग में विश्वकप चल रहा है। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अकेले ही 83 रन बनाकर अपनी टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचा दिया।

### रॉयल्स ने शाहरुख और यशस्वी की मुलाकात का वीडियो शेयर किया

कोलकाता (एजेंसी)। राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मिली जीत के बाद बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान से मुलाकात की। शाहरुख अपनी टीम कोलकाता के खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाने पहुंचे थे।

राजस्थान रॉयल्स प्रबंधन ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी पोस्ट किय है। इसमें यशस्वी केकेआर के सह-मालिक शाहरुख से मिलते हुए नजर आते हैं। जैसे ही शाहरुख ने जयसवाल को गले लगाया। टीम राजस्थान के बल्लेबाज ने उन खास पलों को सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया।

राजस्थान ने इस पोस्ट के साथ लिखा, बस इतना सा ख्वाब। उक्त पोस्ट पर शाहरुख की फिल्म ओम शांति ओम का एक अहम डायलॉग भी लिखा है। इस पर क्रिकेट प्रशंसकों ने भी जमकर कमेंट किये। एक ने लिखा, एक आम इंसान जो सपना देखता है वो यशस्वी जयसवाल पूरा कर रहे है। दूसरे ने लिखा छोटे शहर के लड़कों के सपने पूरे कर रहा आईपीएल। लोगों ने इस पोस्ट पर बहुत सारे कमेंट भी किये हैं।

### बटलर को बेहतर प्रदर्शन के बाद भी नहीं मिली है प्रशांस : हरभजन

मुम्बई (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने राजस्थान रॉयल्स के सलामी बल्लेबाजी जोस बटलर की प्रशंसा करते हुए उन्हें एक विशिष्ट खिलाड़ी बताया। हरभजन ने कहा कि जिस प्रकार दबाव वाली स्थिति से टीम को दो बार निकालकर उन्होंने जीत दिलायी है, उसके बाद भी उनकी बात नहीं हो रही। बटलर आईपीएल में अब तक 7 शतक लगा चुके हैं। वह जब शतक लगाते हैं उनकी टीम जीत हासिल करती है। बटलर की इसी खासियत से भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह भी खुश दिखे। उन्होंने बटलर को विशेष खिलाड़ी कहा। हरभजन ने कहा कि उन्हें किसी भारतीय खिलाड़ी की तुलना में उतनी प्रशंसा नहीं मिलती। जितनी मिलनी चाहिए। वह एक विशेष खिलाड़ी हैं। वह एक अलग दर्जे का खिलाड़ी हैं। बटलर ने ऐसा पहली बार नहीं किया है। उन्होंने ऐसा कई बार किया है और हम उन्हें आगे भी कई बार यह करते हुए देखेंगे। वह बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं। हम शायद उनके बारे में ज्यादा बात नहीं करते क्योंकि वह भारतीय खिलाड़ी नहीं हैं। उन्होंने कोहली और महेंद्र सिंह धोनी का उदाहरण देते हुए कहा कि बटलर को भी वही सम्मान दिया जाना चाहिए।

### कप्तानी के कारण शाहीन और मेरे में कोई मतभेद नहीं : आजम

लाहौर (एजेंसी)। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के नये कप्तान बाबर आजम ने कहा है तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी से उनके काफी अच्छे संबंध हैं। ऐसे में ये कहना कि शाहीन को कप्तानी से हटाये जाने से दोनो के बीच दूरियां आ गयी है सही नहीं है। पाक बोर्ड ने विश्वकप के बाद शहीन को कप्तानी दी थी पर तीन माह के बाद ही आजम को फिर कप्तान बना दिया। अब बाबर ने कहा कि शाहीन ने सवयं ही कप्तानी से मुक्त करने की बात कही थी। आजम ने कहा,÷ मैं यह साफ करनार चाहता हूं कि मेरा और शाहीन अफरीदी का रिश्त आज का नहीं पहले का है। हम एक दूसरे का किसी भी हाल में समर्थन करते हैं। हमारा लक्ष्य है अपनी टीम को पहले नंबर पर रखना और यह देखना कि हम उसे कैसे ऊपर ला सकते हैं। हम व्यक्तिगत लाभ के बारे में नहीं सोचते और हमारी टीम में ऐसा कुछ नहीं है।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में विराट , रोहित के रिकार्ड तोड़ सकते हैं बाबर आजम

लाहौर (एजेंसी)। पाकिस्तान टीम की कप्तान दोबारा संभालने वाले बाबर आजम न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 मैचों की सीरीज में टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में भारत के रोहित शर्मा और विराट कोहली को भी पीछे छोड़ सकते हैं। इस प्रकार वह बतौर कप्तान सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे। अभी तक टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने का विश्व कीर्तिमान विराट के नाम है। विराट ने 117 टी20 मैचों में 4037 रन बनाए हैं। इस सूची में दूसरे नंबर पर टीम इंडिया के कप्तान रोहित हैं। रोहित ने 151 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 3974 रन बनाए हैं। वहीं आजम 3698 रनों के साथ ही तीसरे नंबर पर हैं। विराट को पीछे छोड़ने के लिए बाबर आजम को 340 रन की जरूरत है। ऐसे में कीवी टीम के खिलाफ आजम के पास विराट के महारिकॉर्ड को तोड़ने का अच्छा मौका है।

### सुपर जॉयंट्स ने मयंक की शीघ्र वापसी के संकेत दिये

मुम्बई (एजेंसी)। अपने पहले ही दो मैचों में आईपीएल इतिहास की सबसे तेज गेंद फेंककर धूम मचाने वाले लखनऊ सुपर जॉयंट्स के युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव की टीम में शीघ्र वापसी की उम्मीदें हैं। मयंक चोटिल होने के कारण पिछले दो मैच नहीं खेल पाये थे। वहीं इस सत्र में अपनी तेज रफ्तार से मयंक ने सभी को अपना प्रशंसक बनाया है। लखनऊ सुपर जॉयंट्स ने अब सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया है। इसमें मयंक को गेंदबाजी करते हुए देखा गया है। वह चोट की वजह से मयंक दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ मुकाबले में नहीं खेल सके.

# रोमांचक मुकाबले में मुम्बई इंडियंस ने पंजाब किंग्स को नौ रन से हराया

मुल्लांपुर 18 अप्रैल (एजेंसी) सूर्यकुमार यादव (78) रनों की शानदार अर्धशतीय पारी और उसके बाद जसप्रीत बुमराह और गेराल्ड कोएत्जी की कातिलाना गेंदबाजी के दम पर मुम्बई इंडियंस ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 33वें मैच में पंजाब किंग्स को नौ रन से हरा दिया है। मुम्बई इंडियंस की सात मैचों में यह चौथी जीत है।

193 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 14 रन पर अपने चार विकेट गवां दिये। कप्तान सैम करन (6), प्रभसिमरन सिंह (शून्य), राइली रुसो (एक), लियम लिविंगस्टन (एक) रन बनाकर आउट हुये। ऐसे संकट के समय हरप्रीत सिंह और शशांक सिंह ने पारी को संभालने का प्रयास किया। हरप्रीत सिंह (13) और जितेश शर्मा (9) रन बनाकर आउट हुये। शशांक सिंह ने 25 गेंदों में दो चौके और तीन छक्के लगाते हुये 41 रन बनाये। आशुतोष शर्मा ने 28 गेंदों में दो चौके और सात छक्के लगाते हुए (61) रनों की पारी खेली। हरप्रीत बराड़ 21 बनाकर आउट हुये। कगिसो रबाडा आठ रन बनाकर आउट हुये। हर्षल पटेल एक रन बनाकर नाबाद रहे। पंजाब की टीम 19.1



ओवर में 183 रन पर सिमट गई। पंजाब की यह सात मैचों में पांचवीं हार है। मुम्बई इंडियंस की ओर से गेराल्ड कोएत्जी ने 32 रन देकर और जसप्रीत बुमराह 21 रन देकर ने तीन-तीन विकेट लिये। आकाश मधवाल और श्रेयस गोपाल को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले सूर्यकुमार यादव (78), रोहित शर्मा (36) और तलिक वर्मा के नाबाद (34) रनों की शानदार पारी के दम पर मुम्बई इंडियंस ने पंजाब किंग्स को जीत के लिए 193 रनों का लक्ष्य दिया था। आज यहां महाराज यदविंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई इंडियंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही और इशान किशन (8) को रबाड़ा ने पवेलियन भेज दिया। इसके बाद रोहित शर्मा ने सूर्यकुमार यादव के साथ पारी को संभाला और दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट लिये 81 रन जोड़े। 12वें ओवर में एस करन ने रोहित शर्मा को आउट कर दिया। रोहित ने 25 गेंदों में दो चौके और तीन छक्कों की मदद से 36 रन बनाये। वहीं सूर्यकुमार यादव ने 53 गेंदों में सात चौकों और तीन छक्के लगाते हुए 78 रनों की पारी खेली। उन्हें एस करन ने प्रभसिमरन के हाथों कैच आउट कराया। कप्तान हार्दिक पंड्या (10) और टिम डेविड (14), रोमारियो शेफर्ड (एक) रन बनाकर आउट हुये। तिलक वर्मा ने 18 गेंदों में दो चौके और दो छक्के लगाते हुए नाबाद 34 रन बनाये।

## लखनऊ सुपर जाइंट्स और सीएसके के बीच रोमांचक मुकाबले की उम्मीद

लखनऊ (एजेंसी)। आईपीएल में शुक्रवार को इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जाइंट्स की टीम अपने घरेलू मैदान पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ मैच में जीत से लय हासिल करना चाहेगी। लीग में अच्छी शुरुआत के बाद पिछले दो मैचों में मिली हार से टीम को झटका लगा है। ऐसे में अब वह घरेलू मैदान में जीत से अपने अभियान को पटरी पर लाना चाहेगी। वहीं सीएसके टीम के पास पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी जैसे अनुभवी खिलाड़ी हैं। धोनी अब कप्तान नहीं है पर टीम की रणनीति के पीछे उनकी भूमिका से इंकार नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा अंतिम ओवर में जिस प्रकार मुम्मई इंडियंस के खिलाफ उन्होंने तीन छक्के लगाकर अपनी टीम को




जीत दिलायी थी उससे भी अंदाजा होता है कि उनकी फिटनेस अब भी शानदार है। इस मैच में सीएसके की दावेदारी इसलिए भी अधिक मजबूत है क्योंकि उसने अपने पिछले दोनो ही मैच जीते हें जबकि केएल राहुल की लखनऊ टीम को लगातार हार का सामना झेलनी पड़ी है जिससे उसपर दबाव रहेगा। लखनऊ के बल्लेबाज अब तक उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं, ऐसे में सीएके के गेंदबाजों का सामना करना उनके लिए कठिन रहेगा। सीएसके के पास मथीषा पथिराना जैसा गेंदबाज है जिसे अंतिम ओवरों में खेलना बेहद कठिन रहता है। वहीं मुस्ताफिजुर रहमान की गेंदबाजी में भी काफी विविधता है। इसके अलावा स्पिनर रविंद्र जडेजा भी प्रभावी रहे हैं। वहीं लखनऊ की गेंदबाजी युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव के चोटिल होने से कमजोर हुई है। टीम के अनुसार मयंक ने अभ्यास शुरु कर दिया है पर अभी उनका खेलना तय नहीं हैं। अगर वह खेलते हैं तो सीएसके के बल्लेबाजों की मुश्किलें बढ़ जाएंगी। स्पिनर रवि बिश्नोई ने भी अब तक काफी अच्छी गेंदबाजी की है। पर विविधता न होने से उन्हें विकेट नहीं मिल पाये हैं। लखनऊ के स्पिनरों के लिए सीएसके के आक्रामक बल्लेबाज शिवम दुबे को रोकना आसान नहीं होगा। शिवम ने अब तक स्पिनरों के खिलाफ काफी आक्रामक बल्लेबाजी की है। इसके अलावा टीम के पास अजिंक्य रहाणे और कप्तान रुतुराज गायकवाड़ और डेवोन कॉनवे जैसे बल्लेबाज हैं।

## पेरिस ओलंपिक से बाहर हुए लंबी कूद के शीर्ष खिलाड़ी मुरली

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के लंबी कूद के शीर्ष खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर घुटने की चोट के कारण पेरिस ओलंपिक में नहीं खेलेंगे। मुरली का बाहर होना भारत के लिए बड़ा झटका हैं क्योंकि उन्हें पदक का बड़ा दावेदार माना जा रहा था। मुरली को अपनी इस चोट के लिए घुटने की सर्जरी करानी होगी। इस कारण वह पूरे 2024 सत्र से बाहर हो गये हैं। गौरतलब है कि एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता श्रीशंकर ने 2023 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 8.37 मीटर छलांग लगाकर रजत पदक जीतने के साथ ही ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया था। मुरली को 27 अप्रैल और 10 मई को लगातार दो डाइमंड लीग प्रतियोगिता के साथ अपने सत्र की शुरुआत करनी थी पर अभ्यस के दौरान लगी चोट के कारण उनके खेलने की संभावनाएं समाप्त हो गयीं। श्रीशंकर ने कहा, 'यह बुरे सपने की तरह लगता है पर ये सही है कि अब में ओलंपिक नहीं खेल पाउंगा। उन्होंने कहा, 'मुझे अभ्यास के दौरान घुटने की चोट लगी और परीक्षण के बाद कहा गया कि मुझे सर्जरी करानी होगी। श्रीशंकर ने कहा, 'मेरे अंदर प्रतिकूल विपरीत हालातों का सामना करने का साहस रहा है, उन स्थितियों को स्वीकार करना ही होगा जिन्हें मैं बदल नहीं सकता।

## टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में नये खिलाड़ियों को जगह मिलने की संभावना नहीं

मुम्बई (एजेंसी)। आगामी टी20 विश्वकप को लेकर भारतीय टीम की घोषणा इस माह इस माह होने की संभावना है। इसके लिए भारतीय टीम में किसी नये खिलाड़ी को जगह मिलने की संभावना नहीं है। अब तक अटकलें थीं कि आईपीएल में बेहतर प्रदर्शन करने वालों को अवसर मिल सकता है पर अब ऐसा होता नहीं नजर आता है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अस्थायी 15 सदस्यीय टीम घोषित करने के लिए एक मई की तारीख तय की है। जिसको देखते हुए बीसीसीआई चयन समिति के प्रमुख अजीत अगरकर और चयनकर्ता टीम को अंतिम रुप देने में लगे हैं। वहीं एक बीसीसीआई अधिकारी ने कहा, 'इसके लिए कोई प्रयोग या फिर आईपीएल के प्रदर्शन से चयन नहीं होगा। भारत के लिए जो खिलाड़ी खेलते हैं और जिन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है, उन्हें ही अवसर मिलेगा। इससे साफ लगता है कि शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल में से कोई एक टीम में जगह बनाने से रह सकता है लेकिन अगर अंतिम एकादश में दोनों को चुना जाता है तो फिर दो फिनिशर रिंकू सिंह और शिवम दुबे में से किसी एक को ही जगह मिलेगी।

वहीं दूसरे विकेटकीपर के स्थान के लिए भी फैसला करीबी हो सकता है जिसमें संजू सैमसन को जितेश शर्मा, केएल राहुल और ईशान किशन से प्रतिस्पर्धा मिलेगी। राहुल और किशन शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करते हैं और इस आईपीएल में इन दोनों ने अभी तक मध्यक्रम में बल्लेबाजी का प्रयास नहीं किया है जिससे चयनकर्ताओं के लिए निचले क्रम में उनके प्रदर्शन का विश्लेषण करना मुश्किल होगा। हार्दिक पंड्या की गेंदबाजी फिटनेस हालांकि चिंता का विषय बनी हुई पर उनके चयन को लेकर कोई संदेह नजर नहीं आता।

अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली की जगह भी पक्की है। वहीं कप्तान रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, रविंद्र जडेजा, ऋषभ पंत, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव का भी चयन तय है।

## जिस तारीख को लेकर मेरे ऊपर आरोप लगे हैं उस दिन में देश से बाहर था : बृजभूषण

नई दिल्ली (एजेंसी)। कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने आज राउज एवेन्यू अदालत में आज एक अर्जी दाखिल करते हुए कहा कि जिस दिन उनके ऊपर महिला पहलवानों से छेड़छाड़ के आरोप लगे हैं उस दिन वह देश से बाहर थे। कोर्ट में आज बृजभूषण के खिलाफ महिला पहलवानों के मामले में आरोप तय करने पर फैसला होना था पर बृजभूषण ने कुछ बिंदुओं पर जांच कराए जाने की मांग को लेकर अर्जी दाखिल कर कुछ बिंदुओं पर बहस करने की मांग की। इस मामले में अब 26 अप्रैल को फैसला आएगा उसी के बाद आरोप तय होंगे। आज अदालत में बृजभूषण ने अपनी अर्जी में कहा कि जिस तारीख पर



एक महिला पहलवान द्वारा कुश्ती महासंघ के दिल्ली कार्यालय में उनपर कथित छेड़छाड़ का आरोप लगाया गया है, उस तारीख पर वह देश से बाहर थे। बृजभूषण ने इस मामले में सबूत के तौर पर अर्जी के साथ पासपोर्ट की कॉपी भी दी है, जिस पर उस तारीख पर इमीग्रेशन की मोहर लगी हुई है। इसी को लेकर उन्होंने दावा किया है कि वह उस समय दिल्ली में नहीं थे।

इसके बाद अदालत ने कहा कि एक शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि एक अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम से वापस आने के बाद कुश्ती महासंघ के दिल्ली कार्यालय में उसका यौन उत्पीड़न किया गया था पर मगर अभियोजन पक्ष ने उस तारीख पर सीडीआर की कॉपी जमा नहीं की है। इस पर दिल्ली पुलिस ने कहा चार्जशीट पर संज्ञान के बाद बहस के दौरान यह मामला अदलत के सामने बृजभूषण ने नहीं उठाया था पर अब इस मालूमें में देरी के लिए लिए इस मुद्दे को उठाया जा रहा है। दिल्ली पुलिस ने कहा कि यह केवल एक तारीख के आरोप को लेर सवाल उठा रहे हैं पर दूसरे आरोपों पर सवाल नहीं उठा रहे।

## व्यापार

# नेशनल स्टॉक एक्सचेंज 24 अप्रैल 2024 से निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स पर डेरिवेटिव लॉन्च करेगा

**अटल हिंद संवाददाता**

हिसार। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई), जो वर्ष 2023 में कारोबार किए गए अनुबंधों के आधार पर दुनिया का नंबर 1 डेरिवेटिव एक्सचेंज है, को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स पर डेरिवेटिव के लिए मंजूरी मिल गई है। इन अनुबंधों को 24 अप्रैल, 2024 से लॉन्च किया जाएगा।

एक्सचेंज 3 सिलसिलेवार मासिक सूचकांक वायदा और सूचकांक विकल्प अनुबंध चक्र की पेशकश करेगा। कैश सैटल्ड डेरिवेटिव कॉन्ट्रेक्ट समाप्ति माह के अंतिम शुक्रवार को समाप्त हो जाएंगे।

निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स निफ्टी 50 कंपनियों को छोड़कर निफ्टी 100 से 50 कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है। मार्च 2024 तक, सूचकांक में वित्तीय सेवा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व 23.76 प्रतिशत के साथ शीर्ष क्षेत्र में था, इसके बाद 11.91 प्रतिशत के साथ पूंजीगत सामान क्षेत्र और 11.57 प्रतिशत के साथ उपभोक्ता सेवाओं का नंबर आता है। सूचकांक 1 जनवरी, 1997 को पेश किया गया था, जिसकी आधार तिथि और आधार मूल्य क्रमशः 03 नवंबर, 1996 और 1000 था। पिछले कुछ वर्षों में, सूचकांक पद्धति में संशोधन हुआ है। सूचकांक गणना पद्धति को 4 मई 2009 से फ्री फ्लोट मार्केट कैपिटलाइज़ेशन भारित पद्धति में संशोधित किया गया था। इसके बाद, उन घटक शेयरों के लिए वेट कैपिंग शुरू की गई थी, जिन पर डेरिवेटिव उपलब्ध नहीं थे। इसे 2023 में संशोधित कर नॉन-एफएंडओ शेयरों के संचयी भार को 10 प्रतिशत तक सीमित कर दिया गया था और सूचकांक में नॉन-एफएंडओ शेयरों को तिमाही पुनर्संतुलन तिथियों पर प्रत्येक को 4.5 प्रतिशत तक सीमित कर दिया गया था।

## शेयर बाजार गिरावट पर बंद




मुम्बई (एजेंसी)। घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को भी गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के बाद भी ही बिकवाली हावी होने से आई है। मध्य पूर्व में इजराइल और ईरान के बीच तनाव से भी निवेशकों ने सतर्कता बरती है।

आज कारोबार के दौरान बैंकिंग शेयरों में गिरावट से भी बाजार पर दबाव पड़ा। आईटी शेयरों में भी कुछ में ही बढ़त रही। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई मानक सूचकांक सेंसेक्स 454.69 अंक करीब 0.62 फीसदी नीचे आकर 72,488.99 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में आज 72,365.67 और 73,473.05 के बीच में कारोबार हुआ।

दूसरी ओर पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 152.05 अंक तकरीबन 0.69 फीसदी नीचे आकर दिन के अंत में 21,995.85 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी में आज 21,961.70 और 22,326.50 के बीच में कारोबार हुआ

इससे पहले आज सुबह ?श्विक बाजारों से ?मिले अच्छे संकेतों की वजह से बाजार की तेजी के साथ शुरुआत हुई। बाजार में करीब बीते 3 कारोबारी दिनों में बिकवाली का माहौल था पर गुरुवार को बाजार में खरीदारी देखने को मिली। बाजार के प्रमुख इंडेक्स हरे निशान में कारोबार कर रहे थे। सेंसेक्स करीब 300 अंक उछलकर 73,200 के पार पहुंच गया है। वहीं निफ्टी में भी 100 अंक ऊपर 22250 के पार कारोबार देखा गया है। बुधवार को रामनवमी के मौके पर बाजार बंद था। इससे पहले मंगलवार को ईरान-इजराइल युद्ध से बाजार गिरा था।

मध्य पूर्व में तनाव बढ़ने की आशंकाओं के बीच आईटी शेयरों में भारी बिकवाली के कारण इक्विटी बेंचमार्क सूचकांकों सेंसेक्स और निफ्टी में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन भी गिरावट जारी रही। मंगलवार को बीएसई सेंसेक्स 456 अंक कमजोर हुआ। वहीं निफ्टी में भी 124 अंक की गिरावट दर्ज की गई।

## बांगुर सीमेंट ने लॉन्च किया नया मल्टीमीडिया कैंपेन

**अटल हिंद संवाददाता**

पानीपत। बांगुर सीमेंट ने देश भर के नागरिकों को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए नए मल्टीमीडिया कैंपेन का अनावरण किया है। यह कैंपेन 'वोट सोलिड, देश सोलिड' देश को सोलिड यानि मजबूत बनाने के लिए हर व्यक्ति के मतदान के महत्व पर रोशनी डालता है। यह कैंपेन आधुनिक है क्योंकि यह ब्राण्ड के पिछले बेहद लोकप्रिय कैंपेन का सीक्वल है, जिसे बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल के साथ फिल्माया गया था।

यह कैंपेन 'वोट सोलिड, देश सोलिड' का संदेश देता है। जिस तरह बांगुर सीमेंट सोलिड घर बनाने में मदद करता है, ठीक उसी तरह आप अपने मतदान के अधिकार का उपयोग कर देश को सोलिड बनाने में योगदान दे सकते हैं। कैंपेन के बारे में बात करते हुए श्री नीरज अखोरी, मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री सीमेंट ने कहा, ''बांगुर सीमेंट का 'वोट सोलिड देश सोलिड' कैंपेन और 'वोट का वचन' शपथ, हमारे ब्राण्ड्स, प्रोडक्ट्स एवं नेटवर्क के माध्यम से समावेशी विकास के साथ प्रगतिशील देश के निर्माण के लिए हमारी सतत प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं।'' इसके अलावा ब्राण्ड, अपनी वेबसाईट votekavachan.bangurcement.com. पर 'वोट का वचन' के माध्यम से लोगों को मतदान की शपथ लेने के लिए भी प्रोत्साहित करता है। बांगुर सीमेंट ने मतदान की हर शपथ के लिए 1 किलोग्राम सीमेंट दान में देने की शपथ ली है, जिसका उपयोग समाज कल्याण कार्यों में किया जाएगा। बांगुर सीमेंट इस प्रयोजन के लिए एनजीओ एवं स्वयं सहायता समूहों के साथ साझेदारी कर रहा है।

## बांग्लादेश का स्पिन गेंदबाजी कोच बना पूर्व पाक क्रिकेटर

ढाका (एजेंसी)। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने पाकिस्तान के पूर्व लेग स्पिनर मुश्ताक अहमद को टी20 विश्वकप तक लिए टीम का नया स्पिन गेंदबाजी कोच बनाया है। बीसीबी के अनुसार मुश्ताक अगले महीने जिबाब्वे के साथ होने वाली टी-20 सीरीज से पहले शिविर से जुड़ जाएंगे। वह श्रीलंका के रंगना हेराथ की जगह लेंगे। जून 2021 से कोच रहे थे।

मुश्ताक ने कोच बनाये जाने पर उत्साहित होकर कहा, 'बांग्लादेश क्रिकेट टीम का स्पिन गेंदबाजी कोच चुना जाना सम्मान की बात है।

# आम आदमी पार्टी नेता से पार्टी कार्यकर्ताओं ने ठगे 15 लाख रुपए

अटल हिंद/पूर्ण सिंह

अम्बाला। आम आदमी पार्टी के नेता से पार्टी के ही कार्यकर्ताओं ने धोखाधड़ी कर 15 लाख रुपए ठग लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आम आदमी पार्टी के एससी विंग के प्रदेश संयुक्त सचिव मिलक शेखां निवासी संजीव कुमार ने पुलिस को शिकायत दी कि उसकी मुलाकात नेहा रानी पत्नी राजेश कुमार और राजेश कुमार निवासी सरांवा की टपरियां जिला अम्बाला से 10 अक्टूबर 2022 को मुलाकात हुई। यह आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता हैं। इन दोनों ने 10 नवंबर 2023 को अपने घर संरांवा की टपरियां में राजेश के पिता जसमेर सिंह और माता सत्या देवी और भाई संजीव कुमार से मिलवाया। इसके बाद दोनों का एक दूसरे के घर आना-जाना शुरू हो गया। इसके बाद नेहा ने उसे कहा कि उसकी नेहा इंटरप्राइजेज के नाम से रियल इस्टेट की कंपनी है। जिसमें मैं, पति राजेश कुमार, जेठ संजीव कुमार, ससुर जसमेर सिंह और सास सत्या मिलकर जमीन का बिजनेस करते हैं। उन्होंने संजीव कुमार से कहा कि यदि वह कंपनी में 15 लाख रुपए लगाते हैं तो वह बराड़ा में उसे रोड के नजदीक 10 मरले का प्लाट देंगे और हर तीन महीने बाद डेढ़ लाख रुपए बोनस के रूप में देंगे। उनकी बातों में आकर संजीव ने अपने पिता फूल सिंह से इस बारे में बात की और फूलसिंह के खाते से राजेश कुमार के खाते में 15 लाख रुपए ट्रांसफर किए। इसके साथ ही आरोपियों ने उसे कहा कि आपके ऊपर बुरा साया है और वह तांत्रिक क्रिया से इसे ठीक कर देंगे। इसके कुछ समय बाद उन्होंने बोनस के डेढ़ लाख रुपए उसे दे दिए। जिससे हमारा विश्वास उनपर पक्का हो गया, लेकिन कुछ समय बाद जब बोनस नहीं आया और न ही प्लॉट दिया तो संजीव ने आरोपियों से पैसे मांगने शुरू दिए। लेकिन आरोपियों ने उसके मोबाइल नंबर को ब्लॉक कर दिया। जब संजीव अन्य नंबरों से कॉल करता तो या तो काट देते या बाद में पैसा देने की बात करते। इसके बाद आरोपी राजेश ने उसे एक चैक दिया, जब उस चैक को बैंक में लगाया तो पैसे ना होने के कारण चैक बाउंस होग गया। शिकायतकर्ता संजीव ने कहा कि इसके बाद जब वह उससे पैसे मांगता तो आरोपी उसे धमकी देने लगते। यही नहीं आरोपी राजेश उसके घर आकर भी उसे धमकी दे चुका है। परेशान होकर उसने पुलिस में मामला दर्ज कराया है।

वहीं, पुलिस ने नेहा रानी, राजेश कुमार, संजीव कुमार, जसमेर सिंह, सत्या देवी निवासी सरांवां की टपरियां के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चीका, हरिगढ किगंन, पीडल, कल्लर माजरा, पपराला व थेह बनहैड़ा में पुलिस द्वारा नशा के दुष्परिणामो बारे करवाया गया अवगत

अटल हिंद संवाददाता




कैथल, 18 अप्रैल। नशे से आजादी मुहिम के तहत समाज को नशा मुक्त करने के उद्देश्य से एसपी उपासना के निर्देशानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत पुलिस टीम द्वारा आए दिन कैथल जिले में महिलाओं सहित आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी मुहिम तहत वीरवार को एचसी सुनील कुमार द्वारा चीका, हरिगढ किगंन, पीडल, कल्लर माजरा, पपराला व थेह बनहैड़ा में महिलाओं सहित आमजन को नशे के दुष्प्रभावों बारे अवगत करवाया गया। इस दौरान पुलिस द्वारा आमजन को जानकारी दी गई कि नशा एक सामाजिक बुराई है। नशा करने वाला व्यक्ति खुद के साथ साथ अपने परिवार को भी बर्बाद कर देता है। मनुष्य के लिए नशे का सेवन किसी भी प्रकार से हितकारी नहीं है और नशे के कारण लाखों युवा जिंदगी खो चुके है और बहुत से परिवार बेघर हो गए है। नशे से शरीर व घर दोनो का नाश होता है। किसी को भी नशा नहीं करना चाहिए। खेल या अन्य गतिविधि में बेहतरीन कार्य करके अपने माता पिता, गांव समाज का नाम रोशन करना चाहिए। नशा मुक्त व अपराध मुक्त समाज की स्थापना के लिए हम सभी को मिलकर कदम उठाने होंगे। पुलिस मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई कर रही है। मगर लोगों में नशा के खिलाफ जागरूकता पैदा करने तथा इस अभियान की शत प्रतिशत सफलता के लिए जन सहयोग अति आवश्यक है। आमजन नशे से संबंधित कोई भी सूचना कैथल पुलिस नंबर 9054049337 पर दे सकते है। सूचना देने वाले का नाम पता गुप्त रखा जाएगा।

## एक नजर

### भगवान के घर चोरी करने के आरोपी काबू

**अटल हिंद संवाददाता/अम्बाला।** मंदिर में दानपात्र का ताला तोड़कर नकदी व अन्य सामान चोरी करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उगाला निवासी दवेन्द्र ने थाना बराड़ा में शिकायत दर्ज कराई कि 20 मार्च को दो अज्ञात चोरों ने गांव में मन्दिर के दानपात्र का ताला तोड़कर नकदी व अन्य सामान चोरी कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में शाहबाद के रवि कॉलोनी निवासी रोबिन को गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश करने पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### जिले में 126 संवेदनशील बूथों पर शांतिपूर्वक मतदान के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद

**अटल हिंद संवाददाता/भिवानी।** लोकसभा आम चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढ़ंग से चुनाव प्रक्रिया संपन्न करवाने के लिए सुरक्षा की दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पुलिस विभाग द्वारा संवेदनशील बूथ चिन्हित किए गए हैं। जिला भिवानी के अंतर्गत आने वाले चार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 912 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं, इनमें यहां की पूर्व की तनाव आदि की पृष्ठभूमि या वर्तमान की विषम परिस्थितियों के मद्देनजर 126 पोलिंग बूथ संवेदनशील की श्रेणी में रखे गए हैं, जहां शांतिपूर्वक मतदान के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। चिन्हित किए गए इन सभी संवेदनशील बूथों पर शांतिपूर्वक मतदान संपन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन अतिरिक्त प्रयास करेगा, जिसमें अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती भी शामिल रहेगी।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पुलिस विभाग द्वारा भिवानी विधानसभा क्षेत्र में 22 स्थानों पर 29 बूथ, लोहारू विधानसभा क्षेत्र में 23 स्थानों पर 31 बूथ, तोशाम विधानसभा क्षेत्र में 12 स्थानों पर 22 बूथ तथा बवानीखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में 28 स्थानों पर 44 संवेदनशील बूथ चिन्हित किए गए हैं। भिवानी विधानसभा क्षेत्र में 29 पोलिंग स्टेशन संवेदनशील की श्रेणी में चिन्हित गए हैं।

### डीसीआरयूएसटी के 6 विद्यार्थियों की हुई प्लेसमेंट

**अटल हिंद संवाददाता/सोनीपत।** दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल के 6 विद्यार्थियों को इंडियन ऑयलङ्कअडानी गैस प्राइवेट लिमिटेड में चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों को 6 लाख रुपए का वार्षिक पैकेज मिला। कुलपति प्रो.श्रीप्रकाश सिंह ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी तथा उज्जवल भविष्य की कामना की। विश्वविद्यालय के रोजगार एवं प्रशिक्षण अधिकारी प्रो. सुरेश वर्मा के अनुसार विश्वविद्यालय में कैंपस प्लेसमेंट के लिए इंडियन ऑयलङ्कअडानी गैस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी आई। कड़ी चयन प्रक्रिया के बाद कंपनी ने इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के आदित्य गांधी, गौरव यादव व नमन भाटिया, इलैक्ट्रोनिक्स एण्ड कम्यूनिकेशन इंजीनयरिंग से लोकेश शर्मा व मैकेनिकल इंजीनियरिंग से लक्ष्य जून व शायाल्यू का चयन किया है। चयनित विद्यार्थियों को 6 लाख रुपए का वार्षिक पैकेज मिला।

### चलती बस में से परिरचालक का रूपए वाला थेला छिन कर युवक फरार

**अटल हिंद संवाददाता/भिवानी।** बस परिचालक से एक युवक उसका पैसे वाला थेला लेकर फरार होने का समाचार है। मिली जानकारी के अनुसार भिवानी के बस स्टेंड से एक बस नारनौल के लिए सवारियां लेकर चली। जैसे ही बस दादरी गेट पर पहुंची तो वंहा से तीन सवारियां बस में चढ़ी। यंहा से बस थोड़ा आगे बढ़ी ही थी कि एक युवक ने परिचालक से रूपए वाला थेला छिनने का प्रयास किया। दोनों में हाथापाई भी हुई। बस परिचालक के अनुसार युवक आखिर में थेला छिनने में कामयाब हो गया और बस से छलांग लगा गया। बस रोक कर चालक और परिचालक ने युवक का पिछा भी किया। परन्तु युवक अपने साथी की स्क ूटी पर बैठ कर फरार हो गया। बताया गया है कि दादरी गेट से एक स्कूटी बस के साथ-साथ चल रही थी।

# श्रीराम ज्ञान मंदिर में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा श्री राम जन्मोत्सव आयोजित

अटल हिंद/मनोज गोयल



दादरी, 18 अप्रैल। श्रीराम ज्ञान मंदिर में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा श्री राम जन्मोत्सव का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम की शुरूआत श्री राम जी की पूजा अर्चना एवं जोत प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम में प्रीतम दास जी रामायणी ने श्रीराम के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमे उनके जीवन से प्रेरणा लेना चाहिए।सम्मेलन के वरिष्ठ सदस्य सुनील मित्तल, पुनीत मित्तल एवं गौरी शंकर सिंघल ने बताया कि मंदिर में स्थित श्री राम दरबार एवं पूरे मंदिर स्थल की सजावट देखने लायक़ रही। संस्था के प्रधान सतीश बजाज एवं महासचिव दिनेश गर्ग अधिवक्ता ने रामायणी जी को शाल ओढ़ाकर उनका स्वागत अभिनंदन किया एवं कार्यक्रम में पहुँचने पर श्रद्धालुओं का आभार प्रकट किया।

कार्यक्रम में इलाके के प्रसिद्ध भजन गायक प्रिंस हैरी मोना, विजय भारती, पवन गोयल, रमन वर्मा , कृष्ण मित्तल ने भगवान राम के सुंदर भजनों से पूरे मंदिर परिसर को राममय कर दिया। मंच संचालन पवन गोयल ने किया।संस्था उपप्रधान विजय अग्रवाल विष्णु गोयल एवं ललित महाजन ने आए हुए गणमान्य लोगो को पटका एवम माला पहनाकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में महिला ज़िलाध्यक्ष रितु गोयल, रेखा गोयल, महासचिव अर्चना अग्रवाल, एवं पूरी टीम ने महिला श्रद्धालुओं को पटका पहनाकर उनका अभिनंदन किया। शाम के समय मंदिर परिसर में ब्रह्मकुमारी आश्रम, वैश्य स्कूल, डी आर के स्कूल, पी एच स्कूल द्वारा श्रद्धालुओं के लिये सुंदर झाकियाँ भी लगाई गई।

# मोखा माजरा में अम्बेडकर जयंती समारोह में उमड़ी भीड़, बाबा साहेब को किया नमन

अटल हिंद संवाददाता



अम्बाला। श्री गुरु रविदास मन्दिर एंव डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर प्रबंधक कमेटी मोखा माजरा द्वारा अम्बाला शहर के निकट गांव मोखा माजरा में संविधान निर्माता, विश्व रत्न और सर्व समाज के नायक डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के जन्मदिवस के उपलक्ष में एक शाम महापुरुषों के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। कमेटी के मायाराम ने बताया कि कार्यक्रम में युवा पंजाबी मिशनरी गायक विक्की बडरूखे ने बाबा साहेब का बखूबी प्रचार प्रसार किया। इस गांव का यह पहला कार्यक्रम बहुत सफल रहा। हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। कार्यक्रम में पहुंचे एडवोकेट रोहित जैन और समस्त गुरु रविदास मंदिर कमेटीयो को बाबा साहेब का चित्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ओमदत्त बीडीवाल, जरनेल सिंह बडाक, राज कुमार, राजिंदर कुमार, कुलवीर सिंह, दविंदर सिंह, पवन कुमार, विनोद कुमार, रमन कुमार, मनीष कुमार रोहित ,अजय,राकेश कुमार,राजेश कुमार, धर्मवीर सिंह, मनिंदर, जसवीर, सतीश, मनी, हर्ष, दिनेश, हरीश, गोल्डी, अमित, प्रीतपाल, सुरज भान, कुलदीप समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# इवीएम क़ो बैन करने की मांग, एसडीएम क़ो सौपा ज्ञापन



अटल हिंद/पूर्ण सिंह

अम्बाला। आज अंबाला मे ईवीएम बेन के खिलाफ भारत मुक्ती मोर्चा और बेगमपुरा टीम अम्बाला द्वारा एसडीएम को ज्ञापन दिया गया। बेगमपुरा टीम के शैकी जंडली ने बताया कि एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ओर इलेक्शन कमीशन के नाम दिए ज्ञापन में आगामी चुनाव में इवीएम क़ो बैन करने की मांग की है। क्योंकि इ वीएम के जरिये गोलमाल हो सकता है। इवीएम के खिलाफ आवाज उठाना हर देश के नागरिक का कर्तव्य बनता है सभी मिलकर साथ आए और ओर श्वङ्करू के खिलाफ आवाज उठाए। पुरानी चुनाव प्रक्रिया की तरह बैलेट पेपर से चुनाव कराए जाये। उन्होंने राष्ट्रपति से मांग की कि देश हित और समाजहित में इवीएम क़ो बैन किया जाये। इस अवसर पर ओमदत्त बीडीवाल, अरुण मंडोर समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# समाजसेवी उदयभान डागर ने बेटे के लग्न एवम भात समारोह में शगुन के रूप में मात्र एक रुपया व नारियल लेकर की क्षेत्र में मिशाल क़ायम

अटल हिंद/मनोज गोयल



कोसली, 18 अप्रैल।

गांव भाकली के समाजसेवी उदयभान डागर ने बेटे अजय डागर के लग्न एवम भात समारोह में शगुन के रूप में मात्र एक रुपया व नारियल लेकर पूरे कोसली क्षेत्र में एक अनोखी मिशाल क़ायम की । दहेज़ रहित शादी करने पर गुरुग्राम लोकसभा प्रत्याशी सांसद राव इंदरजीत नें उदयभान डागर को फ़ोन पर इस अनुकरणीय पहल के लिए बधाई देते हुए अपनी शुभकामनाएं दी । उल्लेखनीय है कि भाकली निवासी उदयभान डागर नें डेरौली अहीर निवासी नरेश कुमार की बेटी आरती से अपने बेटे अजय डागर का रिश्ता तय किया था। हिन्दू रीती रीवाज के अनुसार लग्न समारोह मे लडके पक्ष नें लड़की पक्ष से शगुन के तौर पर एक रूपया व नारियल लेकर तथा भात में भी एक रुपए का शगुन लेकर आम जन को एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। भाकली निवासी अजय डागर लॉ कोर्स के बाद अपना निजी व्यापार संभाल रहें हैं। वही लड़की आरती नें बीएड की हुई है। उन्होंने बताया कि उनकी शुरू से ही इच्छा थी कि वे अपने बच्चों की शादी बिना दहेज के करेंगे।हम समाज को सन्देश देना चाहते हैं दहेज़ प्रथा से दूर रहें। यह समाज के लिए समाजिक कुरीति हैं। आमजन भी दहेज़ प्रथा से दूर रहें। हमने गरीबी अमीरी को दूर कर एक किसान की बेटी से संबंध बनाया है। इस अवसर पर पूर्व विधायक पटौदी बिमला चौधरी, रोहतक लोकसभा प्रत्याशी सांसद अरविन्द शर्मा, बाबू वीर कुमार यादव, हुक्म सिंह यादव, बलजीत यादव, रामोतार कतोपारी, जिला प्रमुख मनोज यादव, बलजोर यादव, डीएसपी कोसली जयसिंह, पार्षद जीवन हितैषी, सरपंच श्यामसिंह, विजय पूनिया, रामफल प्रधान, मनोज कोसलिया , ओम प्रकाश भारद्वाज, राहुल राव, यशवंत बाबूजी, सुभाष गर्ग प्रधान, शीशपाल थानेदार, मेहरसिंह साहब, रविंद्र भाकली प्रधान हसला, धर्मेंद्र यादव ने घर पहुंचकर आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए कक्षा नौवीं से बारहवीं का पाठ्यक्रम बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड

अटल हिंद संवाददाता

भिवानी। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डाक्टर वी.पी. यादव ने बताया कि शिक्षा बोर्ड द्वारा छात्रों को गुणात्मक शिक्षा देने के लिए सकारात्मक कदम उठाते हुए शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के लिए नये पाठ्यक्रम को लागू किया गया है, जिसे बोर्ड की अधिकारिक वेबसाईट पर अपलोड कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप पठन-पाठन की प्रक्रिया को और अधिक सहज, सरल, तर्कशील व प्रभावशाली बनाने तथा प्रश्न-पत्रों के प्रारूप को दक्षता आधारित बनाने के लिए 100 से अधिक विषय-विशेषज्ञों एवं मुख्य संसाधन व्यक्तियों की 7 कार्यशालाओं का आयोजन करवाने उपरांत बोर्ड द्वारा यह पाठ्यक्रम तैयार किया गया है। यादव ने आगे बताया कि नये पाठ्यक्रम में इस बात पर विशेष जोर दिया गया है कि अध्यापक कक्षा में विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता के अनुरूप पाठ्यक्रम का अनुसरण करते हुए ही पाठ योजना तैयार करके अध्यापन करवाएं, ताकि विद्यार्थियों में तर्कशीलता का आधार बढ़े व विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास भी हो सके। उन्होंने बताया कि बोर्ड द्वारा शैक्षणिक प्रणाली को और अधिक मजबूत करने की निरंतरता में नये प्रारूप अनुसार नौवीं से बारहवीं तक विषयवार एक-एक मॉडल प्रश्न-पत्र व चरणबद्ध मूल्यांकन योजना तैयार करवाते हुए शीघ्र ही बोर्ड की अधिकारिक वेबसाईट पर अपलोड किए जाएंगें।

# विश्व आधार परमात्मा अपने आप ही मां है : संत रामसिंह

अटल हिंद संवाददाता



अम्बाला। गांव झरमड़ी महामाया देवा मठ से निराकारी जागृति मिशन आश्रम खतौली मे पंहुचे परमपूजनीय मठाधीश श्री श्री 108 संत रामसिंह जी महाराज ने रुहानी ज्ञान गोष्ठी के दौरान प्रवचनों में फरमाया कि यह सोलह आने सच है कि यह अखिल ब्रह्मांड मे खंडो ब्रह्मांडों का मालिकेकुल, विश्व आधार परमात्मा अपने आप ही मां है, अपने आप ही बाप है। यह आप ही अपने आप को देखा है, अपने आप ही अपने आप को सुनता है और अपने आप ही अपने आप को स्पर्श करता है। यह अपने आप ही सभी दृश्यों का दृष्टा है, सर्वश्रेष्ठ है, सर्वव्यापी, सर्व अंतर्यामी और सर्वशक्तिमान होने के कारण सबका वंदनीय है। परमपूजनीय सदगुरुदेव श्री.श्री.1008 महामंडलेश्वर एडवोकेट स्वामी ज्ञान नाथ, गद्दीनशीन चेयरमैन, निराकारी जागृति मिशन एंव राष्टीय उपाध्यक्ष संत सुरक्षा मिशन भारत ने अपने संबोधन मे कहा कि इस ओत-प्रोत परम चैतन्य प्रियतम पिता परमात्मा के परिपूर्ण रूप से अस्तित्व में होने से इसके भय और प्रबल प्रभाव से सूर्य, चंद्रमा और सितारे चमकते हैं। इसी परम सत्ता के काण-कण में वास होने के कारण सदा सर्वदा, कायम-दायम और परम चेतन होने से सृष्टि के समस्त चराचर प्राणधारियों के दिल की धड़कन चलती है। इसी के होने से आंखों देखी है, कान सुनते हैं, मुख बोलता है, कर्म इंद्रियां, ज्ञानेंद्रियां, मन, बुद्धि, चित्त सुचारू रूप से काम करते हैं।

# गेहूं का उठान समय पर न होने से बाबैन मंडी में लगा जाम, किसानो को अपना पीला सोना सडक़ो पर डालनें को होना पड़ रहा है मजबूर

अटल हिंद/सुरेश अरोड़ा



बाबैन, 18 अप्रैल। अनाज मंडी बाबैन में गेहूं का उठान धीमा व समय पर न होने से बाबैन मंडी में जाम की स्थिति पैदा हो गई है। बाबैन मंडी के सभी फड़ गेहूं से भरे कट्टों से अटे पड़े होने के कारण किसानों को अपनी खून पसीनें की कमाई पीले सोने को सडक़ों पर डालनें को मजबूर होना पड़ रहा है। अनाज मंडी बाबैन में 18 अप्रैल तक 3 लाख कट्टों के करीब गेहूं की आवक हो चुकी है जिसमें से अब तक मात्र 40 हजार गेहूं के कट्टों का ही उठान हो सका है। पिछले कई दिनों तक खराब मौसम के चलते बाबैन अनाज मंडी में गेहूं की आवक सुस्त थी परंतु अब मौसम के ठीक हो जाने से मंडी में गेहूं की आवक काफी तेज हो गई है। खराब मौसम के डर से किसान गेहूं कटाई के लिए मजदूरों का इंतजार किए बिना गेहूं कटाई के लिए कम्बाईनों का ही सहारा ले रहे है। किसानों का मानना है कि यदि मंडी में गेहूं के उठान की यही स्थिति रही तो किसानों को अपना गेहूं डालने के लिए शैलरों के फड़ों का सहारा लेना पड़ेगा जहां पर गेहूं के चोरी होने का पूरा अंदेशा है। बाबैन में गेहूं की खरीद का जिम्मा खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के पास है जिसने 17 अप्रैल तक खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने 1 लाख 8 हजार क्विंटल गेहूं खरीदा है। मंडी से गेहूं ढुलाई का कार्य कर रहे ट्रक संचालकों का कहना है कि रेलवे स्पेशल लगी होने के कारण ट्रकों से समय पर गेहूं की उतराई नहीं हो रही है जिसके कारण गेहूं से भरा ट्रक दो-दो दिन तक गोदामों के बाहर लाइनों में खड़े रहते है जिसके चलते उन्हें भी नुकसान हो रहा है। मंडी के व्यापारी कौशल सैनी, जगमाल ङ्क्षसह, मोहन लाल, सुखश्याम सहित अनेक व्यापारियों ने प्रशासन से मंडी से गेहूं का उठान समय पर सुनिश्चित करवाने की मांग की है ताकि गेहूं को लेकर मंडी में किसी तरह की कोई परेशानी न आए। उन्होंने प्रशासन से बाबैन मंडी से गेहूं का उठान समय पर करने के लिए ठेकेदार को ज्यादा वाहनों का इंतजाम करने के निर्देश देने की भी मांग की है।

### क्या कहते है खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के निरीक्षक

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के निरीक्षक बृजमोहन शर्मा का कहना है कि समय पर मंडी से गेहूं का उठान न करने के कारण ठेकेदार पर जुर्माना लगाया गया है। रेलवे स्पेशल लगी होने के कारण गेहूं का उठान कुछ धीमा हुआ है और एक दो दिन में मंडी से खरीदी गई गेहूं उठाने के कार्य में तेजी लाई जाएगी ताकि मंडी से समय पर गेहूं का उठान हो सके और गेहूं को लेकर किसानों और व्यापारियों को कोई समस्या ना आए।

# गगनदीप चौटाला का भाजपा कार्यालय बरवाला में पहुंचने पर बड़ी गर्मजोशी के साथ किया स्वागत

अटल हिंद संवाददाता



हिसार। लोकसभा हिसार सांसद प्रत्याशी रणजीत सिंह चौटाला के सुपुत्र गगनदीप चौटाला बरवाला शहर के मेन रोड पर स्थित बरवाला विधानसभा के भाजपा चुनाव कार्यालय बरवाला में पहुंचे। गगनदीप चौटाला का इस कार्यालय में पहुंचने पर उपस्थित भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं द्वारा बड़ी गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं द्वारा भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद व रणजीत सिंह चौटाला जिंदाबाद के नारे लगाए गएद्ध गगनदीप चौटाला ने अपने सम्बोधन में हिसार लोकसभा सांसद प्रत्याशी रणजीत सिंह चौटाला के हाथ मजबूत करने और आने वाली 25 मई को कमल के फूल के निशान के सामने वाला बटन दबाकर हिसार लोक सभा सांसद प्रत्याशी रणजीत सिंह चौटाला को भारी मतों से जितवाने की अपील की7 इस अवसर पर पूर्व विधायक वेद नारंग, नगरपालिका चेयरमेन रमेश बैटरीवाला, साधु राम जाखड़, अनिल ग्रेवाल, महेंद्र सेतिया, केवल कृष्ण आर्य, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि आनंद मेहता, वीरभान ढींगडा, पी.ए. विकास, मंडल प्रधान महेश शर्मा, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि विक्की रहेजा, डॉक्टर वजीर गिल, संदीप वाल्मीकि, ईश्वर जलन्धरा, सुरेश गोयल व लव शर्मा आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### राजीव गांधी राजकीय बहुतकनीकी संस्थान नरवाना में प्लेसमैंट ड्राइव में 4 विद्यार्थियों का हुआ चयन



**अटल हिंद संवाददाता/नरवाना, 18 अप्रैल।** राजीव गांधी राजकीय बहुतकनीकी संस्थान नरवाना में पिजोर्फ इनफोरमैटिम्स प्रा. कम्पनी द्वारा प्लेसमैंट ड्राइव का आयोजन किया गया जिसमें राजीव गांधी राजकीय बहुतकनीकी संस्थान के कम्प्यूटर इंजिनियरिंग ब्रांच से 4 विद्यार्थी मंजू, स्वाति, अंकुश व जतिन शर्मा का चयन हुआ। संस्थान के प्राचार्य जसवंत सिहं ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर संस्थान के प्लेसमैंट इंचार्ज सनप्रीत कौर व राजेश सैनी ने भी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी।

### निर्माणाधीन एक्सप्रेस वे से लोहा का सामान चुराने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अटल हिंद संवाददाता/कैथल।** निर्माणाधीन दिल्ली कटरा एक्सप्रेस वे से लोहा का सामान चुराने के मामले की जांच चौकी संगतपुरा पुलिस इंचार्ज एएसआई विक्रम सिंह की अगुवाई में एचसी महिपाल द्वारा करते हुए आरोपी गांव कैलरम निवासी महिपाल उर्फ धौला को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जिला चरखी दादरी के गांव बोंद कलां निवासी अनुज की शिकायत अनुसार वह समधईन्फ्रा कंपनी में तैनात हुँ। उनकी कंपनी ने निर्माणाधीन दिल्ली कटरा एक्सप्रेसवे पर सांघन धनौरी गांव के पास पूल बनाने का ठेका लिया हुआ है। जो 24 मार्च को उसने जांच में पाया कि उपरोक्त आरोपी द्वारा वहां से लोहा सरिया, छोटी व बड़ी प्लेट, पाईप तथा जैक चुरा ले गए। जिस बारे थाना सदर में मामला दर्ज किया गया। उपरोक्त मामले में पहले ही दो आरोपियों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जा चुका हैं। आरोपी महिपाल के कब्जे से 2500 रुपए बरामद किए गए। आरोपी न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### एसडीएम ने लिया फसल खरीद प्रबंधों का जायजा



**अटल हिंद संवाददाता/सिवानी, 18 अप्रैल।** एसडीएम वीरेंद्र सिंह ने आनाज मंडी का दौरा कर सरसों खरीद कार्य का जायजा लिया तथा खरीद अधिकारीयों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने टांसपोर्ट से उठान तेजी लाने के आदेश दिए। एसडीएम वीरेंद्र सिंह ने गुरुवार को अनाजमंडी में पहुंच कर किसानों व आढ़तियों से बातचीत की। एसडीएम वीरेंद्र सिंह ने कहा कि जिला उपायुक्त के दिशा निर्देश पर खरीद कार्य में पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है। प्रत्येक आढ़ती किसानों को जागरूक कर सूखा अनाज ही मंगवाएं ताकि खरीद व उठान जल्द हो सके। एसडीएम ने कहा कि संबंधित अधिकारी तिरपाल,बारदाना सहित सभी आवश्यक सामग्री रखना सुनिश्चित करें। मार्केट कमेटी सचिव को निर्देश दिए कि मंडी परिसर में सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए। मंडी में बिजली-पानी शौचालय व टोकन की उचित व्यवस्था करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि मंडी में किसानों को अनाज बेचने में किसी तरह की परेशानी नहीं आनी चाहिए।

# किसान आंदोलन-2 : खनौरी-दातासिंहवाला बार्डर पर हुई किसान शुभकरण की मौत के मामले में न्यायिक जांच करने 3 सदस्यीय समिति पहुंची नरवाना

**जांच समिति के समक्ष किसानों ने रखा अपना पक्ष**

**समिति में पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट की पूर्व चीफ जस्टिस जयश्री ठाकुर, ए.डी.जी.पी. हरियाणा अमिताभ सिंह ढिल्लो व ए.डी.जी.पी. पंजाब प्रमोद बन पहुंचे नरवाना**

**जांच समिति ने बार्डर पर पहुंच कर घटनास्थल का किया निरीक्षण, किसानों से भी की बातचीत**

**आगामी 6 मई को किसान भवन चंडीगढ़ में होगी मामले की अगली सुनवाई**

अटल हिंद/राजीव गर्ग



नरवाना, 18 अप्रैल। गत 21 फरवरी को खनौरी-दातासिंहवाला पंजाब बार्डर पर किसान आंदोलन-2 के दौरान किसानों व सुरक्षा बलों के बीच हुए संघर्ष में किसान शुभकरण की हुई मौत के मामले में गठित न्यायिक जांच समिति के 3 सदस्य पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय की पूर्व चीफ जस्टिस जयश्री ठाकुर, ए.डी.जी.पी. हरियाणा अमिताभ सिंह ढिल्लो, ए.डी.जी.पी. पंजाब प्रमोद बन वीरवार को नरवाना के हरियल लोक निर्माण विश्राम गृह में पहुंचे। तीन सदस्यीय जांच समिति ने यहां मामले की जांच शुरू की। भारतीय किसान यूनियन पंजाब के अध्यक्ष बलवीर सिंह रजोवाल के नेतृत्व में लगभग 15 किसान वकीलों के साथ जांच समिति के समक्ष पेश हुए और इस मामले में अपना पक्ष रखा। किसानों ने करीब एक घंटे तक जांच समिति के समक्ष अपना पक्ष रखा। इस दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था यहां की गई थी। डी.सी. जींद मोहम्मद इमरान रजा व एस.पी. जींद सुमित कुमार सहित जिले व नरवाना उपमंडल के तमाम अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। किसान नेता बलवीर सिंह रजोवाल ने बताया कि उन्होंने जांच समिति के समक्ष अपनी बात रखते हुए इस मामले की जांच हरियाणा से बाहर करने की मांग की। रजोवाल ने हरियाणा पुलिस पर गवाहों पर दबाव डालने का आरोप लगाया और कहा कि इस मामले की जांच पंजाब या चंडीगढ़ में की जाए, हरियाणा में पुलिस की दबाव के चलते गवाहों को परेशानी होगी।

किसानों की इस मांग पर जांच समिति ने मामले की अगली सुनवाई आगामी 6 मई को किसान भवन चंडीगढ़ में रखी और उस दिन मामले से जुड़े तमाम गवाहों व सबूतों को पेश करने की बात कही। बलवीर सिंह रजोवाल ने कहा कि आगामी 6 मई को जांच समिति के समक्ष सभी गवाह व सबूत पेश किए जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि किसान आंदोलन 2 के दौरान जब खनौरी-दातासिंहवाला बार्डर से पंजाब के किसान दिल्ली कूच करने के लिए हरियाणा की सीमा में प्रवेश करने का प्रयास कर रहे थे तो दातासिंहवाला बार्डर पर तैनात सुरक्षा बलों ने किसानों को रोकने के लिए आंसू गैस के गोले, रबड़ की गोलियां व वाटर कैनन का प्रयोग किया था।

## लोकसभा आम चुनाव के लिए पोलिंग पार्टियों की हुई प्रथम रेंडमाइजेशन

अटल हिंद संवाददाता



रेवाड़ी, 18 अप्रैल। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा की अध्यक्षता में गुरुवार को लघु सचिवालय सभागार में लोकसभा आम चुनाव के लिए पोलिंग पार्टियों की ड्यूटी लगाने के लिए प्रथम रेंडमाइजेशन प्रक्रिया की गई। डीसी ने बताया कि यह प्रथम रेंडमाइजेशन प्रक्रिया एनआईसी द्वारा बनाए गए सॉफ्टवेयर के माध्यम से की गई है। इसमें पीठासीन तथा सहायक पीठासीन अधिकारियों की ड्यूटी तय की गई है। उन्होंने बताया कि अब इन अधिकारियों की जिला प्रशासन द्वारा ट्रेनिंग करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि लोकसभा आम चुनाव के लिए जिला में 781 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। इन पोलिंग स्टेशन के लिए पीठासीन अधिकारी तथा सहायक पीठासीन अधिकारियों की ड्यूटी तय की गई है। इसके अलावा जिला में रिजर्व स्टाफ भी रखा गया है। डीसी ने बताया कि चुनाव आयोग के दिशा निर्देशानुसार सॉफ्टवेयर के माध्यम से पोलिंग पार्टियों की ड्यूटी लगाई जाती है। इस दौरान कंप्यूटर अपने आप ड्यूटी तय करता है इसमें कोई मानवीय दखल नहीं होता।

## किशनलाल पब्लिक कॉलेज, रेवाड़ी मे मतदान जागरूकता को लेकर चलाया हस्ताक्षर अभियान

अटल हिंद/मनोज गोयल



रेवाड़ी, 18 अप्रैल।किशनलाल पब्लिक कॉलेज, रेवाड़ी में आज मतदान जागरूकता को लेकर हस्ताक्षर आंदोलन चलाया गया। इस आंदोलन का उद्देश्य होने वाले लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में जिला रेवाड़ी में मतदान प्रतिशत तथा मतदान जागरूकता में वृद्धि करना है। आंदोलन की शुरुआत किशनलाल पब्लिक कॉलेज की प्राचार्या डॉ. कविता गुप्ता ने अपने हस्ताक्षर द्वारा की। उन्होंने कहा कि मतदान लोकतंत्र की आधारशिला है तथा प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य भी है। नोडल ऑफिसर डॉक्टर ऋचा शर्मा ने बताया की आगामी लोकसभा चुनाव में महाविद्यालय के सभी व्यक्तियों में मतदान हेतु जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से यह हस्ताक्षर कैंपेन चलाया गया है, उन्होंने कहा कि कॉलेज के युवा इस हस्ताक्षर के द्वारा अपना यह संकल्प दोहराते हैं कि वह एक मतदाता के रूप में अपने कर्तव्य का पूरी तरह से पालन करेंगे और अपने परिवार जनों और अन्य लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। महाविद्यालय प्रबंधकारणी के अध्यक्ष अमित गुप्ता, उपाध्यक्ष संदीप खंडेलवाल, महासचिव कपिल कुमार गोयल एवं कोषाध्यक्ष हेमंत अग्रवाल ने सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की तथा स्वयं भी मतदान करने के संकल्प को दोहराया।

## हैरोइन सप्लाई करने वाला आरोपी थाना शहर पुलिस द्वारा गिरफ्तार

अटल हिंद संवाददाता



कैथल, 18 अप्रैल। युवा वर्ग को नशे की चपेट से बचाने के लिए एसपी उपासना के आदेशानुसार नशा तस्करो की जड़ मुल तक पहुंचते हुए नशा तस्करो की धरपकड़ की जा रही है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 11.2 ग्राम हेरोइन सप्लाई करने के मामले की जांच थाना शहर के एएसआई जयभगवान की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव कल्लरमाजरा निवासी अग्रेंज सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सैल टीम द्वारा 3 सितंबर 2023 को अर्जुन नगर कैथल स्थित एक मकान पर दबिश देकर आरोपी भुना निवासी निरंजनदास को काबू किया गया था। जिसके कब्जे से 11.2 ग्राम हेरोइन बरामद हुई थी। जिस बारे थाना शहर में मामला दर्ज किया गया था। मामले की आगामी जांच एएसआई जयभगवान द्वारा अमल में लाई गई। जांच दौरान खुलासा हुआ कि निरंजनदास को यह हैरोईन अंग्रेज सिंह द्वारा उपलब्ध करवाई गई थी।

## मोदी जी ने 25 करोड़ों लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाल, बनाया संपन्न : अरविंद शर्मा

अटल हिंद/मनोज गोयल



कोसली,18 अप्रैल। भाजपा सांसद डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि मोदी जी ने 25 करोड़ों लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाल, बनाया संपन्न।उन्होंने कहा कि विकास के मामले में मोदी जी जैसा कोई नही है। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि कांग्रेस का झूठ अब नहीं चलेगा, जनता को यह पता चल गया है कि दीपेन्द्र हुड्डा हर मामले में झूठ बोल रहे है। उन्होंने कहा कि सांसद निधि से लेकर विकास कार्यो तक को लेकर दीपेन्द्र हुड्डा झूठे आंकडे पेश कर रहे है। दस साल तक मुख्यमंत्री रहने के दौरान हुड्डा ने कोसली क्षेत्र के साथ भेदभाव किया है, जबकि भाजपा ने सबका साथ सबका विकास के साथ आगे बढ़ते हुए दक्षिणी हरियाणा क्षेत्र में एम्स सहित कई बड़े प्रोजेक्टों की सौगात दी है, जिसके चलते आज कोसली क्षेत्र विकास के मामले में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कोसली शहीद व जवानों की भूमि है और देश में कोसली ने हरियाणा का नाम रोशन किया है और प्रदेश के लोगों को कोसली पर गर्व है। उन्होंने दोहराया कि केन्द्र में तीसरी बार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनेगी और हरियाणा में दस की दस सीटों पर कमल का फूल खिलेगा।

वीरवार को भाजपा सांसद ने कोसली क्षेत्र के गांव माल्याकि, जिवडा, गुरावडा, गादला, कहनौरा, कन्होरी, उष्मापुर, भैरमपुर, बांस, सुर्खपुर, पहराजवास, चांग सहित अनेक गांवों में जनसम्पर्क अभियान के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में शिरक्त की। उन्होंने कहा कि पांच सौ वर्षो पुराना श्री राम मंदिर का निर्माण करवाना, जम्मू कश्मीर के अंदर धारा 370 को खत्म करना, महिलाओं को 33 प्रतिशत लोकसभा विधानसभा में आरक्षण देना, तीन तलाक को खत्म करना तथा देश की सुरक्षा को मजबूत करना सहित अनेक ऐतिहासिक फैसले लिए है, जिसके चलते आज देश के लोगों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति अटूट विश्वास बढ़ा है।

## मेलबर्न विश्वविद्यालय और निफ्टेम कुंडली के बीच एमओयू हुआ



अटल हिंद संवाददाता

सोनीपत। खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी में अनुसंधान और शैक्षणिक प्रयासों को विस्तार देने और अपनी विशेषज्ञता, संसाधनों और ज्ञान को आपस में सांझा करने के लिए मेलबर्न विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया और निफ्टेम-कुंडली, भारत के बीच वैश्विक स्तरीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) हुआ। समझौता ज्ञापन पर दोनों संस्थाओं के प्रमुखों डॉ. सुरिन्दर सिंह चौहान, उपनिदेशक, मेलबर्न इंडिया पोस्टग्रेजुएट एकेडमी और डॉ. हरिन्दर सिंह ओबरॉय, निदेशक, राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमशीलता एवं प्रबंधन संस्थान (निफ्टेम), कुंडली द्वारा उच्च अधिकारियों और संकायाध्यक्षों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। डॉ. सुरिन्दर सिंह चौहान ने टीम के साथ निफ्टेम परिसर का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस एमओयू का मुख्य उद्देश्य वैज्ञानिक प्रगति में योगदान करते हुए उभरती हुई चुनौतियों से निपटने के लिए संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं की सुविधा प्रदान करना है। इस एमओयू से दोनों संगठनों के बीच आपसी सहयोग और गतिविधियों के लिए रोमांचक अवसर प्राप्त होंगे। निफ्टेम के निदेशक डॉ. हरिन्दर सिंह ओबरॉय ने कहा कि इस एमओयू के तहत बहुमुखी सहयोग और विनिमय कार्यक्रमों के माध्यम से दोनों संस्थानों के छात्रों एवं संकायों के बीच विचारों का आदान-प्रदान करने, एक जीवंत शैक्षणिक वातावरण को बढ़ावा देने, विशेष सुविधाओं तथा उपकरणों को सांझा करने और अनुसंधानात्मक बुनियादी ढ़ांचे व ज्ञान का प्रसार करने के लिए संयुक्त रूप से सेमीनार, कार्यशालाएं, सम्मेलन आदि आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस समय मेलबर्न यूनिवर्सिटी ऑस्ट्रेलिया में प्रथम और क्यूएस रैंकिंग में 14वें स्थान पर है।

## निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संबंधित उम्मीदवार व पार्टी के खाते में जोड़ा जाएगा सोशल मीडिया पर प्रचार-प्रसार का खर्चा

अटल हिंद संवाददाता

भिवानी। लोकसभा चुनाव को जिला में पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से गंभीर है। आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना को लेकर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार साइबर सैल सहित विभिन्न टीमों द्वारा सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित विज्ञापनों का खर्चा भी संबंधित उम्मीदवार या पार्टी के खाते में जोड़ा जाएगा। आचार संहिता के दौरान कोई भी उम्मीदवार व पार्टी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भ्रामक चुनाव सामग्री का प्रसारण नहीं कर सकते। आदर्श चुनाव आचार संहिता की उल्लंघना नहीं होने दी जाएगी, यदि कोई ऐसा करता है तो उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। आचार संहिता की पालना को लेकर विभिन्न टीमों का गठन किया गया है। इन टीमों द्वारा कड़ी निगरानी की जा रही है। टीमों की यूट्यूब, इस्ट्राग्राम, फेसबुक व वाट्सएप ग्रुप आदि सोशल मीडिया पर भी पैनी नजर है। उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान अखबार, टेलीविजन व रेडियो की तरह सोशल मीडिया पर भी चुनाव के दौरान प्रचार किया जाता है, जिस पर राशि खर्च होती है। यह खर्च संबंधित प्रत्याशी या पार्टी के खाते में जोड़ा जाता है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों पर जिला में गठित टीमें इस बार चुनाव के दौरान सोशल मीडिया पर भी नजर रखेंगी और किसी भी तरह का विज्ञापन मिलने पर उसकी रिपोर्ट खर्च के ब्यौरे सहित खर्चा निगरानी टीम को देंगी। रिपोर्ट के आधार पर संबंधित उम्मीदवार या पार्टी के खाते में उस विज्ञापन का खर्चा जोड़ दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि हाल ही में हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्पष्ट किया है कि चुनाव के दौरान सोशल मीडिया की निगरानी भी बहुत जरूरी है। सोशल मीडिया पर भी कई बार चुनाव के दौरान यू-ट्यूब वीडियो प्लेटफॉर्म आदि पर उम्मीदवार व पार्टी चुनाव का प्रचार करते हैं।

## खानदान मोहल्ला खुशहाला नरवाना प्रबंधक समिति के प्रधान बने राजेंद्र पाल गुप्ता

अटल हिंद संवाददाता



नरवाना, 18 अप्रैल। प्राचीन हनुमान मन्दिर नरवाना में खानदान मोहल्ला खुशहाला की एक बैठक जगन्नाथ गर्ग प्रधान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । इस बैठक में जगन्नाथ गर्ग ने निजी कारणों से प्रधान पद से त्यागपत्र दिया। उनके निवेदन को स्वीकार करते हुए उनके कार्यकाल की प्रशंसा की गई। इसके साथ साथ नए प्रधान के चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। कृष्ण गर्ग ने नए प्रधान पद हेतु महाश्य राजेंद्र पाल गुप्ता का नाम प्रस्तुत किया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति उनके नाम का अनुमोदन किया और उनको सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया। सभी ने राजेंद्र पाल गुप्ता नए प्रधान को बधाई दी। उल्लेखनीय है कि समाजसेवी राजेंद्र पाल गुप्ता राधेश्याम गऊ आश्रम ट्रस्ट के महासचिव एवं नरवाना ग्राम स्वर्गाश्रम समिति के प्रधान की जिम्मेवारी कई वर्षो से सुचारू रूप से संभालते हुए समाज सेवा में अग्रणीय भूमिका निभा रहे हैं। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने विश्वास व्यक्त किया कि अब खानदान के सेवा प्रकल्प प्राचीन हनुमान मंदिर, दादी रानी सती हथो एवं नई धर्मशाला के सुचारू रूप से विकास कार्य में राजेंद्र पाल गुप्ता के नेतृत्व में और अधिक प्रगति होगी ।

## हकेवि के विद्यार्थियों ने किया दिल्ली मेट्रो रेल अकादमी का औद्योगिक भ्रमण

अटल हिंद/संवाददाता



महेंद्रगढ़ 18 अप्रैल हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के विद्यार्थियों ने दिल्ली मेट्रो रेल अकादमी का औद्योगिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को मेट्रो प्रणाली से जुड़े व्यावहारिक व तकनीकी पक्षों से अवगत कराना था। इस भ्रमण में विद्यार्थियों के साथ विश्वविद्यालय के शिक्षक प्रो. विकास गर्ग, इंजीनियर सन्नी तंवर, डॉ. अभिषेक जिंदल व डॉ. विकास कुमार भी उपस्थित रहे।

प्रो. विकास गर्ग ने बताया कि दिल्ली मेट्रो विश्व का एक बेहतरीन रेल नेटवर्क सिस्टम है और इस औद्योगिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को मेट्रो प्रणाली से जुड़ी विभिन्न परिचालन व तकनीकी बारीकियों से अवगत कराना था। उन्होंने कहा कि इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को मेट्रो प्रणाली से जुड़ें इंजीनियर्स व अन्य कर्मचारियों से भी सीधे संवाद का अवसर प्राप्त हुआ।

## नगर पालिका जाखल ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

अटल हिंद संवाददाता



जाखल। जाखल में दुकानदारों द्वारा अवैध तौर पर किए अतिक्रमण के प्रति नगर पालिका जाखल की तरफ से कड़ा रुख अपनाते हुए कार्यवाही को अंजाम दिया । नगरपालिका कर्मियों ने दुकानों के आगे रखे सामान को भी अपने कब्जे में ले लिया।

नगरपालिका जाखल बिल्डिंग इंस्पेक्टर अंकुर मलिक ने बताया कि नगरपालिका जाखल द्वारा इस संबंध में मुनादी भी करवाई गई थी लेकिन कई दुकानदारों ने इस पर कोई अमल नहीं किया। उन्होंने बताया कि वीरवार को नगर पालिका कर्मियों के सहयोग से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही को अंजाम देते हुए दुकानों के आगे रखे सामान को अपने कब्जे में लिया है। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण के प्रति नगर पालिका की ओर से ऐसी कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान कई दुकानदारों ने रोष प्रकट करते हुए नगर पालिका कर्मियों पर भेदभाव करने का आरोप भी लगाया। वहीं बिल्डिंग इंस्पेक्टर अंकुर मलिक ने बताया कि नगर पालिका स्टाफ द्वारा किसी भी दुकानदार के साथ कोई भेदभाव न किया है ।